

पांच साल में तिरुमाला में हुए अपवित्र... 12

गाढ़ी कमाई पर डाका डालने वाले साइबर अपराधियों...03

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 337
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
सोमवार | 23 सितंबर, 2024

मोदी के कंधे पर हाथ रखकर बाइडेन बोले, क्वाड बना रहेगा, यूएनएससी में भारत की परमानेंट सीट का समर्थन किया

हम किसी के खिलाफ नहीं: मोदी

- अमेरिकी राष्ट्रपति के घर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, बाइडन ने गर्मजोशी से किया स्वागत
- बाइडन ने की पीएम मोदी की यूक्रेन यात्रा की तारीफ, बोले, हम भारत की शांति पहल के समर्थन में

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। डेलावेयर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका दौरे के पहले दिन शनिवार (21 सितंबर) को राष्ट्रपति बाइडेन के होम स्टेट डेलावेयर पहुंचे। यहां वे देर रात 1.30 बजे (भारतीय समयानुसार) अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज और जापान के पीएम फूमियो किशिदा के साथ क्वाड (क्वाड्रिलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग) समिट में शामिल हुए। बैठक के बाद क्वाड लीडर्स के फोटोशूट में बाइडेन से अमेरिकी चुनाव के बाद संगठन के अस्तित्व को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर बाइडेन ने पीएम मोदी के कंधे पर हाथ रखकर कहा कि क्वाड चुनाव के बाद भी बना रहेगा। समिट के दौरान पीएम मोदी ने कहा, यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब दुनिया संघर्षों से घिरी है। ऐसे में क्वाड का साथ मिलकर चलना जरूरी है। हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, क्षेत्रीय अखंडता और सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं।

क्वाड देशों के संयुक्त बयान की बड़ी बातें

- ईस्ट और साउथ चाइना सी की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। कोस्ट गार्ड और सैन्य जहाजों के खतरनाक इस्तेमाल की निंदा की गई। समुद्री सीमा से जुड़े विवादों को यूएनसीएलओएस के नियमों के तहत निपटाने के लिए कहा गया है।
- नॉर्थ कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम की निंदा की गई। नॉर्थ कोरिया से अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम को बंद करके, बातचीत की टेबल पर लौटने के लिए कहा गया है। कोरियाई प्रायद्वीप से परमाणु हथियारों को खत्म करने पर भी जोर दिया गया।
- रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी चिंता जताई गई। अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को ध्यान में रखते हुए समाधान निकालने की बात कही गई।
- सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की गई है। इसमें क्रॉस बॉर्डर आतंकवाद, मुंबई के 26/11 हमले, पठानकोट आतंकी हमला और 9/11 के आतंकी हमलों का भी जिक्र किया गया।
- यूएन में सुधारों को लेकर भी संयुक्त बयान में जोर दिया गया। सुधारों के जरिए यूएन को समावेशी और अधिक प्रभावशाली बनाने पर प्रतिबद्धता जताई गई। यूएनएससी में अफ्रीकी, एशियाई, लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों को शामिल करने की बात कही गई।

चीन से निपटने के लिए साथ आए 4 देश

क्वाड 2007 में बनाया गया एक सुरक्षा सहयोग संगठन है, जिसका मकसद हिंद और प्रशांत महासागर में शांति और सहयोग को बढ़ावा देना और चीन की विस्तारवादी नीतियों को काउंटर करना है। इस संगठन में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। क्वाड समिट इस साल भारत में होनी थी, पर अमेरिका की रिक्वेस्ट पर इसे होस्ट करने का मौका बाइडेन को दे दिया गया।

भारत से टीके की 40 मिलियन खुराक की आपूर्ति करेगा

उन्होंने कहा कि गावी और क्वाड कार्यक्रमों के तहत भारत से टीके की 40 मिलियन खुराक की आपूर्ति से हिन्द-प्रशांत क्षेत्र के देशों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब क्वाड कार्य करता है, तो यह केवल राष्ट्रों के लिए ही नहीं होता है बल्कि यह लोगों के लिए होता है और यही इसके मानव-केन्द्रित दृष्टिकोण का असली सार है। भारत डिजिटल स्वास्थ्य से संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक पहल में अपने 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान के माध्यम से कैंसर की जांच, देखभाल और निरंतरता के लिए डीपीआई पर हिन्द-प्रशांत क्षेत्र के इच्छुक देशों को तकनीकी सहायता भी प्रदान करेगा। कैंसर मूनशॉट पहल के माध्यम से, क्वाड नेताओं ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र के देशों में ग्रीवा के कैंसर की देखभाल और उसके उपचार से जुड़े इकोसिस्टम में अंतराल को पाटने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर एक 'जॉइंट कैंसर मूनशॉट फैक्ट शीट' जारी की गई।

ऑस्ट्रेलियाई पीएम बोले, क्वाड के लिए भारत की मेजबानी का इंतजार

इससे पहले डेलावेयर में राष्ट्रपति बाइडेन के हाई स्कूल में क्वाड समिट हुई। बैठक के दौरान पीएम मोदी ने चीन का नाम लिए बिना कहा कि हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। स्वतंत्र और समावेशी इंडो-पेसिफिक हमारी प्राथमिकता है। क्वाड साझेदारी और सहयोग के लिए है और यह संगठन लंबे समय तक बना रहेगा। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने क्वाड सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा- अगले साल पीएम मोदी क्वाड समिट की मेजबानी करेंगे। मैं उस पल का इंतजार कर रहा हूं। क्वाड का इतिहास लंबा नहीं है, यानी यह परंपराओं से बंधा नहीं है। हम जिस क्षेत्र (इंडो पेसिफिक) का प्रतिनिधित्व करते हैं, वो सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र है। वहीं बाइडेन ने बैठक में कहा, 卐हम लोकतांत्रिक देश हैं जो जानते हैं कि काम कैसे पूरा करना है। मैंने अपने कार्यकाल की शुरुआत में ही क्वाड को ज्यादा प्रभावशाली बनाने के लिए आप से संपर्क किया। आज 4 साल बाद हम रणनीतिक तौर पर पहले से कहीं अधिक एकजुट हैं।卐 इसके बाद बाइडेन ने क्वाड देशों के कोस्ट गार्ड के बीच सहयोग बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब से क्वाड की तरफ से दी जाने वाली फैलोशिप में साउथ ईस्ट एशियाई देशों के छात्रों को भी शामिल किया जाएगा।

बाइडेन ने गले लगाकर किया मोदी का स्वागत

समिट से पहले पीएम मोदी ने शनिवार रात राष्ट्रपति बाइडेन से डेलावेयर स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। बाइडेन ने मोदी का गले लगाकर स्वागत किया। इसके बाद दोनों के बीच करीब 1 घंटे द्विपक्षीय बैठक हुई। बाइडेन ने पीएम मोदी के यूक्रेन और पोलैंड दौरे की तारीफ की। इसके अलावा बाइडेन ने संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी सदस्यता का भी समर्थन किया। दोनों नेताओं के बीच ड्रोन डील पर भी बात हुई। बाइडेन ने भारत के साथ इस डील का स्वागत किया। भारत अमेरिका से 31 एमक्यू-9बी स्काई गार्जियन और एसईए गार्जियन ड्रोन खरीदने की प्रक्रिया में है। इन ड्रोन की कीमत करीब 3 बिलियन डॉलर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोदी के अमेरिका पहुंचने से चंद घंटे पहले व्हाइट हाउस ने खालिस्तान समर्थकों की मेजबानी की। अमेरिकी सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वे सिख एक्टिविस्ट्स को दूसरे देशों के दमन से बचाएंगे

सर्विकल कैंसर से निपटने के लिए साथ आए क्वाड मेंबर्स, भारत 4 करोड़ वैक्सीन मुफ्त देगा

इंडो-पेसिफिक में सर्विकल कैंसर के बढ़ते खतरे को देखते हुए डेलावेयर में कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें क्वाड देशों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि हर साल इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में 1.5 लाख महिलाओं की मौत सर्विकल कैंसर से होती है। हम आगे इन्हें अब और नहीं होने देंगे। इसके बाद पीएम मोदी ने इंडो-पेसिफिक के देशों की मदद के लिए सर्विकल कैंसर की 4 करोड़ वैक्सीन मुफ्त देने की घोषणा की। उन्होंने कहा, भारत दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम चला रहा है। भारत ने सर्विकल कैंसर के लिए अपनी वैक्सीन भी बनाई है। भारत अपने अनुभव और विशेषज्ञता को शेयर करने के लिए तैयार है।卐 इसके अलावा पीएम मोदी ने वन अर्थ वन हेल्थ का फॉर्मूला भी दिया। साथ ही उन्होंने 7.5 मिलियन डॉलर की कीमत के सैंपलिंग किट, डिटेक्शन किट और वैक्सीन देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी ने जापान और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

पीएम मोदी ने बाइडन की पहल की सराहना की: शनिवार को डेलावेयर में क्वाड लीडर्स समिट के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा आयोजित कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह पहल हिंद-प्रशांत देशों में लोगों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में एक लंबा रास्ता तय करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रीवा के कैंसर को रोकने, उसका पता लगाने व इलाज करने के उद्देश्य से राष्ट्रपति बाइडन की इस विचारशील पहल की बेहद सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हिन्द-प्रशांत देशों में लोगों को किफायती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य संबंधी देखभाल प्रदान करने में काफी मदद करेगा।

चित्रकूट मंडल के आध्यात्मिक व पर्यटक स्थलों के विकास पर सरकार का फोकस

- उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सौंपा गया है इन सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने का जिम्मा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार का प्रदेश में पर्यटन विकास पर सर्वाधिक जोर है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश तेजी से एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में, पर्यटन के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश के मोस्ट फेवर्ड डेस्टिनेशन के तौर पर स्थापित हो रहा है। प्रदेश देश तथा विदेश के सैलानियों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और इस प्रक्रिया में और बढ़ोत्तरी हो इसलिए योगी सरकार द्वारा विभिन्न मंडलों में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में, चित्रकूट मंडल के जिलों में भी पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख विकास व निर्माण कार्यों को गति देने की रूपरेखा तय कर ली गई है। परियोजना के अंतर्गत चित्रकूट के प्रसिद्ध रामघाट के सौंदर्यीकरण, विकास व चौड़ीकरण की प्रक्रिया को 18.30 करोड़ की लागत से पूरा किए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं, चित्रकूट के लालापुर व बांदा में कलिंजर फोर्ट के समीप टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, महोबा में सालट फोर्ट के समीप पार्किंग व टूरिस्ट फैसिलिटीज को बढ़ाने पर भी काम किया जाएगा। इन सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सौंपी गई है।

कायाकल्प की मिसाल बनेगा रामघाट का सौंदर्यीकरण

सीएम योगी के विजन अनुसार, चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के किनारे स्थित रामघाट पर बड़े स्तर पर सौंदर्यीकरण प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। यह कार्य इस प्रकार होगा कि यह सांस्कृतिक व शहरी कायाकल्प की मिसाल पेश करेगा। मान्यता है कि यह वही स्थल है जहां गोस्वामी तुलसीदास जी को प्रभु श्रीराम के दर्शन हुए थे। ऐसे में, इस स्थल की आध्यात्मिक व ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित करते हुए उसे मॉडर्न सिविक एमेनिटीज से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

यूपी में सेहत और आस्था से नहीं होने दिया जाएगा खिलवाड़

तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट का खुलासा होने के बाद योगी सरकार उत्तर प्रदेश के बड़े मंदिरों में प्रसाद में किसी तरह की मिलावट और धांधली नहीं होने देना चाहती

- सरकारी मशीनरी हरकत में आई, प्रसाद की मॉनिटरिंग की शुरुआत प्रदेश की राजधानी के बड़े मंदिरों में एक हनुमान सेतु मंदिर से हुई
- अब यह प्रक्रिया प्रदेश भर के मंदिरों के आसपास बिकने वाली मिठाई पर लागू होगी

जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा

लखनऊ। तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट का खुलासा होने के बाद योगी सरकार उत्तर प्रदेश के बड़े मंदिरों में प्रसाद में किसी तरह की मिलावट और धांधली नहीं होने देना चाहती। सीएम योगी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि लोगों की आस्था और सेहत से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। इसलिए सरकारी मशीनरी हरकत में आ गई है। प्रसाद की मॉनिटरिंग की शुरुआत प्रदेश की राजधानी के बड़े मंदिरों में एक हनुमान सेतु मंदिर से हुई। सूत्रों के अनुसार अब यह प्रक्रिया प्रदेश भर के मंदिरों के आसपास बिकने वाली मिठाई पर लागू होगी। राजधानी लखनऊ के सबसे प्रसिद्ध हनुमान सेतु मंदिर में मौजूद प्रसाद की दुकानों पर एफएसडीए की टीम ने छापेमारी की और यहां से प्रसाद का सैंपल एकत्रित किया। साथ ही, शहर के अन्य बड़े मंदिरों के प्रसाद की भी जांच हो रही है। मंदिरों में यह प्रसाद कैसे बनता है, इसकी शुद्धता क्या है सभी पहलुओं का मूल्यांकन होगा। तिरुपति बालाजी के प्रसाद में मिलावट की बात सामने आते ही भक्तों के मन में भी संदेह पैदा होने लगा है। उन्हें अब इस बात का डर है कि जब देश के इतने बड़े मंदिर के प्रसाद में धांधली हो सकती है तो कहीं जिस मंदिर में वह प्रसाद चढ़ाते हैं, उसमें भी कहीं ऐसी मिलावट न हो रही हो।

टीम पहुंची तो मचा हड़कंप, प्रसाद का सैंपल भी लिया

हनुमान सेतु मंदिर पर जब एफएसडीए की टीम यहां मौजूद प्रसाद की दुकानों की जांच करने पहुंची तो हड़कंप मच गया। प्रसाद का सैंपल भी ले लिया गया है जिसकी जांच के बाद यहां की शुद्धता भी सामने आ जाएगी। हालांकि यहां मौजूद दुकानदारों ने बताया कि हर 3 महीने में उनकी दुकानों की जांच होती है, वह खुद भक्तों की भावनाओं से नहीं खेलना चाहते।

क्या बोले दुकानदार

दुकानदारों ने कहा कि बेसन और चीनी घर में बनाते हैं जिस घी का वह इस्तेमाल करते हैं, उसकी पूरी तरह से जांच करते हैं। उन्हें किसी बात का डर नहीं है वह कोई भी गलत काम नहीं कर सकते।

मंदिरों में चढ़ने वाले प्रसाद की जांच होगी

तिरुपति में मिलावटी प्रसाद मिलने के बाद यूपी के वाराणसी और प्रयागराज समेत कई शहरों के प्रमुख मंदिरों के बाहर बिक रहे प्रसाद की जांच कराई जा रही है। जल्दी प्रदेश के सभी जिलों में यह प्रक्रिया लागू होगी।

रिपोर्ट सीएम योगी के निर्देश पर दुर्दांत अपराधियों, अवैध नशे के सौदागरों, हथियार तस्करों समेत नकल माफिया के खिलाफ की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई

साढ़े सात वर्षों में 7015 कुख्यात अपराधियों पर 'गरजी' योगी की एसटीएफ, 49 मुठभेड़ में ढेर

- प्रदेश के 872 दुर्दांत अपराधियों और 379 साइबर अपराधियों को भेजा गया सलाखों के पीछे
- योगी की एसटीएफ ने 559 से अधिक हत्या, अपहरण और लूट की घटनाओं को घटित होने से पहले ही रोका
- पेपर लीक से संबंधित 193 गैंग के 926 अभियुक्तों के खिलाफ की गई कार्रवाई, 3970 संगठित अपराधी अरेस्ट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

योगी सरकार प्रदेश में 'जीरो टॉलरेंस नीति' के तहत अपराध और अपराधियों की लगातार कमर तोड़ रही है। इसी के तहत यूपीएसटीएफ ने प्रदेश के दुर्दांत अपराधियों, अवैध नशे के सौदागरों, हथियार तस्करों, साइबर अपराधियों समेत परीक्षा माफिया के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने पिछले साढ़े सात वर्षों में प्रदेश में 7 हजार से अधिक कुख्यात और इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 49 कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। वहीं, बड़ी मात्रा में अवैध हथियार, नशीला पदार्थ, प्रतिबंधित जानवरों की खाल व हड्डियां भी बरामद की हैं। इसके अलावा, एसटीएफ ने अपनी सूझबूझ से 559 से अधिक अपराधिक घटनाओं को घटित होने से पहले ही रोककर अपराधियों की योजना को नाकाम कर दिया। एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप, प्रदेश में अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए एसटीएफ की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, एसटीएफ ने पिछले साढ़े सात वर्षों में कुल 7,015 कुख्यात और इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है जबकि इस दौरान 49 अपराधी मारे गये। इन सभी पर 10 हजार से लेकर 5 लाख का इनाम घोषित था। इसके अलावा, जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सजगता और सतर्कता के फलस्वरूप 559 से अधिक अपराधिक घटनाओं को घटित होने से पहले रोका गया। इसमें जनप्रतिनिधि, प्रतिष्ठित व्यक्ति, आम नागरिकों के अपहरण, लूट, हत्या जैसे अपराध की घटनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही 3970 संगठित अपराधियों को अरेस्ट किया गया।

पेपर लीक में लिप्त 193 गिरोह के 926 सरगना व सॉल्वरों के खिलाफ की गई कार्रवाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एसटीएफ ने पिछले साढ़े सात वर्षों में परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक जैसी धांधली को रोकने एवं जड़ से खत्म करने के लिए 193 गिरोहों के 926 सरगना और साल्वरों के खिलाफ कार्रवाई की। एसटीएफ की इस कार्रवाई से युवाओं में योगी सरकार की साख बढ़ी है। वहीं, साइबर अपराधों में लिप्त 379 साइबर अपराधियों को भी दबोचा गया है। इसके अलावा, अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर 189 अपराधियों की गिरफ्तारी कर उनके कब्जे से 2080 अवैध शस्त्र और 8229 अवैध कारतूस बरामद किये गये हैं। एसटीएफ ने अवैध शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पंजाब, हरियाणा समेत कई राज्यों से शराब की तस्करी करने वाले 523 शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे 80579 पेटी शराब, 330866 लीटर रेक्टिफाइड स्प्रिंट और 7560 लीटर तैयार देशी शराब बरामद की गयी है।

अवैध नशे के 1083 सौदागरों को किया गया अरेस्ट, 6.1 किलो ब्राउन शुगर बरामद

एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक सिंह ने बताया कि एजेंसी ने मादक पदार्थों के अवैध व्यवसाय में लिप्त 1082 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 91147.48 किलो गांजा, 2054.651 किलो चरस, 19727.1 किलो डोडा/पोस्ता, 7.06 किलो मॉरफीन, 723.758 किलो स्मैक, 21.521 किलो हेरोइन, 181.012 किलो अफीम, 6.1 किलो ब्राउन शुगर, 6.938 किलो मैथाड्रोन और 280899 अद?द प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद की गयी। इस दौरान मादक पदार्थों के परिवहन में प्रयुक्त वाहनों की भी बरामदगी करते हुए उचित कार्रवाई की गई। वहीं, प्रतिबन्धित वन्य जीवों का शिकार कर उनकी तस्करी करने वाले विभिन्न गिरोह के 170 अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 341 किलो कछुआ कैलीपी, 2 पैगोलिन, 1 बाघ की खाल, 18 किग्रा बाघ की हड्डी, 2 अदद हाथी दांत, 8011 कछुए, 4922 प्रतिबंधित पक्षी, 1 लकड़बग्धे का कंकाल, 20 अदद ग्रे लंगूर, 1 तेंदुए की खाल, 4.12 किलो अम्बरगेरिस, 1 पैंगोलीन स्कलप, 4 जंगली शूकर के दाँत, 563.1 किग्रा लाल चन्दन की लकड़ी, 44 हाथी दांत से बनी वस्तुएं, 25 अदद तेंदुए के दांत, 24 अदद तेंदुए के नाखून, 110 सियार सिंगी, 140 इंद्रजाल के पेड़, 1 बाघ का ढांचा, 1 अजगर और 1 स्नेक बरामद किया गया। वहीं, इनके लिए प्रयुक्त किये जाने वाले वाहन, नगद धनराशि आदि की भी बरामदगी की गयी। इस दौरान एसटीएफ ने कुल 2670 सराहनीय कार्य किये।

प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की रुक सकती है सितंबर माह की सैलरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

चल-अचल संपत्ति का ब्योरा न देने वाले राज्य कर्मचारियों के साथ ही अब उनके आहर-वितरण अधिकारी (डीडीओ) का भी वेतन रोका जाएगा। इस संबंध में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने नया शासनादेश जारी कर दिया है। मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति की घोषणा की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। अभी तक 84 हजार राज्य कर्मचारियों ने अपनी संपत्ति का खुलासा नहीं किया है। जारी शासनादेश के अनुसार, राज्य कर्मियों को पोर्टल पर संपत्ति का ब्योरा दर्ज करने के लिए 30 सितंबर तक अंतिम अवसर दिया गया है। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि संपत्ति का ब्योरा देने वाले राज्य के कर्मचारियों और अधिकारियों को ही सितंबर का वेतन मिलेगा। लेकिन, 12 सितंबर तक 844374 में से 719807 कर्मचारियों-अधिकारियों ने ही अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया है। यहां बता दें कि शासनादेश में 12 सितंबर तक के उपलब्ध आंकड़े लिए गए हैं।

49 परीक्षा केन्द्रों में हुआ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। आओ करके सीखें ग्रुप द्वारा रविवार को जनपद के 49 परीक्षा केन्द्रों में सामान्य ज्ञान चित्रकला, मेहंदी, निबंध की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिताएं चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी, जन सेवा इण्टर कॉलिज कर्वी, ज्ञान भारती इण्टर कॉलिज कर्वी, पोद्दार इण्टर कॉलिज कर्वी, तुलसी इण्टर कॉलिज राजापुर, पालेश्वर नाथ इण्टर कॉलिज पहाडी, श्री रघुवीर कन्या इण्टर कॉलिज पहाडी, संत रीता इण्टर कॉलिज मानिकपुर, लैना बाबा इण्टर कॉलिज शिवरामपुर आदि 49 विद्यालयों में आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में जिलाधिकारी अपनी बेटी को लेकर पहुंचे?। चित्रकूट इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने परीक्षाओं का निरीक्षण किया। प्रथम चक्र की परीक्षा में सामान्य ज्ञान के 20000, चित्रकला के 5000, मेहंदी के 2000 और निबंध के 1000 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से फूलचंद चंद्रवंशी, राम बच्चन सिंह, डॉ रमेश सिंह, लालमन कुशवाहा, रमाशंकर, दिनेश सिंह, बृजेश सिंह, विनोद सिंह, श्याम बिहारी, सचिन पटेल, कुबेर सिंह, महेंद्र सिंह, हरिओम पटेल, प्रदीप शुक्ला, मुकेश कुमार, लक्ष्मी, विनीत आदि मौजूद रहे।

डीएम ने ली राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में राजस्व विभाग के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कैम्प कार्यालय में हुई। बैठक में आईजीआरएस, धारा 116, धारा 80, धारा 67, धारा 24 आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के बारे में जानकारी ली। साथ ही निर्देशित किया कि जो जन समस्याओं से असंतुष्ट हैं, उनसे दूरभाष पर वार्ता कर निस्तारण कराए। उन्होंने कहा कि जब आप लोग आख्या अपलोड करते हैं तो अपलोड करते समय दोबारा पढे जन समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। कहा कि आईजीआरएस में सक्रिय होकर इसका निस्तारण कराए। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि शासन के छवि खराब कर रहे हैं, अगर प्रगति ठीक नहीं हुई तो आप लोगों के विरुद्ध शासन को पत्र लिखा जाएगा। जिलाधिकारी ने 5 साल व 3 साल के ऊपर के मुकदमों के सम्बन्ध में कहा कि इसमें जो लम्बित हैं, जल्द से जल्द इसका निस्तारण कराए। धारा 24 के अंतर्गत उन्होंने कहा कि इसमें वरासत बैनामा होता है, किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। आय, जाति, निवास के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सभी तहसीलदार व उप जिलाधिकारी को निर्देशित किए कि शासन की तरफ से जो समय सीमा निर्धारित की गयी है, उसी के समयानुसार निस्तारण कराए, किसी की शिकायत नहीं आनी चाहिए। ई खसरा खतौनी के सम्बन्ध में कहा कि इसमे स्थिति खराब है, प्रगति कराएं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी सदर पूजा साहू, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह आदि मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को 103 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अभिषेक कुमार सिंह तथा आरक्षी रणवीर सिंह द्वारा दयाशंकर निवासी गोडा को 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अजय बहादुर सिंह तथा आरक्षी अमित द्विवेदी द्वारा अवध बिहारी निवासी उसमा थाना अतर्रा जनपद बांदा को 41 क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा सुरिन्दी निवासी पवनिया थाना रमनाबाद जिला कटनी मध्य प्रदेश को 40 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

विख्यात एतिहासिक स्मारक चौरासी गुम्बद परिसर को सुंदर बनाने की कवायद तेज

जन एक्सप्रेस। उरई/कालपी

*** पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद**

पयर्टकों तथा आम जनता को आकर्षित करने के लिए प्राचीन ऐतिहासिक तथा प्राचीन महत्व के चौरासी गुंबद को सुंदर स्वरूप प्रदान करने के लिए भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के द्वारा योजना तैयार की गई है।

मालूम हो कि कालपी नगर से सटे फोरलेन हाईवे के किनारे स्थित लोदी शाह बादशाह का मकबरा चौरासी गुंबद 15-16 वीं शताब्दी का प्राचीन स्मारक है, यह प्राचीन गुंबद नुमा स्मारक 21 मीटर ऊंचाई की बनी हुई है। वर्तमान समय में भारत सरकार का पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के द्वारा इसको संरक्षित किया जा रहा है। स्मारक में विभाग के द्वारा एमटीपी कर्मचारी अशफाक अहमद तथा रमेश कुमार की तैनाती चल रही है। स्मारक के किनारे का क्षतिग्रस्त हिस्से को विभाग के संरक्षण में कानपुर की ठेकेदार कंपनी के द्वारा मरम्मतीकरण का कार्य चल रहा है। प्राचीन महत्व के चौरासी गुंबद को देखने के लिए कालपी तथा आसपास के लोग रोजाना सैकड़ो की संख्या में आते हैं। प्राचीन महत्व के चौरासी गुंबद को देखने के लिए कालपी तथा आसपास के लोग रोजाना सैकड़ो की संख्या में आते हैं। पयर्टकों तथा जनता को लुभाने के लिए विभाग के द्वारा योजना तैयार की गई है। स्मारक में रंगीन लाइटें, सुंदर फलदार वृक्ष तथा घास आदि को स्थापित कर दर्शनीय बनाने की योजना है। स्मारक को दर्शनीय स्थल बनाने के लिए निकट भविष्य में टिकट की योजना भी लागू हो सकती है।

राम-लक्ष्मण की अलौकिक छवि का कलाकारों ने किया मंचन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

रामलीला के छठवें दिन फुलवारी लीला का मंचन कलाकारों ने प्रस्तुत किया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन नीलम करवरिया व राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण की आरती की। मुख्यालय के तरौंहा में चल रहे रामलीला महोत्सव में फुलवारी लीला का मंचन हुआ। ऋषि विश्वामित्र के साथ प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण ने वनगमन के दौरान शाप से शिला बनीं अहिल्या का उद्धार किया। इसके बाद मिथला नगर पहुंचे। नगर भ्रमण के दौरान मिथला वासी दोनों की छवि निहारते रहे। फुलों के बगीचा में जाकर तरह-तरह के फूलों को देखा। इस दौरान प्रभु श्रीराम की भेंट सीता से हुई। दोनों की अलौकिक छवि का अनूठा मंचन कलाकारों ने प्रस्तुत किया। जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध रहे। रामलीला में हास्य कलाकार की कलाएं लोगों को हंसने के लिए मजबूर किया।

अपर जिलाधिकारी ने किया मऊ तहसील का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट

अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने शनिवार को मऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद तहसील का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी अभिलेख दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने मऊ के नवागंतुक उप जिलाधिकारी सौरभ यादव के साथ मऊ तहसील का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखागार में कई रजिस्टर देखने के बाद निर्देश दिए कि सभी अभिलेख सुरक्षित और दुरूस्त रखें जाए। साथ ही सफाई व्यवस्था भी दुरूस्त रखी जाए। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार न्यायालयों में लम्बित पुराने मुकदमों को सूचीबद्ध करके गुण दोष के आधार पर निष्पक्षता के साथ निस्तारित किया जाए। सभी राजस्व कर्मचारी अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से जाएं। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को परेशान न होना पड़े। इस मौके पर मऊ तहसीलदार विजय कुमार यादव व नायब तहसीलदार जितेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

तालाब में नहाने गए चार किशोरों में दो की डूबकर मौत, दो पहुंचे अस्पताल

जन एक्सप्रेस। उरई

जालौन नगर क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खीबाल में स्थित तालाब में नहाने गए चार किशोरों में दो की डूबकर मौत हो गई। जबकि दो लोगों को मौजूद लोगों ने बाहर निकाल कर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। रिस्ते में परिवार के ही चचेरे भाई बताए जा रहे मृतक किशोर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खी बाल निवासी सोहिल 10 वर्ष पुत्र कल्लू, अकरम 11 वर्ष पुत्र नाजिर अली, आरिफ 9 वर्ष पुत्र कलाम अली और एक अन्य दोस्त सहित चारों दोस्त एक साथ मोहल्ले में ही स्थित तालाब में नहाने गए थे। बताया गया है कि चारों किशोरो ने नहाने के लिए तालाब में छलांग लगा दी, और नहाते समय गहराई में जाने डूब गए। किशोरो को तालाब में डूबता देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और उन्होंने बचाने के लिए तालाब में छलांग लगाकर डूब रहे सभी किशोरों को बाहर निकाला और उन्हें तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने अकरम पुत्र नजीर अली व सोहिल को मृत घोषित कर दिया। जबकि आरिफ और एक अन्य किशोर हादसे में बाल बाल बच गए। जिन्हें इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई, कोतवाल वीरेंद्र कुमार पटेल मौके पर पहुंचे और उन्होंने बारीकी से मामले की जांच करने के बाद दोनों किशोरों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ की इस घटना की जांच शुरू कर दी है।

पितृ पक्ष में पौधे लगाकर पूर्वजों को दें सच्ची श्रद्धांजलि: अजीत सिंह

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पितृ पक्ष में पूर्वजों के नाम पौधरोपण करने के लिए बुंदेली सेना ने ग्रामीणों के बीच 51 पौधों का वितरण किया। सभी से अपील किया कि एक पौधा लगाकर पूर्वजों को सच्ची श्रद्धांजलि दें।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि उनके बाबा रेंजर रामखेलावन सिंह ने आम के बाग लगाए थे। आज उस बाग से बाबा की यादें जीवंत हैं। एक पेड़ सौ पुत्रों के समान बताया गया है। सभी को कम से कम एक पेड़ लगाकर उसे बड़ा करना चाहिए। जिनके पास खेत और जमीन नहीं है, उन्हें सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण करने चाहिए। व्यापारियों को दुकान के सामने डिवाइडर में जालीदार पौधे लगाकर उनकी रक्षा सुरक्षा करनी चाहिए। बच्चों के जन्म दिन को यादगार बनाने से लेकर पूर्वजों के नामपर पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। दिनोदिन ग्लोबल वार्मिंग का खतरा बढ़ रहा है। भीषण गर्मी की चपेट से पेड़ पौधे ही बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वह पितृ पक्ष में हर साल पौधों का वितरण करते हैं ताकि लोग अपने पूर्वजों के नामपर पौध लगाएं। इस बार कर्वी माफी में 51 पौधों का वितरण किया गया। इसमें महुआ, आम, आमरूद, नीबू, अशोक, अनार और अन्य कई प्रजातियों के पौधे शामिल रहे। पितृ पक्ष में ही मंदाकिनी नदी के तट पर भी वन विभाग के सहयोग से पौधरोपण की योजना है। इसके अलावा मुक्तिधाम में भी पौधरोपण कराने की मांग बुंदेली सेना ने वन विभाग से की है।

इस मौके पर कर्वी माफी प्रधान बद्री सिंह पटेल, अशोक सिंह, राजकुमार सिंह, अरविन्द सिंह, गोवर्धन प्रजापति, रामप्रकाश पाल, राजा रैकवार, रामचंद्र कुरील आदि मौजूद रहे।

शैलेंद्र सेंगर ने किया जिले का नाम रोशन

जन एक्सप्रेस। उरई

जिला जालौन के लोगो को गौरवान्वित होने का मौका मिला, जब घरेलू क्रिकेट में गोवा और कर्नाटक के बीच हुए मैच के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अर्जुन तेंदुलकर ने अपनी जीत का श्रेय जालौन के रहने वाले अपने बॉलिंग कोच शैलेंद्र सेंगर को दिया। जैसे ही यह खबर जिले के लोगों को पता चली वह खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

बता दे उत्तर प्रदेश के पूर्व रणजी खिलाड़ी शैलेंद्र सिंह सेंगर जिला जालौन के रहने वाले हैं। हाल ही में उनका चयन गोवा रणजी में बॉलिंग कोच के रूप में हुआ था। अपने खेल से पहले भी कई बार जनपद का नाम रोशन कर चुके है शैलेन्द्र सिंह वर्तमान में गोवा रणजी टीम के बॉलिंग कोच के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उनके सानिध्य में अर्जुन तेंदुलकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडिया टीम के दरवाजे खटखटाए। कर्नाटक व गोवा के बीच हुए मैच में अजुर्न तेंदुलकर ने 9 विकेट लेकर इतिहास रचा। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि वह अपनी सफलता का श्रेय किस देना चाहते हैं तो उन्होंने जवाब में कहा कि वह अपनी सफलता का श्रेय अपने बॉलिंग कोच शैलेंद्र सिंह सेंगर को देना चाहते हैं जिन्होंने कड़ी मेहनत कर उन्हें यह मुकाम दिलाया हैं। इसके साथ ही गेंदबाजी की बारीकियों को सिखाने में काफी मदद की है। गोवा क्रिकेट एसोसिशन के सचिव रोहन गावस देसाई ने भी शैलेंद्र सिंह सेंगर की जमकर तारीफ की वहीं शैलेंद्र सिंह का कहना है कि उन्होंने पूरी जिम्मेदारी और मेहनत से अपने कोच होने का कर्तव्य निभाया हैं, खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से निखरते हैं। फिलहाल शैलेंद्र सेंगर की इस नई उपलब्धि से जनपद के लोग खुद को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि जिले का लड़का क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर के बेटे को कोचिंग दे रहा है यह जनपद के लिए गौरव की बात है।

जुआ खेलते हुये 9 जुआरी गिरफ्तार, 10,910 बरामद

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 9 जुआरियों को जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया। सीतापुर चैकी प्रभारी उप निरीक्षक मेवालाल मौर्या तथा आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह, राजेश कुमार, रविन्द्र कुमार द्वारा रामकरन, राज कुमार निवासीगण बान तालाब, संतोष पाठक निवासी सेठ की बगिया, रामनरेश निवासी चितरा गोकुलपुर, सहजादे निवासी मुस्लिम बस्ती को ताश के पत्तों में बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मालफड 9640 रुपये व 52 ताश के पत्ते तथा जामातलाशी से 450 रुपये बरामद किये गये। इसी प्रकार रैपुरा थाना के उप निरीक्षक रविकान्त राय तथा उप निरीक्षक राजेश कुमार राय, मुख्य आरक्षी आशाराम, आरक्षी पवन यादव द्वारा बाबूराम, अभिलाष व कमलेश निवासीगण रैपुरा को ताश के पत्ते पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया।

परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत चलाया गया सफाई अभियान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूट के कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता ही सेवा, स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने श्रद्धालुओं व नागरिकों की उपस्थिति में महा सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि हमें अपने घर की तरह मोहल्ले और शहर को साफ रखने की जिम्मेदारी का निर्वाह करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मंदिरों, घाटों, कामतानाथ परिक्रमा मार्ग, प्रत्येक वॉर्ड में चिन्हित ब्लैक स्पॉट की सफाई निरंतर कराई जा रही है। ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन राकेश केशरवानी ने बताया कि स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से, वार्ड, मोहल्ले, कामतानाथ परिक्रमा मार्ग व ऑफिस से करनी चाहिए। सभी दुकानदारों, व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठान पर दो डस्टबिन का प्रयोग करना चाहिए। जिससे कि कचरे का निस्तारण पूर्ण तरीके से किया जा सके।

महंत गोपाल दास महाराज ने परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता रैली के साथ कार्यक्रम का समापन करते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई। जिससे नगर की स्वच्छता और सुंदरता को बनाए रखा जा सके। पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। साथ ही पॉलिथीन का प्रयोग न करने के लिए कहा।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार ने लोगों से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वच्छता में सहयोग का आवाहन किया। जिससे स्वच्छता का महत्व स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता में लाए। जिससे वार्ड, मोहल्ले, घाट शत प्रतिशत स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके।

इस मौके पर राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अंकुर केसरवानी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडेय, बसंत लाल यादव, सफाई नायक जानकी कुशवाहा, विनोद आदि मौजूद रहे।

3 टीमों ने मुहल्लों में घूम-घूम कर 160 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे, 3 लाख की वसूली

जन एक्सप्रेस। उरई/कालपी

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के निर्देश के अनुरूप विद्युत विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की 3 टीमें राजस्व वसूली के लिये नगरीय क्षेत्र के मुहल्लो में उतर पड़ी। विभागीय टीमों के द्वारा 150 कामर्शियल तथा बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने के साढ़े 4 लाख रुपए राजस्व वसूली की गई। रविवार को सुबह से ही उपखंड अधिकारी आदर्श राज, अवर अभियंता जितेंद्र कुमार, महेवा के जेई नवीन सचान, टीजीटू/हेड लिपिक भूपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में तीन टीमों क चैकिंग तथा राजस्व वसूली अभियान शुरू किया गया। टीमों के द्वारा मिर्जा मंडी, रामचबूतरा, दमदमा हरीगंज, कागजीपुरा, टरनंनगंज, आलमपुर रामगंज आदि मुहल्लों के प्रतिष्ठानों तथा घर घर जाकर बिजली चैकिंग की गई। एसडीओ ने बताया कि विद्युत देय राशि की वसूली करने के लिए विभाग गंभीर है। उन्होंने कहा कि पावर कारपोरेशन के निर्देश पर बड़े बकायदारों पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभागीय टीमों ने चिन्हित बड़े बकायेदारों के आवासों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग की तथा बकाया विद्युत देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने विद्युत बिलों की धनराशि को समय से जमा करके अनावश्यक परेशानी से बचें। रिंकू पोरवाल दिलीप कुमार, फ़हमीद खान, अजय कुमार निगम, सीताराम, लल्लन, सतीश कुमार, सुनील कुमार, फरियाद ख़ान, साबिर खान, सादिक, अहमद खान कोमल सिंह आदि लाइन मैन तथा कर्मचारी् अभियान में जुटे रहे।

क्षेत्राधिकारी राजापुर ने किया थाना पहाडी व राजापुर के विवेचकों के अर्दली रूम का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने थाना पहाडी में थाना पहाडी एवं राजापुर के विवेचकों का अर्दली रुम किया। क्षेत्राधिकारी ने अर्दली रुम के दौरान विवेचकों को गुण दोष के आधार पर विवेचना के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही कहा कि मुकदमों से सम्बन्धित वांछित चल रहे आरोपियों की गिरफ्तार की जाए। जनसुनवाई एवं आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक पहाडी रीता सिंह, चैकी प्रभारी गनीवा यदुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

एसपी ने किया बड़ा फेरबदल, एक साथ किए 29 दरोगाओं के तबादले

जन एक्सप्रेस। उरई

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 29 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया है।

मुख्य बदलावों में अपराध शाखा में तैनात उपनिरीक्षक संजय कुमार यति को उरई कोतवाली की जेल चौकी का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, माधौगढ़ में तैनात उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह को उरई कोतवाली की तिलक नगर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा, कैलिया थाना क्षेत्र की जगनपुरा चौकी के प्रभारी अनुज पंवार को रामपुर थाना क्षेत्र की जगम्मनपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। टरननगंज चौकी के प्रभारी विनोद कुमार को उरई कोतवाली की मंडी चौकी का प्रभारी बनाया।अपराध शाखा में तैनात उपनिरीक्षक रणधीर सिंह को कालपी की टरननगंज चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

इसी तरह, अन्य उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण में गोहन थाने की ईंटों चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक मोहित यादव को आटा थाने की इटौरा चौकी का प्रभारी व उप निरीक्षक संजय सिंह पाल को गोहन की ईंटों चौकी का प्रभारी बनाया गया है। जबकि बंगरा चौकी प्रभारी अतुल राजपूत को पीआरओ पुलिस अधीक्षक बनाया गया। इन बदलावों के पीछे का उद्देश्य पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार और कानून व्यवस्था को दुरुस्त करना है। पुलिस अधीक्षक ने सभी उपनिरीक्षकों को नई जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने की सलाह दी है।

पुलिस ने किया चोरी की घटना का सफल अनावरण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में मऊ पुलिस ने कस्बा मऊ में हुयी चोरी की घटना का खुलासा करते हुये 2 चोरों को चोरी के 6970 रुपये के साथ गिरफ्तार किया। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने बताया कि बालमुकुन्द पुत्र उमेशचन्द्र निवासी मवई कला ने थाना मऊ में सूचना दी थी कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का दरवाजा तोडकर सोने चांदी के जेवरात व 50 हजार रुपये नगद चोरी कर लिये हैं। इस सूचना पर थाना मऊ में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक मऊ द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर घटना के अनावरण के लिए उप निरीक्षक शिवपूजन सरोज को निर्देशित किया गया था। उप निरीक्षक शिवपूजन सरोज तथा उप निरीक्षक यूटी दिव्यांश पाण्डेय, आरक्षी राहुल पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय द्वारा पंकज निषाद व इन्द्रेश कुमार निवासीगण गेरुवा मैदाना को गिरफ्तार किया गया। जामातलाशी से आरोपियों के कब्जे से 6970 रुपये बरामद हुये। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन लोगों ने उनके एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की थी। जिसमें से 10-10 हजार रुपये उनके हिस्से में मिले थे। साथ ही उनका तीसरा साथी जेवरात बेंचने गया है, आकर और रुपया देने का कहा था।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । सोमवार । 23 सितंबर 2024

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	39°C	28°C
कानपुर	40°C	30°C
देहरादून	28°C	23°C
नई दिल्ली	40°C	30°C

गाढ़ी कमाई पर डाका डालने वाले साइबर अपराधियों के लिये काल बनी योगी सरकार

- सीएम योगी के निर्देश पर यूपीएसटीएफ ने तोड़ी साइबर अपराधियों की कमर
- पिछले साढ़े सात वर्षों में 379 बड़े साइबर अपराधियों को भेजा गया जेल
- सबसे अधिक लखनऊ, नोएडा और गाजियाबाद में दबोचे गये साइबर ठग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

योगी सरकार ने पिछले साढ़े सात वर्षों में प्रदेशवासियों की गाढ़ी कमाई पर डाका डालने वाले साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कई बड़े कदम उठाये। इनमें 18 रीजनल साइबर क्राइम थानों, डिजिटल फॉरेंसिक लैब समेत हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क आदि शामिल है। वहीं सीएम योगी के निर्देश पर साइबर अपराधियों को नेस्तनाबूद करने के लिए एसटीएफ द्वारा पिछले साढ़े सात वर्षों में बड़ी कारवाई की गई है। एसटीएफ की कार्रवाई में साइबर अपराध में लिप्त 379 साइबर अपराधियों को अरेस्ट किया गया है। इनमें एसजीपीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट करके करीब 2 करोड़ की ठगी करने वाले गैंग के 16 साइबर अपराधी भी शामिल हैं, जिन्हे एसटीएफ ने लखनऊ और गौतमबुद्धनगर से अरेस्ट किया है। एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक सिंह ने बताया कि प्रदेशभर में साइबर अपराधियों की दबोचने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पिछले साढ़े सात वर्षों में सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, गाजियाबाद में अभियान चलाकर साइबर अपराधियों को पकड़ा गया है। इनमें सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर में 225 बड़े साइबर अपराधियों, लखनऊ से 116 अपराधियों, गाजियाबाद से 9 अपराधियों, प्रयागराज, आगरा और दिल्ली के पांच-पांच साइबर ठगों को दबोचा गया है। इसी तरह प्रतापगढ़, जौनपुर, कानपुर नगर से एक-एक, फतेहपुर, गोरखपुर से चार-चार, राजस्थान के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा वाराणसी के ऑनलाइन ठगी के मामले में बिहार से एक साइबर ठग को ट्रांजिस्ट रिमांड पर लेकर कई ठगी के मामलों का खुलासा किया गया।

एसटीएफ ने ऑनलाइन ठगी करने वाले सबसे बड़े गिरोह का किया भंडाफोड़, 105 अरेस्ट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देशभर में बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए प्रदेश में साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए रीजनल साइबर क्राइम थानों, डिजिटल फॉरेंसिक लैब समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये। इसके साथ ही प्रदेश में साइबर अपराध को रोकने, बड़े साइबर अपराधियों और गिरोह की कमर तोड़ने के लिए यूपीएसटीएफ को लगाया। इसी का परिणाम है कि पिछले साढ़े सात वर्षों में प्रदेश में साइबर अपराध के मामलों में काफी गिरावट दर्ज की गयी है। सीएम योगी के निर्देश पर यूपीएसटीएफ ने साइबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया, जो आज भी जारी है। इस दौरान एसटीएफ ने क्लोन चेक बनाकर बैंक से ठगी, फर्जी टेलीकॉलिंग सेंटर से ऑनलाइन ठगी, बीमा कंपनियों के नाम पर ठगी समेत फर्जी बीमा कंपनी खोलकर ठगी करने वाले दर्जनों गिरोह का पर्दाफाश किया। एसटीएफ ने इस कार्रवाई में पिछले साढ़े सात वर्षों में 379 साइबर अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेला है। इस दौरान एजेंसी ने बड़ी मात्रा में कंप्यूटर, लैपटॉप, वॉकी टॉकी, मोबाइल, सिम कार्ड, नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया है। एसटीएफ ने प्रदेश में सबसे बड़े ऑनलाइन ठगी के गिरोह का भंडाफोड़ कर 105 साइबर अपराधियों को अरेस्ट किया। इस गिरोह के पास से करीब 2 लाख प्वाइंट डाटा (रिलायंस फ्यूचर, एक्साईड, बिरला सन लाइफ, मैक्स लाइफ, पीएनबी मेट लाइफ, एचडीएफसी एग्रो, पेटीएम ऑनलाइन शॉपिंग, शायक्लूज, फ्लिपकार्ट, इंडिया शॉपिंग मॉल) प्राप्त हुआ, जिसके जरिये गिरोह ठगी को अंजाम दे रहा था।

महाकुंभ क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को नया स्वरूप दे रही है योगी सरकार

- पॉवर कट की समस्या से मुक्त होगा प्रयागराज महाकुंभ, हाइब्रिड सोलर लाइट बनेगी मददगार
- प्रमुख चौराहों और पोल्टून पुलों में लगेगी हाइब्रिड सोलर लाइट
- 391 करोड़ के बजट से हो रहे हैं बिजली के काम से कुंभ क्षेत्र की रातों में भी होगा दिन जैसा उजाला

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के आयोजन को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप महाकुंभ क्षेत्र में बिजली, सड़क और पानी आदि की बुनियादी व्यवस्था के साथ अन्य कार्यों में तेजी से प्रगति हो रही है। महाकुंभ को लेकर अन्य विभागों की तरह ही बिजली विभाग में कई नए प्रयोग किए जा रहे हैं।

पॉवर कट की समस्या से मुक्त होगा महाकुंभ क्षेत्र

प्रयागराज महाकुंभ का दायरा बढ़ाने के साथ ही विभिन्न विभागों की तरफ से यहां होने वाली सुविधाओं और संसाधन में भी शासन की तरफ से बढ़ोत्तरी की गई है। बिजली विभाग इससे सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। 4000 हेक्टेयर में बसने जा रहे प्रयागराज महाकुंभ की बिजली की व्यवस्था भी इस बार पिछले आयोजनों से भिन्न होगी। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि महाकुंभ में 391.04 करोड़ की लागत से स्थायी और अस्थायी कार्य कराए जा रहे हैं। इस बार महाकुंभ को पॉवर कट की समस्या मुक्त रखने की योजना को धरातल में उतारा जाएगा। इसके लिए सोलर एनर्जी पर आधारित हाइब्रिड सोलर लाइट मेला क्षेत्र में लगाई जाएंगी। महाकुंभ में इस बार 2004 हाइब्रिड सोलर लाइट लगाई जाएंगी। कुंभ के सभी प्रमुख चौराहों और पोल्टून पुल पर भी इन्हे लगाया जायेगा। इन लाइट्स के लगने से कुंभ क्षेत्र में बिजली के कभी कटने पर अंधेरा नहीं हो पाएगा।

कुंभ क्षेत्र की रातों में दिन जैसा रहेगा उजाला

सम्पूर्ण महाकुंभ क्षेत्र रात में बिजली की रोशनी से जगमग रहेगा। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता के मुताबिक बिजली विभाग की तरफ से पूरे महाकुम्भ क्षेत्र में 1543 किमी लंबी बिजली की लाइन खींची जाएगी, जिसमें 1405 किमी एलटी और 138 किमी एचटी की लाइन होगी। मेला क्षेत्र में 85 अस्थाई नए बिजली घर , 85 डीजी सेट, 15 आरएमयू और 42 नए ट्रांसफार्मर लगेंगे। मेला क्षेत्र में शिविरों में रहने वाले 4 लाख 71 हजार लोगों को विद्युत के कनेक्शन दिए जायेंगे। इन शिविरों में रोशनी के इंतजाम के अलावा मेला क्षेत्र 67 हजार स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। मेला क्षेत्र के सभी प्रमुख चौराहों में हाईमास्ट लाइट भी लगाई जाएंगी। शिविरों और सड़कों के किनारे लगी इन स्ट्रीट लाइट से पूरा कुंभ मेला क्षेत्र रोशनी से नहा जायेगा। यहां रात में भी दिन जैसा उजाला रहेगा।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

विकास खंड सरोजनीनगर में राजभवन की टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका वि?द्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण तथा स्वच्छता सम्बन्धी बच्चों की प्रतियोगिताएं करवाई गई। निबन्ध, चित्रकला तथा भाषण प्रतियोगिता के विजयी बच्चों को डॉ सुधीर एम. बोबडे, अपर मुख्य सचिव (मा. राज्यपाल) द्वारा राजभवन आमंत्रित किया गया। कस्तूरबा विद्यालय में बच्चों संग वृहद वृक्षारोपण किया, कार्यक्रम में अपर प्रमुख सचिव गया, जिला विकास अधिकारी अजय जैन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय राजेश कुमार सिंह, बी ई ओ रामराज, वार्डेन वंदना अवस्थी द्वारा वृक्षों के संरक्षण हेतु बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। डॉ सुधीर एम. बोबडे द्वारा सभी कक्षाओं में जाकर छात्राओं से बातचीत की गयी तथा उन्हें सफ़लता के लिए चार मंत्र बताए गए। अनुशासन, समयबद्धता, परिश्रम और टीम वर्क, उन्हीं को अपनाकर हम सफ़लता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और वार्डेन के बच्चों के साथ आत्मीय सम्बन्ध की सराहनीय की। विकास खंड सरोजनी नगर के खंड शिक्षा अधिकारी आर पी यादव द्वारा विगत दो वर्षों में शैक्षिक गुणवत्ता के लिए बहुत सराहनीय प्रयास किए गए हैं।

श्रीराम कथा महोत्सव में बहेगी भक्ति की बयार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

25 दिसंबर से 2 जनवरी तक लखनपुरी में बाल्मिकीय रामायण की दिव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। रामकथा की तैयारियों को लेकर मोती महल लॉन में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अशोक बाजपेई की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम संयोजक डॉ सप्तर्षि मिश्र एवं अधिवक्ता संजीव पाण्डेय ने तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भव्य तरीके से इस कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अयोध्या के विश्व विख्यात स्वामी राघवाचार्य जी महाराज शिरकत करेंगे। करीब एक सप्ताह तक श्रीराम कथा महोत्सव में भक्ति की बयार बहेगी। बैठक में मोतीलाल मेमोरियल सोसायटी के महामंत्री राजेश सिंह, भारत सेवा संस्थान के महामंत्री डॉ जे एन मिश्र,पूर्व आईएएस अधिकारी कैप्टन एसके द्विवेदी, राजन त्रिवेदी, अनिल उपाध्याय, अधिवक्ता संजय चतुर्वेदी,शिरर चतुर्वेदी और संजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

क्षमा बाजपेई को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ में भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ती के द्वारा महां सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमे क्षमा बाजपेई को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। केंद्रीय कार्यालय कार्यालय 60 फिट रोड पर संगठन का विस्तार किया गया और सभी पदाधिकारी की माला पहनकर स्वागत किया गया। जिसमें क्षमा बाजपेई को महिला प्रदेश अध्यक्ष, सुमन मिश्रा को महिला प्रदेश सचिव,रिया गुप्ता को महिला प्रदेश सचिव पूर्वी,शानू शुक्ला को जिला सचिव एवम पिंकी सिंह को जिला सचिव पूर्वी, ट्विंकल गौतम को जिला सचिव पूर्वी, लक्ष्मी कनौजिया को जिला सचिव उत्तरी एवं विधिक सलाहकार बने। एडवोकेट मोहित सक्सेना एवं कपिल शुक्ला को जिला सचिव पूर्वी, सलमान विधिक सलाहकार पूर्वी,राम प्रकाश को जिला सचिव पूर्वी के पद पर मनोनीत किया गया। इस मौके पर उपस्थित रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कमलेश यादव ,प्रदेश महामंत्री हरीश दुबे महाराज, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्याम वाजपेई ,प्रदेश महासचिव शिव राम यादव, राष्ट्रीय महामंत्री नंदकिशोर वर्मा ,जिला अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा, राम मिलन रावत, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश की खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति की सराहना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा भारत मण्डपम्पम प्रगति मैदान नयी दिल्ली में चल रहे वर्ल्ड फ़ूड इंडिया एक्सपो में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा अनुदानित इकाइयों के लगाये गये स्टालों पर आज भी? भीड़ बनी रही। निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण उत्तर प्रदेश डा विजय बहादुर द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में आज हाल नम्बर 6 में केन्द्रीय मंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय चिराग पासवान द्वारा अवलोकन किया गया।श्री द्विवेदी ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश के अधिकारियों द्वारा स्टॉल पर उपस्थित रहकर उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति- 2023 ,प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन एवं अन्य योजनाओं में मिलने वाली अनुदान व सुविधाओं को जानकारी सभी आगंतुकों को दी गयी।प्रदेश के विभिन्न जनपदों- गौतमबुद्ध नगर, प्रयागराज, शाहजहांपुर, लखनऊ, आजमगढ़ आदि के जनपदो के उद्यमियों द्वारा उद्योग लगाने की इच्छा व्यक्त की गयी।

फास्ट फॉरवर्ड

ग्राम्य विकास अधिकारियों, कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही में प्रक्रिया का पालन आवश्यक

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास हिमांशु कुमार ने मण्डलायुक्तों, जिला अधिकारियों व मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिलों में तैनात ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद्ध यदि किसी प्रकार की अनुशासनिक कार्यवाही की आवश्यकता आपके स्तर पाई जाती है, तो उसके बारे में अपने प्रस्ताव भेजने हेतु निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना सुनिश्चित करें।अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास द्वारा जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि उनके संज्ञान मे प्रायः यह देखने में आ रहा है कि जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों यथा मण्डलायुक्त जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मण्डल मुख्यालयों के जिलों व अन्य जिलों में तैनात ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद्ध निलम्बन अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने के प्रस्तावों पर अपनी संस्तुति सीधे ही शासन को प्रेषित कर दी जाती है। ऐसे पत्रों के साथ प्रायः सुस्पष्ट आरोप पत्र, समुचित साक्ष्य एवं साक्षियों की सूची भी नहीं भेजी जाती है। जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अपने प्रस्ताव जो समस्त अभिलेखों से पूर्ण हों सीधे शासन को न भेजकर आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग को भेजे जाएं, ताकि आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग इन प्रस्तावों का समुचित परीक्षण अपने स्तर पर कर सकें और अपने अभिमत सहित यथावश्यकता कार्यवाही हेतु पूर्ण प्रस्ताव शासन को उपलब्ध करा सकें।

मनरेगा कन्वर्जेंस से ग्राम पंचायतों में बन रहे आंगनवाड़ी केंद्र

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में मनरेगा कन्वर्जेंस से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र जो किराये के मकान में चल रहे हैं,मनरेगा योजना के अंतर्गत बाल विकास विभाग व पंचायती राज विभाग के अभिसरण से आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य किया जा रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाय व गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनरेगा योजनांतर्गत मनरेगा, बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग के अभिसरण बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1984 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी ग्राम पंचायतों में निरंतर आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, इस वर्ष अब तक 626 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 8,237 कार्य निर्माणाधीन हैं।

रोजगार अधिकार अभियान की वर्चुअल मीटिंग आज

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। बड़े पूंजी घरानों व उच्च धनिकों पर समुचित टैक्स, शिक्षा स्वास्थ्य व रोजगार की गारंटी, देश में खाली पड़े करीब एक करोड़ पदों पर तत्काल भर्ती और हर व्यक्ति की सम्मानजनक जिंदगी सुनिश्चित करने जैसे सवालों को लेकर चलाए जा रहे रोजगार अधिकार अभियान पर विचार-विमर्श करने और दिल्ली में प्रस्तावित मीटिंग की तैयारी के लिए कल वर्चुअल मीटिंग बुलाई गई है। युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों के अलावा दिल्ली हरियाणा व अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। चलाए गए रोजगार अधिकार अभियान में युवाओं व नागरिकों का अच्छा समर्थन मिला है। रोजगार अधिकार अभियान को विस्तार देने और इस सवाल को राष्ट्रीय राजनीतिक विमर्श में लाने के लिए दिल्ली में प्रतिनिधियों की बैठक बेहद जरूरी है।

ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितम्बर तक होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो

- पर्यटन विभाग यूपी के पर्यटन स्थलों की करेगा ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग: जयवीर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नई दिल्ली में आयोजित किये जाने वाले ट्रेड शो की तर्ज पर उत्तर प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो यूपीआईटीएस 2024 का आयोजन कर रही है। इस वर्ष दूसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ 25 सितंबर से होकर 29 सितंबर तक चलेगा। इसमें अन्य विभागों की तर्ज पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग भी प्रतिभाग करेगा। भव्य मंडप में प्रदेश की आध्यात्मिक-धार्मिक, सांस्कृति, प्राकृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग के स्टाल पर आगंतुकों को प्रयागराज में अगले साल जनवरी माह में लगने वाले महाकुंभ-2025, प्रदेश में उभरते हुए वेडिंग डेस्टिनेशन, यूपी पर्यटन नीति-2022 के लाभ व इसके तहत तैयार नई इकाइयों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा यूपी नहीं देखा, तो इंडिया नहीं देखा के स्लोगन को आगे रखते हुए प्रदेश के धार्मिक-आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों, वाइल्ड लाइफ, इको टूरिज्म, बौद्ध सर्किट, जैन सर्किट, सूफी सर्किट और बुंदेलखंड के रोमांचक तथा आकर्षक पर्यटन स्थलों का भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं पर्यटकों का बड़ी संख्या में आगमन हो रहा है। पर्यटन विभाग ने हालिया आंकड़े के अनुसार मौजूदा वर्ष के शुरुआती छह माह में अयोध्या पहुंचने वालों की संख्या 11 करोड़ के करीब रही। अयोध्या में हर वर्ष की भांति इस साल भी दीपोत्सव भव्य, दिव्य तरीके से मनाने की तैयारी है। यूपीआईटीएस 2024 में अयोध्या को प्रमुखता से दर्शाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोमार्ट में पर्यटन विभाग के स्टॉल से प्रदेश के विभिन्न टूरिज्म डेस्टिनेशन सहित अन्य जानकारियां प्राप्त की जा सकती हैं। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में महाकुंभ- 2025 को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। ट्रेड शो में यूपी के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों एवं सांस्कृतिक विविधता की मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग भी की जायेगी।

सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे पर मारपीट का आरोप

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

फैजाबाद लोकसभा से सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद पर मारपीट का आरोप लगा है। मामले को उपचुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में अयोध्या की मिल्कीपुर सीट भी है। इस सीट पर अजीत प्रसाद को प्रमुख दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। सपा उन्हें मिल्कीपुर से टिकट दे सकती है। फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा को हराने के बाद अवधेश प्रसाद सपा के पोस्टर बॉय बनकर उभरे हैं। उनके बेटे पर मारपीट के आरोप के बाद पार्टी का निर्णय बदल सकता है।सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद पर मारपीट का आरोप लगा है। मामले को लेकर नगर कोतवाली में तहरीर दी गई है। पीड़ित रवि तिवारी ने अजीत प्रसाद पर अगवा कर मारपीट का आरोप लगाया है। अजीत प्रसाद को उपचुनाव में सपा का टिकट मिलने की उम्मीद है। अवधेश प्रसाद की जीत के बाद अजीत प्रसाद भी सपा के टिकट पर जीत हासिल कर सकते हैं। सांसद बनने से पहले अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर विधानसभा से विधायक थे।

राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों को मिलेगा दीवाली गिफ्ट, डीए-बोनस का जल्द होगा ऐलान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार दीपावली से पहले राज्य कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देने की तैयारी कर रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार दीपावली से पहले केंद्रीय कर्मचारियों की तरह राज्य कर्मियों को चार फीसदी महंगाई भत्ता देने की तैयारी कर रही है। योगी सरकार जल्द ही राज्य कर्मियों को दीवाली से पूर्व बोनस देने का भी ऐलान कर सकती है। यूपी सरकार दीपावली से पहले महंगाई भत्ते और बोनस देने की घोषणा करेगी।यूपी के 10 लाख राज्य कर्मचारियों, आठ लाख शिक्षकों और पेंशनधारियों का इसका फायदा मिलेगा। जुलाई 2024 से बढ़े हुए चार फीसदी महंगाई भत्ते का भुगतान किया जाएगा। राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ता और बोनस देने के लिए फाइल तैयार है। सीएम योगी आदित्यनाथ की स्वीकृति मिलने के बाद कर्मचारियों को डीए के भुगतान करने का आदेश जारी कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश के राज्य कर्मचारियों और शिक्षकों को अब तक 46 फीसदी महंगाई भत्ता का भुगतान किया जा रहा है। वहीं अब राज्य कर्मचारियों और शिक्षकों को 46 की जगह 50 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। जुलाई माह से उत्तर प्रदेश के राज्य कर्मचारियों और पेंशनधारियों को बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान किया जाएगा। जुलाई से लेकर अक्टूबर तक बढ़े हुए महंगाई भत्ते यानि डीए की धनराशि राज्य कर्मियों के जीपीएफ खाते में जमा हो जाएगी। दिसंबर में मिलने वाली नवंबर माह के वेतन में बढ़े हुए चार फीसदी महंगाई भत्ते का भुगतान नकद किया जाएगा। पेंशनधारियों को भी जुलाई माह से बढ़े डीए का भुगतान दिसंबर माह में मिलने वाली पेंशन में किया जाएगा। महंगाई भत्ता बढ़ने से लगभग दस लाख राज्य कर्मचारियों और आठ लाख से अधिक शिक्षकों और पेंशनरों को इस लाभ मिलेगा। वहीं दीपावली से पूर्व राज्यकर्मियों और पेंशनधारियों को प्रति कर्मी लगभग सात हजार रुपए की धनराशि का बोनस दिया जाएगा। बोनस की धनराशि का 75 फीसदी हिस्सा कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते जीपीएफ में जमा कर दिया जाएगा और 25 फीसदी का बोनस का नकद भुगतान किया जाएगा। जो कर्मचारी जीपीएफ के सदस्य नहीं हैं। उन्हें बोनस की धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में दी जाएगी।

मंदिरों की मर्यादा सुरक्षित हो: अविमुक्तेश्वरानंद

*** रामलला हम आएंगे,पर मुख तभी दिखाएंगे, पशु सूची से गौ माता को हटवाकर दिखलाएंगे**

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

अपने समय में धर्म सम्राट् कहे गए ब्रह्मलीन स्वामी करपात्री महाराज ने हम सभी धर्मिकों के लिए धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, गौ माता की जय हो, गौ हत्या बन्द हो के नारे दिए थे; जो आज भी सर्वजनस्वीकृत हैं और गुञ्जयमान हो रहे हैं। पर सचाई यह है कि उन्होंने इन नारों के साथ तीन नारे और दिए थे जिन्हें अब भुला दिया गया है पर वे आज भी प्रासंगिक हैं। उनके और तीन नारे थे- मन्दिरों की मर्यादा सुरक्षित हो। शासन विधान शास्त्रीय हो। भारत अखण्ड हो। हम आज अयोध्या की पवित्र धरती से इन तीनों नारों को फिर से अपने उदघोषों में सम्मिलित कर रहे हैं और धर्माचार्यों का आह्वान कर रहे हैं कि वे मन्दिरों की मर्यादा सुरक्षित रखने के लिए एकजुट हों। रामालय ट्रस्ट की बैठक बुलाकर हम इस पर चर्चा करेंगे। यदि प्रस्ताव पारित होता है तो रामालय ट्रस्ट विश्व के सभी हिन्दू मन्दिरों की मर्यादा के संरक्षण का काम आरम्भ करेगा। ज्ञात हो कि रामलय ट्रस्ट समग्र हिन्दू समाज का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि उसमें सभी शङ्कराचार्य, सभी वैष्णवाचार्य, सभी आखड़े और विशिष्ठ जन सम्मिलित हैं। देश भर में तिरुपति लड्डू के बारे में आने वाली सूचनाओं से उन लड्डू को प्रसाद के रूप में खा चुके हिन्दू समाज के लोग ग्लानि का अनुभव कर रहे हैं। उस ग्लानि को मिटाने के लिए पञ्चगव्य प्राशन की व्यवस्था की गई है। पञ्चगव्य न बना सकने की स्थिति वाले लोगों के लिए हमारे गौ सांसद् पं सन्तोष दुबे जी के नेतृत्व में अयोध्या में आगामी मङ्गलवार को पांच स्थानों पर पञ्चगव्य प्राशन फलकों की स्थापना की जाएगी जिससे सहजता से अयोध्या के वे लोग पञ्चगव्य प्राशन कर अपने हृदय की ग्लानि को मिटा सकें।

हमें भाजपा विरोधी कहा जा रहा है पर समझने की जरूरत हैं कि हमारी मजबूरी क्या है? हमने कभी देश के किसी भी पार्टी का विरोध या समर्थन नहीं किया फिर भी हमारी छवि भाजपा या अन्य पार्टी विरोधी

बनाई जाती रही है। हॉ, हमने भाजपा (जो अनेक वर्षों से केन्द्र और कई राज्यों में सत्ता में है) के कुछ मुद्दों का विरोध किया हैं क्योंकि उन विषयों पर पार्टी और उनके नेताओं द्वारा हिन्दू धर्म के प्रति बड़ी क्षति की जा रही थी जैसे मूर्ति और मन्दिरों को तोड़कर मलबे मे फेकना आदि। ताजा मामला देख लें गौ हत्या के समर्थन का है। हम जब गौरक्षा/गोप्रतिषठा की बात को लेकर देश के सभी राज्यों के राजधानी की यात्रा कर रहे हैं तो नागालैण्ड भाजपा लिखित रूप से न केवल उसका विरोध कर रही है अपितु अपनी सरकार के कैबिनेट से हमारे नागालैण्ड प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगा रही है और लिखित रूप से गौहत्या का समर्थन कर रही है। यही नहीं, भाजपा के सत्ता में रहते ही भारत विश्व की गोमांस निर्यातक देशों में दूसरे स्थान पर पहुँच गया है। अरुणाचल में हमारी यात्रा का विरोध करने वाला छात्रनेता कह पा रहा है कि शङ्कराचार्य जी गौहत्या रोकने अरुणाचल आएं उससे पहले उत्तर प्रदेश को रोकें जो ऑकडों के अनुसार देश का सबसे बड़ा गोमांस निर्यातक प्रदेश है। आखिर हम क्या करें ? गौहत्या करने वाले और उसका समर्थन करने वालों का विरोध न करें ? एक हिन्दू धर्माचार्य होने के नाते यह हमसे कैसे हो सकता है ? इसलिए हम भाजपा सहित उन तमाम पार्टियों का विरोध करने के लिए बाध्य हैं जो सत्ता में रहकर भी गौहत्या रोकने के बजाय उसे बढावा दे रही हैं।

हर हिन्दू गोमतदाता बने

अब समय आ गया है कि हर हिन्दू गौमाता के प्राण और उनकी प्रतिष्ठा को बचाने का लिए गोमतदाता बने क्योंकि जिन पार्टियों और नेताओं के भरोसे हम आजादी के 78 साल रहे उन्होंने हमारे भरोसे को तोड़ दिया है। अब मतदाताओं को कमर कसनी होगी और उसी पार्टी और प्रत्याशी को मतदान का सङ्कल्प लेना होगा जो गौमाता के प्राण और प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए शपथपूर्वक घोषणा कर चुका हो।

मंदिरों में चढ़ावा से हो गौओं की सेवा

मन्दिरों की चढोत्तरी से मन्दिरों में विराजमान देवता की सेवा से बचे पैसों से लोक कल्याण के कार्य होने उचित हैं। उनमें सबसे पहले; जैसे घर में पहली रोटी गाय की होती है वैसे ही पहली सेवा गाय की होनी चाहिए। हर मन्दिर की गौशाला होगी तो न केवल आस-पास के लोगों को रोजगार मिलेगा अपितु शुद्ध दूध, घी आदि भी मिलेगा और उनके गोबर गोमूत्र आदि से उगाए गये शुद्ध अनाज से लोगों का स्वास्थ्य भी ठीक होगा। तिरुपति मन्दिर को इसकी पहल करनी चाहिए और आगे से अपनी गौशाला के घी से ही भगवान् के नैवेद्य का लड्डू बनाना चाहिए।

हमारा आन्दोलन रामा गाय के लिए हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि हमारा यह गौप्रतिषठा आन्दोलन गाय नाम से प्रचलित सभी जानवरों/मवेशियों के लिए नहीं है।

इस बार अयोध्या की रामलीला अद्भुत रामलीला होगी, कलाकार हरमन दीप सिंह तड़का का रोल निभायेंगे

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक (बॉबी) , और पार्वती और कौशल्या की भूमिका निभा रही अंजली शुक्ला ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया इस मौके पर उन्होंने बोला कि हमारी कोशिश है कि अयोध्या की रामलीला हर वर्ष की भर्ती इस वर्ष और भी सुंदर तरीके से हो ।

अयोध्या की रामलीला के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मलिक (बॉबी) और महासचिव शुभम मलिक ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बोला अयोध्या की रामलीला इस बार फिर सारे अपने विश्व के पिछले रिकार्ड तोड़ेगी , अयोध्या की रामलीला में इस बार सबसे ज्यादा फिल्म स्टार काम कर रहे हैं। मुंबई की सुपरस्टार भाग्यश्री जिनको सभी जानते हैं- जिन्होंने मैंने प्यार किया , फिल्म से शुरुआत करी थी । भाग्यश्री - मां वेदमाती की भूमिका निभा रही है। पदम श्री मालिनी अवस्थी - मां शबरी की भूमिका में अयोध्या की रामलीला में अपने अभिनय से राम भक्तों को कई वर्षों से अपनी भूमिका से राम भक्त में लीन करती है। शीबा यह भी

सलमान खान के साथ कई फिल्में कर चुकी हैं- यह आग कब बुझेगी, सूर्यवंशी, ऐसे कई फिल्म कर चुकी है । बॉलीवुड की जानी-मानी एक्टर ऋतु शिवपुरी - मां सीता की मां सुनयना की भूमिका निभा रही हैं, जिनका बड़ा फेमस गाना है आंखें फिल्म में लाल दुपट्टे वाली । अमिता नांगिया जो कई फिल्म कर चुकी है वह मंदोदरी की भूमिका निभाएंगी। मंगिशा - मां सीता की भूमिका में नजर आएंगी अयोध्या की रामलीला में। मैडोना जो जाना-माना नाम है , कई टीवी सीरियल में भी काम कर रही है, वह केक?ई की भूमिका निभा रही हैं। पायल गोगा कपूर सुप्रनखा का रोल करेंगी । भगवान की जन्म भूमि अयोध्या से नई लड़की अंजली शुक्ला पहली बार अयोध्या की रामलीला में मां कौशल्या और मां पार्वती की भूमिका निभाएंगी ।

अयोध्या की रामलीला के छठे संस्करण के लिए ए. एफ .टी. के चेयरमैन संदीप मारवाह जी ने अयोध्या की रामलीला के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मलिक (बॉबी) और महासचिव शुभम मलिक को बधाइयां दी। और वह फाउंडेशन संरक्षक है और अयोध्या के रामलीला में उनका बहुत महत्वपूर्ण रोल है विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बनाने में उनका बहुत बड़ा योगदान है। अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक श्री राम की जन्मभूमि से लाइव देखें दूरदर्शन पर।

हरिद्वार-हावड़ा के यात्रियों की यात्रा आसान करेगी स्पेशल ट्रेन

जन एक्सप्रेस । अमेठी

अक्तूबर व नवंबर माह में त्योहार से सभी ट्रेनों में आरक्षित सीटों की बुकिंग फुल हो चुकी है। कन्फर्म टिकट नहीं मिलने से यात्री परेशान हैं। रेल विभाग ने लखनऊ-प्रतापगढ़ रेल ट्रैक पर अमेठी होकर गुजरने वाली स्पेशल ट्रेन संचालन के लिए हरी झंडी दिखाई है। इस ट्रेन से हरिद्वार-हावड़ा की यात्रा का प्लान करने वाले यात्रियों की यात्रा सुगम होगी। इस ट्रेन का ठहराव अमेठी स्टेशन पर होगा। लखनऊ-प्रतापगढ़ रेल ट्रैक पर अमेठी से होकर गुजरने वाली इस ट्रेन की रेलवे ने समय सारिणी जारी की है। 10 अक्तूबर से 14 नवंबर तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को हरिद्वार से 12ः30 बजे स्पेशल ट्रेन रवाना होकर मुरादाबाद, बरेली व शाहजहांपुर होते हुए रात 11ः10 बजे लखनऊ पहुंचेगी। लखनऊ के बाद रायबरेली, अमेठी स्टेशन होते हुए प्रतापगढ़, वाराणसी, पं दीन दयाल उपाध्याय, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान होते हुए शुक्रवार शाम 5ः10 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वापसी में स्पेशल ट्रेन 11 अक्तूबर से 15 नवंबर तक हावड़ा से शाम सात बजे रवाना होकर शनिवार को प्रतापगढ़, अमेठी व रायबरेली होते हुए लखनऊ के रास्ते हरिद्वार के लिए रवाना होगी। अमेठी स्टेशन पर ठहराव होने से लोगों को सुविधा होगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने अप व डाउन हरिद्वार-हावड़ा स्पेशल ट्रेन संचालित होने की पुष्टि की है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

भारत सरकार द्वारा निर्गत संकल्प-एचईडबल्यू के अंतर्गत एस0वी0एम0, इण्टर कालेज, ऊंचाहार, रायबरेली में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर जनपद स्तर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली में सामुदायिक लामबंदी 14वां सप्ताह के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ इवेंट का आयोजन किया गया। जिसके

अंतर्गत लगभग 1000 छात्र छात्राओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाये जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही वन स्टॉप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक / बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने एवं अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई। बच्चो के अधिकारों के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090 112, 108, 102 की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर एस0वी0एम0 इण्टर कालेज, ऊंचाहार, रायबरेली के प्रधानाचार्य बाल कृष्ण एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ का सहयोग रहा, साथ ही वन स्टाप सेंटर की केस वर्कर, ज्ञाना यादव, आरक्षी सुनीता रावत आदि उपस्थित रहें।

48 वर्षीय महिला का कुएं में मिला साहू क्षेत्र में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । रायबरेली
महराजगंज

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला 48 वर्षीय महिला का शव कुएं में मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवा कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ग्रामीणों के मुताबिक महिला का मानसिक संतुलन करीब 10 वर्षों से ठीक नहीं था जानकारी के मुताबिक गांव कक्के ऊर्फ भतीजेपुर गांव निवासिनी, मीरा 48 पत्नी राम मिलन आज शनिवार की सुबह दस बजे के करीब घर से बिना बताए कहीं चली गई थी।कुछ देर बीतने पर भी वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी

खोजबीन शुरू कर दी जिसके बाद दोपहर एक बजे के करीब उसका शव घर से कुछ दूर पर स्थित कुएं में मिली जिसके बाद हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवा कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।अतिरिक्त निरीक्षक हरिकेश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपियों की नहीं हो रही गिरफ्तारी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

थाना कोतवाली अंतर्गत पीड़िता रिषिका पाठक पुत्री शत्रुघ्न पाठक निवासी पटखौली सिरिसंडा दर्शन नगर कोतवाली की निवासी है पीड़िता रिषिका ने बताया कि 8 सितंबर 2024 को समय लगभग 3ः00 बजे कुछ लोगों ने की कुसुम पाठक रूबी पाठक सुष्मिता पाठक सुनीता पाठक पत्नी शिवराज पाठक 5 से 7 अज्ञात महिलाएं मेरे घर की बाउंड्री में कूद कर आई और मेरे दरवाजे को तेज तेज से पीटने लगी जब मैंने और मेरे बच्चों ने इसका विरोध किया तो यह सभी लोग गंदी-गंदी गालियां देने लगी जब मैं इसका विरोध किया तो उपरोक्त महिलाओं ने मेरे घर में लगे लगभग 50 कैमरा को लाठी और हथौड़ी से तोड़ दिया वह मेरे घर का ताला भी तोड़ दिया और कहने लगे आज 50 पुरुषों के साथ तुम्हारा रेप करेंगे तथा उन लोगों ने मुझे गिरकर लाठी और डंडों से पीटने लगी साथ ही कैमरा तोड़ने के बाद बैजू पाठक की पूरी फैमिली कैलाश पाठक की पूरी फैमिली तथा पारस और उनका

बेटा सौरभ पाठक आदेश पाठक की पूरी फैमिली लक्ष्मण पाठक सोनू पाठक शिवराज पाठक सुनीता पाठक का भाई मनीष पाठक और रंजीत पांडेय ने मेरे घर के अंदर आकर और मुझे कामुकता से छेड़ने और नोचने लगा और मेरी बेटी का गाल नोचा और उसके कान की बाली भी निकाल लिया और उसकी मोबाइल से सिम कार्ड निकाल लिया और मोबाइल चोरी कर लिया और फिर मुझे बहुत मारा और मेरी बेटी को भी मारा उसके और मेरे सारे कपड़े पुरुषों ने फाड़ दिए लेडीजों ने मेरी हाथ पकड़ लिया और मुझे धमकी देते हुए बाहर निकल गए जब पुलिस आई तो उन्होंने मेरी जान बचाई मैं चाहती हूं कि आरोपियों कि जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो और हमें न्याय मिले वहीं गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज होने के बाद भी अभी तक आरोपियों गिरफ्तारी नहीं हुई।पीड़िता रिषिका ने बताएं कि 8 तारीख का मामला है बैजू कैलाश अपनी गाड़ी में बदमाशों को लेकर आते हैं मेरे चाचा और मुझे रेप की धमकी देते हैं बदमाश लेकर आते हैं कैलाश अपने घर पर शनि लोग मुझे गंदी-गंदी गाली देते हैं 32 कैमरे मेरे तोड़ दिया मेरे बाबा को मारते हैं मेरे बच्चों को मारते मेरे कान बच्चों के कान की बलि भी छीन लिए सारी लेडीज़ लोग मेरा हाथ पकड़ती हैं और मुझे गंदी-गंदी तरीके से चूज रहे थे।

गुप्तारघाट अयोध्या में कवच कंपनी का है साम्राज्य

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

गुप्तार घाट का मामला वास्तव में गंभीर है। कवच कंपनी ने अयोध्या में अपने साम्राज्य का विस्तार करते हुए घाट पर दुकानों का सेट स्थापित किया है, जिससे स्थानीय लोगों की दुकानों और आवागमन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि उनकी आजीविका पर खतरा मंडरा रहा है और वे अपनी छोटी-छोटी दुकानों को भी नहीं चला पा रहे हैं।

कवच कंपनी का दावा है कि उन्होंने इसके लिए उचित भुगतान किया है। इस संदर्भ में यह प्रश्न उठता है कि आखिर घाटों पर पक्की कब्जेदारी की अनुमति किसने दी? क्या यह निर्णय स्थानीय प्रशासन का था, या किसी उच्चस्तरीय प्राधिकरण ने इसे अनुमोदित किया है? स्थानीय लोग इसकी पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं और उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

इस स्थिति को सुधारने के लिए उचित कानूनी और प्रशासनिक कदम उठाने की आवश्यकता है।

43 वें रामायण मेला की बैठक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास की अध्यक्षता में हुई की गई

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए इस वर्ष रामायण मेला 5 दिसंबर 2024से 8 दिसंबर 2024 तक प्रस्तावित है समिति के संरक्षक डॉक्टर निर्मल खत्री ने कहा रामायण मेला अपने नई ऊंचाइयों को छू रहा है इस वर्ष से प्रवचन सत्र को एक नई रूपरेखा प्रदान की जाएगी जिसकी रूपरेखा जगतगुरु राम दिनेश आचार्य जी की अध्यक्षता में तैयार की जाए जिससे प्रवचन सत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके ।तत्पश्चात डॉक्टर जनार्दन उपाध्याय ने प्रस्ताव रखा की पत्रिका के स्तर को और सुधारा उपयोगी एवम ज्ञानवर्धक बनाया जाएगा और इसको भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय संस्थाओं एवं वृहत स्तर पर मंत्रालय को भेजा जाए । समिति के संयोजक आशीष मिश्रा ने प्रस्ताव रखा कि इस वर्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ उत्तर प्रदेश को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रण एवं प्रथम पोस्ट के अनावरण करने के लिए श्री महंत गिरीश पति त्रिपाठी , महापौर की अध्यक्षता में सभी सदस्य मुख्यमंत्री

योगी आदित्य नाथ से मुलाकात करेंगे और प्रथम पोस्टर का अनावरण कराया जाए जो महंत गिरीश पत्र त्रिपाठी महापौर अयोध्या ने सहस्त्र स्वीकार किया ।जिसके लिए पूरी समिति ने उनका आभार व्यक्त किया । इसके अलावा समिति के पिछले वर्षों के व्यय पर चर्चा की गई एवं आगामी वर्ष में होने वाले व्यय का प्रस्ताव भी रखा गया जो सभी सदस्यों ने सर्वसम्मत से पास किया और यह निर्देश दिया गया कि सभी टेंडर तत्काल निकाल दिए जाएं जिससे समय पर कार्य पूर्ण हो सके। इसी क्रम में समिति के मंत्री नंदकुमार मिश्र ने प्रस्ताव रखा की स्वर्गीय सरदार महेंद्र सिंह के निधन के बाद एक पद रिक्त है इसके स्थान पर सरदार सुरेंद्र सिंह(नीतू) को सदस्य बनाया जाए जो समिति ने सर्वसम्मत से पारित कर दिया गया और समिति के लोगों ने यह उम्मीद जताई कि सरदार सुरेंद्र सिंह एक सक्रिय सदस्य के रूप में समिति को सहयोग प्रदान करते रहेंगे। इसी क्रम में सदस्य के सभी सदस्यों को आगामी रामायण मेला की अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई इस वर्ष नगर निगम अयोध्या ने रामायण मेला में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पत्र त्रिपाठी ने भरोसा दिलाया और बताया नगर निगम पूर्ण रूप से कार्यक्रम में आपका सहयोग प्रदान करेगा बैठक में मुख्य रूप से जगतगुरु राम दिनेशाचार्य ,सुनीता शास्त्री डॉ निर्मल खत्री ,कमलेश सिंह ,जनार्दन उपाध्याय ,शरद पति त्रिपाठी,आलोक बंसल, शरद कपूर, ,नागा राम लखन दास , शैलेंद्र मिश्र (छोटे),एस एन सिंह,श्री निवास शास्त्री,,सुरेंद्र सिंह (नीटू), उमेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर में जनपद स्तरीय पराली प्रबन्धन से सम्बन्धित गोष्ठी

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के अनुमोदनोपरान्त प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेश फॉर इंस्टिट्यूट मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजना एवं त्वरित मक्का विकास कार्यकम योजनान्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर रायबरेली के प्रांगण में जनपद स्तरीय पराली प्रबन्धन से सम्बन्धित गोष्ठी, कार्यशाला/कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 25 सितम्बर 2024 को किया जा रहा है, जिसमें किसानों को नवीनतम कृषि तकनीक एवं उसके लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने, उनका ज्ञानवर्द्धन करने के सिद्धान्त पर उनके दृष्टिकोण में परिवर्तन लाकर नई कृषि तकनीक को अपनाने हेतु प्रेरित करने, साथ ही किसानों के साथ अपने अनुभवों को बाटने, विशेषज्ञों से मार्ग दर्शन प्राप्त कराने, भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषकोपयोगी योजनाओं एवं देय सुविधाओं की जानकारी कराने तथा कृषि निवेशों की उपलब्धता सुलभ कराने के उ?द्देश्य से गोष्ठी कार्यशाला/कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया जिला कारागार का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की सभी बैरकों, पाकशाला, वीडियों कान्फेसिंग कक्ष व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गयासचिव द्वारा दौरान निरीक्षण बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो। सचिव द्वारा दौरान निरीक्षण बैरकों में पर्याप्त साफ-सफाई कराये जाने के बावत जेलर को निर्देशित किया गयाउक्त के अतिरिक्त केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव व अग्रणी शाखा प्रबन्धक बैंक आफ बड़ौदा रुपेश दुबे से जिला कारागार में निरुद्ध बन्दियों की शिक्षा एवं व्यवसाय के सम्बन्ध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, जिससे कि अधिक से अधिक बन्दी लाभान्वित हो सके निरीक्षण के दौरान जेलर हिमाशुँ रौतेला, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव, जेल चिकित्साधिकारी डा0 सुनील अग्रवाल, उपकारापाल कंचनलता, उपकारापाल धर्मपाल सिंह व पराविधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

निजी अस्पताल का लाइसेंस किया निरस्त, प्रसूता की मौत के मामले में पाया गया दोषी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

प्रसव के दौरान लापरवाही के चलते हुए जच्चा की मौत के मामले में आरोपी ओम गंगोत्री हॉस्पिटल के संचालक व डॉक्टर को दोषी पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कार्रवाई करते हुए अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है

प्रसव के दौरान लापरवाही के चलते हुए जच्चा की मौत के मामले में आरोपी ओम गंगोत्री हॉस्पिटल के संचालक व डॉक्टर को दोषी पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कार्रवाई करते हुए अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। वहीं पुलिस में मृतका के पति की तहरीर पर अस्पताल संचालक, डॉक्टर व आशा बहू पर गंभीर

धाराओं में मुकदमा भी दर्ज किया था शासन के निर्देश पर सीएमओ डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ने जांच टीम गठित की थी। एसीएमओ डॉक्टर अरविंद कुमार की टीम ने जांच कर सीएमओ को रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट के आधार पर ओम गंगोत्री हॉस्पिटल का लाइसेंस निलंबित किया गया है। वहीं जानकारी मिली है कि अभी तक अस्पताल संचालक, डॉक्टर व आशा बहु को पुलिस की पकड़ से दूर हैं। मामला डीह थाना क्षेत्र के मटियारी चौराहे पर स्थित ओम गंगोत्री हॉस्पिटल का है।

पत्नी को डिलीवरी के लिए गंगोत्री हॉस्पिटल ले गया था

गौरतलब है कि पीड़ित अनिल कुमार पुत्र रामलखन निवासी ग्राम बीरपुर मजरे बरावां पोस्ट परशदेपुर ने बताया कि वह गर्भवती पत्नी मंजू देवी की डिलीवरी सुरक्षित तरीके से हो जाए, इसके लिए परेशान था। उसने गांव की आशा बहु को बुला करके दिखवाया तो उन्होंने बोला गंगोत्री हॉस्पिटल ले चल के दिखा दो। जिसके बाद वह पत्नी को गंगोत्री हॉस्पिटल (परशदेपुर) ले गया। वहां डॉक्टर ने देखने के बाद जांच करके बताया डिलीवरी नार्मल हो जाएगी। कुछ समय बीतने के बाद डॉक्टर दबाव बनाते हुए बोले कि ऑपरेशन करने से जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित रहेंगे। जिसके लिए 25 हजार रुपये जमा करना पड़ेगा। पीड़ित के पास 15 हजार रुपये ही थे जिसको उसने जमा कर दियाऑपरेशन के बाद प्रसूता की हालतबिगड़ीपीड़ित ने डॉक्टर से बोला कि शेष पैसे सुबह जमा कर देगा। इसके बाद ऑपरेशन किया गया, जिसके बाद उसकी पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया। ऑपरेशन के बाद संजू देवी की हालत गंभीर होती चली गयी। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे पत्नी को लखनऊ ले जाने के लिए बोला। उन्होंने अपने माध्यम से उसे लखनऊ भिजवाया। लखनऊ में डॉक्टर ने बताया कि ऑपरेशन करते समय प्रसूता के पेशाब की नली को ब्लॉक कर दिया गया था। पेशाब की नली ब्लॉक हो जाने के कारण शरीर में इन्फेक्शन बहुत तेजी से फैल गया है, जिससे महिला की जान बचाना बेहद मुश्किल है। लखनऊ में कुछ दिन इलाज के बाद पीड़ित महिला की पत्नी संजू देवी की मृत्यु हो गई।

उप कृषि निदेशक ऊसर ने विकासखंड सतांव में योजनाओं का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उप कृषि निदेशक भूमि संरक्षण उसर लखनऊ मंडल विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में भूमि संरक्षण अधिकारी रायबरेली जगदीश प्रसाद यादव के द्वारा विकासखंड सतांव में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं का आरएडी में निरीक्षण किया गया तथा गोष्ठी के माध्यम से किसानों को योजना की जानकारी दी गई एवं किसानों को भारी संख्या में निःशुल्क बीज, फलदारवृक्ष,मधुमक्खी पालन के लिए बॉक्स एवं अनुदान पर दुधारू पशुओं को दिया गया। इस अवसर पर वर्मी कंपोस्ट बनाने के लिए किसानो को प्रेरित भी किया गया।

भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत जनपद रायबरेली में क्लस्टर के रूप में सतांव ब्लॉक के चंदौली ग्राम पंचायत को शामिल करते हुए भूमि संरक्षण विभाग द्वारा किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए यह योजना चलाई जाती है। जिसमें उन्नत खेती करने के लिए बीज एवं पशुपालन के लिए दुधारू पशु तथा फलदार वृक्ष एवं वर्मी कंपोस्ट तथा व्यावसायिक गतिविधियों के लिए मधुमक्खी पालन के लिए प्रेरित करते हुए उप निदेशक भूमि संरक्षण लखनऊ मंडल द्वारा योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई तथा भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा किसानों को अनुदान दान इत्यादि की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया।

मौके पर ग्राम प्रधान प्रदीप कृष्ण तथा उन्नतशील किसान काशी प्रसाद वर्मा द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । सोमवार । 23 सितंबर 2024

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

गंगा के जलस्तर में 7 सेंटीमीटर की गिरावट हुई दर्ज

* गंगा के जलस्तर के घटने से ख्योरा कटरी के ग्रामीणों में खुशी की लहर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश की वजह से गंगा समेत सहायक नदियां उफान पर हैं। बैराज के आसपास के करीब एक दर्जन गांव पूरी तरह से जलमग्न हैं। खेतों की फसलें चौपट हो गईं। अमरूद के बाग डूब गए हैं। किनारों पर कटान जारी है। रविवार की सुबह गंगा के जलस्तर में 7 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है। शहर में गंगा कटरी और पांडु नदी के डूबक्षेत्र में बाढ़ के चलते लोगों का जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। सड़कों पर जहां मोटर गाड़ियां फर्राटा भरती थीं, अब वहां नावें चल रहीं हैं। सैकड़ों हेक्टेयर सब्जी की फसलों के साथ अमरूद के बाग पानी में डूब चुके हैं। कटरी क्षेत्र में लगातार कटान जारी है। बाढ़ की चपेट में आए किसानों के लिए जिला प्रशासन इंतजाम कर रहा है। हालांकि राशन-पानी की सुविधाएं बहुत कम लोगों तक पहुंच पा रही हैं। गंगा बैराज के आसपास के करीब एक दर्जन से अधिक गांव पूरी तरह पानी से जलमग्न हैं। गुरुवार से गांवों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। हालांकि रविवार को पानी कुछ कम हुआ, लेकिन हालात अभी भी जैसे के तैसे बने हुए हैं।

नवाबगंज थानाक्षेत्र के दुर्गा पुरवा, बनिया पुरवा, गिल्लीपुरवा, शिवदीनपुरवा, भगवानदीनपुरवा, लक्ष्मणपुरवा और मक्कापुरवा में अभी भी तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। वहीं, ग्वालटोली थाना क्षेत्र के चैनपुरवा, ढ़ारमखेड़ा, दिबनीपुरवा, रामपुर, मंगलपुर, कटरी शंकरपुर सराय, छोटा मंगलपुर, गांव के अधिकतर घर अभी भी बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं। इधर पांडु नदी के डूबक्षेत्र में बाढ़ का पानी कुछ कम हुआ है।

कटरी क्षेत्र में जिला प्रशासन ने बांटी लंच पैकेट व राशन किट

कटरी क्षेत्र में लगातार जिला प्रशासन की ओर बाढ़ क्षेत्र में फंसे हुए लोगों को लंच पैकेट के अलावा राशन के बांटी जा रही है। यह जानकारी तहसीलदार रितेश सिंह दी। उन्होंने बताया की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार लेखपाल व अमीनों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही साथ तीन नावें भी बाढ़ क्षेत्र में लगाई गई है जो की ग्रामीणों को लाने और ले जाने का कार्य कर रही हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की प्रतिदिन की रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही हैं। इसके अलावा बनिया पुरवा चौराहे पर स्थित बाढ़ चौकी से उप जिलाधिकारी ऋतु प्रिया स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की मॉनिटरिंग कर रही है।

रविवार को गंगा बैराज पर गंगा का जलस्तर

रविवार के दिन गंगा बैराज स्थित सिंचाई विभाग में कार्यरत गेज रीडर उत्तम पाल ने बताया कि सुबह के वक्त गंगा के जलस्तर में 7 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है। गंगा बैराज के पैमाने पर अपस्ट्रीम में 114.74 डाऊन 114.49 इसके अलावा गंगा बैराज से 4,20,691 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। नरौरा बांध से 71,077 पानी डिस्चार्ज किया गया वहीं हरिद्वार से 49,2 26 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। शुक्लागंज से 113.09 दर्ज किया गया।

बुजुर्ग को नौजवान बनाने और इजराइली मशीन खरीद कर मोटी कमाई करने का दावा कर ठगे पैसे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

किदवई नगर थाना क्षेत्र से एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है जहां एक बुजुर्ग को नौजवान बनाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी की गई है। 65 वर्षीय बुजुर्ग को इजरायल के वैज्ञानिकों द्वारा निर्मित मशीन से 65 साल से 25 साल का नौजवान बनाने का झांसा देकर शातिरों ने जालसाजी की। पीड़ित ने झांसे मे आकर अपने साथियों के साथ मिलकर कुल 12.50 लाख रुपये दिए। एक साल बाद रकम न मिलने पर उन्हे ठगी का एहसास हुआ। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर के पास जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराई।

मशीनी उपकरण का झांसा देकर बनाया ठगी का शिकार

स्वरूप नगर निवासी रेनू सिंह चंदेल ने बताया कि राजीव कुमार और उनकी पत्नी रश्मि दुबे साकेत नगर मे किराए पर मकान लेकर रिवाइवल वर्ड के नाम से संस्था चला रहे हैं। आरोपियों ने बताया कि इजरायली वैज्ञानिकों द्वारा निर्मित मशीन से बुजुर्गों को नौजवान बनाया जाता है। रेनू और उनके साथियों ने इस संस्था से संपर्क किया। इसके बाद 64 वर्ष से अधिक आयु के 35 लोगों को प्रेसराइज चेंबर मे पांच दिन तक शुद्ध ऑक्सीजन दी गई। जिससे उनका दावा था कि तीन महीने मे उनकी उम्र 25 वर्ष हो जाएगी।

रेनू ने बताया कि आरोपियों ने मशीन को इजरायल से 25 करोड़ रुपये मे खरीदने की बात कही और दो स्कीमों मे 6 लाख और 90 हजार रुपये का निवेश करने का प्रस्ताव दिया। इसके साथ ही स्कीम से लोगों को जोड़ने पर रिवॉर्ड और 50 आईडी एक साथ जोड़ने वालों को गिफ्ट हैं देने की बात कही गई। इस पर उन्होंने 150 आईडी के लिए 9 लाख रुपये और व्यापार को बढ़ाने के लिए 3.50 लाख रुपये निवेश किए।

एक साल मे होगा बड़ा प्रॉफिट

पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने एक साल मे 3.50 लाख रुपये और 2.10 लाख रुपये प्रॉफिट देने का आश्वासन दिया। साल भर बाद आरोपियों ने 1.75 लाख रुपये वापस किए। पैसे वापस मांगने पर उन्होंने प्लांट का काम जल्दी शुरू होने की बात कही। रेनू के मुताबिक इस दौरान आरोपियों ने लोगों से करीब 35 करोड़ रुपये ले लिए। लेकिन न तो उन्हें ऑक्सीजन बार दिया गया और न ही एच वॉट (हाईपर बैरोक ऑक्सीजन थेरपी) की सुविधा दी गई। जानकारी मिली है कि आरोपियों ने नकली प्लांट तैयार किया है और वे करोड़ों की धोखाधड़ी कर विदेश भागने की फिराक मे हैं। वहीं पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिकायत की जिसके बाद कमिश्नर के आदेश पर किदवई नगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

बाढ़ के पानी में डूब कर किशोर की मौत

* जिला प्रशासन द्वारा हिदायत देने के बाद भी नहीं माने, गंवानी पड़ी बेटे की जान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के बनियापुरवा गांव में रविवार की दोपहर राजकुमार अपने तेरह साल के बेटे आदित्य उम्र 13 वर्ष के साथ खेत पर जा रहा था। खेतों में बाढ़ का पानी भरा होने के कारण आदित्य को रास्ते का सही ज्ञान नहीं था। जिसकी वजह से अचानक पैर फिसलने से आदित्य गहरे पानी में डूबने लगा। राजकुमार भी बेटे को बचाने गहरे पानी में कूद गया । चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग भी आदित्य को बचाने पानी में कूद पड़े लेकिन आदित्य को बचा नहीं सकें। जानकारी के बाद एसडीएम सदर ऋतुप्रिया जैन, तहसीलदार रितेश सिंह भी मौके पर पहुंचे। आदित्य के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। लेकिन एसडीएम सदर के समझाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राज़ी हुए। एसडीएम सदर ने परिवार को मुआवजा दिलाने की बात भी कही। इसी के साथ-साथ तहसीलदार रितेश सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसे लोगों को हिदायत दी है। कि गहरे पानी में ना जाए अगर जाना ही है तो जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लगाई गई नाव का इस्तेमाल करें।

सड़क दुर्घटना मे चार ट्रकों की आपसी भिडंत मे लगी भीषण आग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिल्हौर थाना क्षेत्र मे शनिवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ जिसमे चार ट्रक आपस मे टकरा गए और उनमे भीषण आग लग गई। यह दुर्घटना कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर अरौल थाना क्षेत्र के बकौथी गांव के पास हुई। हादसे मे सभी ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और मौके पर मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची टीमों ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

4 साल से चौकी मे रखे मानव कंकाल के ताबूत को पुलिस अधिकारियों ने दिए दफनाने के आदेश

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

यूपी के साढ़ थाना की भीतरगांव चौकी मे 47 महीने से ताबूत मे बंद मानव कंकाल की रखवाली कर रही साढ़ पुलिस को अब राहत मिली है। इस कंकाल को अंततः दो गज जमीन मिल गई है। कई सालों से कंकाल की शिनाख्त न होने के कारण पुलिस को इसे चौकी मे रखना पड़ा था। लेकिन उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बीते दिन रविवार को थाना अध्यक्ष ने मानव कंकाल को रिंद नदी किनारे दफन कर दिया।

साढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव बेहटा बुजुर्ग के पास 30 सितंबर 2020 को एक पेड़ मे मानव कंकाल लटका मिला था। पुलिस ने कंकाल की शिनाख्त के लिए कई प्रयास किए लेकिन सफलता नही मिली। शव मिलने के बाद पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम कराया और कंकाल से सैंपल लेकर डी.एन.ए. टेस्ट के लिए विधि विज्ञान विभाग की प्रयोगशाला झांसी भेजा। पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारियों ने कंकाल को रखने से मना कर दिया। जिसके बाद यह कंकाल भीतरगांव चौकी के एक कमरे मे ताबूत के अंदर रखा गया। करीब 4 साल से इसकी पुलिस द्वारा रखवाली की जा रही थी।

अधिकारियों ने दिया दफनाने का आदेश

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वर्तमान थाना अध्यक्ष केपी सिंह ने उच्च अधिकारियों को इस स्थिति से अवगत कराया। अधिकारियों ने मानव कंकाल को दफनाने का आदेश दिया। इसके बाद थाना प्रभारी केपी सिंह और एस.आई. आनंद द्विवेदी ने मानव कंकाल को रिंद नदी किनारे विधि विधान से दफना दिया। इस प्रकार 47 महीने बाद साढ़ पुलिस को इस कंकाल की रखवाली से छुटकारा मिला और उन्होंने राहत की सांस ली।

पांच नंबर पिच पर होगा खेल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर के ग्रीनपार्क में 27 सितंबर को भारत बनाम बांग्लादेश के बीच पांच नंबर पिच पर टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस पिच पर नवंबर 2021 में भारत बनाम न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट मैच खेला गया था। गेंदबाजों के लिए पहले सत्र पर उछाल मिलेगा, जबकि दूसरा सत्र बल्लेबाजों के लिए फायदेमंद रहेगा। इससे इस पिच पर खूब रन बरसेंगे। आखिर में गेंद स्पिन करने लगेगी। ग्रीनपार्क के पिच क्यूरेटर शिव कुमार ने बताया कि स्टेडियम में कुल नौ पिच हैं, जिसमें से तीन को तैयार किया गया है। टेस्ट मैच पांच नंबर की पिच पर खेला जाएगा। यहां पर कैमरा भी पिच पर फोकस करता है, इसलिए ब्रॉडकास्ट की टीम ने भी इस पिच की अनुमति बीसीसीआई से ले ली थी। पांच नंबर की पिच पर वर्ष 2021 में टेस्ट मैच खेला गया था।




कमिश्नर साहब की कड़ी सख्ती के आगे दक्षिण मे एक साथ तीन चेन तोड़ ले गए लुटेरे

* दरोगा की पत्नी भी हुई शिकार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अपराधियों के विरूद्ध पुलिस कमिश्नरेट की हाईटेक तकनीक के चलते बीते दिन रविवार को दक्षिण जोन मे चेन लुटेरों का अजब-गजब आतंक देखने को मिला है। लुटेरों ने दक्षिण क्षेत्र के तीन थाना क्षेत्रों मे एक के बाद एक चेन लूट की घटनाओं को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। दक्षिण जोन मे लुटेरों द्वारा एक ही दिन मे तीन चेन लूट की घटनाओं ने पुलिस को खुली चुनौती दी है। घटनाओं के बाद सूचना मिलने पर डीसीपी साउथ, एसीपी और थाने की पुलिस ने पीड़ितों से मुलाकात कर लुटेरों के बारे मे जानकारी जुटाई और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच करने मे जुट गई। कुछ कैमरों मे लुटेरों द्वारा लूट की घटना को अंजाम देते हुए फुटेज भी मिला है जिसके आधार पर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

दवा लेकर लौट रही महिला के साथ हुई लूट

बाबूपुरवा एनएलसी चौकी के पास रहने वाली पीड़िता अनामिका ने बताया कि उसके पति सत्यप्रकाश प्रिंटिंग प्रेस का काम करते हैं। आज दोपहर वह अपने पति के साथ स्कूटी से डॉक्टर के पास से दवा लेकर लौट रही थी। जैसे ही वे घर के पास बने चौराहे पर पहुंची। एक बाइक सवार लुटेरे उनके पति के गले मे पड़ी सोने की चेन तोड़कर फरार हो गया। उन लोगों ने लुटेरे का पीछा करने की कोशिश की लेकिन उसे पकड़ नही सके। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना पर डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा, एसीपी बाबूपुरवा और थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। उन्होंने बताया कि चेन लूट की घटना के दौरान घर के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे मे लुटेरा कैद हो गया है।

कैमरे मे कैद हुई लूट की घटना

इसके अलावा लुटेरों ने नौबस्ता थाना अंतर्गत आवास विकास हंसपुरम मे भी चेन लूट की घटना को अंजाम दिया। वहां पूर्व प्रधान राधेश्याम की पत्नी साधना मिश्रा जो किराना स्टोर से घर का सामान लेकर लौट रही थीं तभी बाइक सवार लुटेरे ने चेन तोड़ ली। इस घटना का भी वीडियो घर के बाहर लगे एक सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गया है। इसके थोड़ी देर बाद लुटेरों ने सेन थाना क्षेत्र मे भी एक चेन लूट की घटना को अंजाम दिया।

लुटेरों की तलाश करने मे जुटी पुलिस

लुटेरों द्वारा एक के बाद एक दक्षिण जोन मे लूट की घटनाओं से इलाके मे हड़कंप मच गया है। लुटेरों ने दिनदहाड़े तीन लूट की घटनाएं करके कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की गश्त की पोल खोल दी है। इससे स्पष्ट होता है कि लुटेरों को कानपुर पुलिस का कोई डर नही है। फिलहाल एक ही दिन मे हुई ये चेन लूटें पुलिस के लिए सिरदर्द बन गई हैं और वे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की तलाश मे जुटी हुई हैं।

कानपुर-प्रयागराज रूट पर ट्रेन उड़ाने की रची गई साजिश, सिलेंडर देख पायलट ने लगाया इमरजेंसी ब्रेक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश मे एक बार फिर ट्रेन पलटाने की साजिश का मामला सामने आया है। यह घटना कानपुर-प्रयागराज रेलवे ट्रैक पर घटी जहां एक गुड्स ट्रेन के सामने पटरी पर गैस सिलेंडर रखा हुआ पाया गया। गुड्स ट्रेन कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही थी। लोको पायलट ने समय रहते पटरी पर रखे इस सिलेंडर को देख लिया। लोको पायलट की सतर्कता और सूझबूझ ने संभावित बड़े हादसे को टाल दिया।

इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका गया। जिससे कोई अप्रिय घटना नही हो पाई। घटना के बाद रेलवे प्रशासन ने तुरंत जांच के आदेश दे दिए हैं। नॉर्थ सेंट्रल रेलवे जोन के प्रयागराज डिवीजन के जनसंपर्क अधिकारी (क्क्रह्र) अमित सिंह ने इस मामले की जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि रेलवे की टीम ने सिलेंडर को कब्जे मे लेकर जांच शुरू कर दी है। यह घटना किसने और क्यों की इसका पता लगाने के लिए स्थानीय पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल जांच कर रहे हैं।

लोको पायलट की सूझ-बूझ से टला बड़ा हादसा

ट्रेन कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही थी और उसी दौरान पटरी पर गैस सिलेंडर रखे होने की सूचना मिली। जैसे ही लोको पायलट की नजर पटरी पर रखे सिलेंडर पर पड़ी। उन्होंने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक का इस्तेमाल किया और ट्रेन को रोका। उसकी इस सतर्कता से ट्रेन की टक्कर पटरी पर रखे सिलेंडर से नही हुई जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

रेलवे सुरक्षा बल और पुलिस प्रशासन की जांच हुई शुरू

इस घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे अधिकारियों और स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच मे यह मामला ट्रेन पलटाने की साजिश की ओर इशारा कर रहा है, क्योंकि पटरी पर गैस सिलेंडर रखना किसी दुर्घटना को अंजाम देने का स्पष्ट संकेत है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सिलेंडर को हटवाया और पटरी की जांच की। साथ ही, यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह गैस सिलेंडर वहां किसने और क्यों रखा।

लगातार सामने आ रहीं ट्रेन हादसे की साजिशें

यह पहली बार नही है जब उत्तर प्रदेश मे ट्रेन हादसा करने की साजिश का मामला सामने आया है। पिछले कुछ समय से राज्य मे कई बार ट्रेनों को नुकसान पहुंचाने की कोशिशें की जा चुकी है। इसी प्रकार की घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी हैं जिनमे पटरी पर बड़े पत्थर रखे गए थे या अन्य तरीकों से ट्रेनों को पटरी से उतारने की कोशिशें की गई थीं।

सुरक्षा इंतजामों पर उठ रहे सवाल

इस घटना के बाद रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं कि रेलवे ट्रैक और उसकी सुरक्षा के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जाएं। इस प्रकार की घटनाएं न केवल रेलवे प्रशासन बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती हैं। पुलिस और रेलवे अधिकारियों ने इस घटना के बाद क्षेत्र मे गश्त बढ़ाने और रेलवे ट्रैक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

कानपुर के रोटरी क्लब मे रोटरेक्ट और इंटरेक्ट क्लब की हुई स्थापना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। रोटरी क्लब आफॅ न्यू कानपुर द्वारा मरियमपुर चौराहा स्थित एक बैंक्विट हॉल मे खोले गए रोट्रेक्ट क्लब और इंटरेक्ट क्लब की स्थापना संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पी.डी.जी रोटेरियन चंद्र ऋषि सहित सभी ने श्री गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करी। कार्यक्रम मे आए मुख्य अतिथि ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल की स्थापना को 119 वर्ष हो गए हैं इस समय 200 से भी ज्यादा देशों मे रोटरी कार्य कर रही है। बता दें कि आज 12 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए इंटरएक्ट क्लब की स्थापना की गई है और 18 से ऊपर के लोगों के लिए रोट्रेक्ट की स्थापना की गई है। इसके माध्यम से बच्चों मे स्वयं से ऊपर उठकर सर्विस एबोव सेल्फ सिखाया जाता है। इस अवसर पर इंटरेक्ट और रोटरेक्ट की एडवाइजर रो. डॉ.नवीन मोहिनी निगम ने कहा कि आज का युवा वर्ग भारत का भविष्य है। रोटरी हमेशा वर्तमान युवा पीढ़ी को भविष्य मे आने वाली चुनौतियों के लिए इंटरेक्ट और रोटरेक्ट क्लबों द्वारा नए नेतृत्व को तैयार करती है। रोटरी क्लब ऑफ न्यू कानपुर की अध्यक्षा रो. संगीता गुप्ता ने सभी का स्वागत किया एवं कहा कि प्रत्येक संस्था को नई सोच एवं नई रोशनी की आवश्यकता होती है ताकि नए विचारों एवं नव ऊर्जा का संचार हो सके। इसी को ध्यान मे रखते हुए क्लब द्वारा रोट्रेक्ट एवं इंटरेक्ट क्लब खोले गए हैं एवं क्लब द्वारा चार और इंटरेक्ट क्लब खोले जा रहे हैं। नए खोले गए क्लब रोटरैक्ट क्लब ऑफ कानपुर ग्रैंड मे रोट्रैक्ट कौस्तुभ गुप्ता प्रेसिडेंट, रोट्रैक्ट आदित्य गुप्ता सेक्रेटरी, रोट्रैक्ट प्रखर ओमर कोषाध्यक्ष को पिन लगाकर क्लब का कार्यभार सौंपा गया। वहीं नए खोले गए इंटरएक्ट क्लब मे अध्यक्ष इंटरएक्ट आस्था द्विवेदी को सचिव, इंटरएक्ट सिद्रा जेहरा को पिन लगाकर क्लब का कार्यभार सौंपा गया। इस अवसर पर संगीता गुप्ता अध्यक्ष, शिखा गुप्ता सचिव, चार्टर प्रेसिडेंट रो. विनोद ऋषि, असिस्टेंट गवर्नर रो. अंकुर शुक्ला, रो. प्रमोद गुप्ता, रो. मोना ओमर, रो. रीना, रो. सोनिका, रो. अंशुमानी, रो. रितेश, रो. पंकज गुप्ता, रो. जी. एस. निगम आदि लोग मौजूद रहे।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

डिजिटल वॉर से सकते में दुनिया

अब इसे इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर कहें, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिग्नल का इस्तेमाल या कुछ भी, रेडियो वेव से चलने वाले हजरों पेजर्स फिर वॉकी-टॉकी और सोलर सिस्टम में थोक में हुए विस्फोट संचार क्रान्ति के लिए बड़ी चुनौती जरूर हैं। ऐसी घटनाओं की सूचनाएं कब कहां से आने लगे इसका भी डर है। दुनिया भर में घर-घर उपयोग हो रहे तमाम इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स वजह-बेवजह शक के दायरे में आ गए। यह नई चुनौती मुंह बाए एकाएक आ खड़ी हुई। क्या पता आगे ऐसे गैजेट्स को बनाने की चंद देशों की हुनरमंदी और बदनीयती दुनिया भर में नई तबाही का कारण भी बनें?

संचार क्रांति के दौर में चौतरफा और रोजाना नित नई तकनीकों से दुनिया रू-ब-रू हो रही है। मोबाइल, जीपीएस, इण्टरनेट, बिना ड्राइवर की गाड़ियों से लेकर अब कृत्रिम मेधा यानी एआई (आर्टीफीसियल इण्टेलीजेन्स) के युग में 1950 के जमाने में न्यूयॉर्क से निकले पेजर, 74 वर्षों के बाद पहली बार और एक साथ सीरियल ब्लास्ट में तब्दील हो जाएंगे, भला किसने सोचा था? रेडियो फ्रिक्वेंसी पर चलने वाले पेजर का क्रेज अब न के बराबर है। लेकिन किसी पकड़ या सुराग के लिहाज से बेहद सुरक्षित पेजर का उपयोग आतंकी गतिविधियों में जरूर थोक में होने लगा। इसमें न जीपीएस होता है और न ही कोई आईपी एड्रेस, इसलिए लोकेशन ट्रेस का सवाल ही नहीं। इसका नंबर भी बदला जा सकता है। इसीलिए इसका पता लगाना आसान नहीं होता। बस इसी चलते एक बड़ी साजिश को अंजाम देकर बड़े षड्यंत्र के तहत 9/11 जैसी बल्कि उससे भी बहुत बड़े दायरे में लेबनान में हर वो शख्स विस्फोट का शिकार हुआ जो साजिश के पेजर रखे था। चिन्ता की बात यह कि मामला पेजर तक नहीं रुका बल्कि रेडियो वॉकीटॉकी जैसे दूसरी कम्युनिकेशन डिवाइस यहां तक कि घरों में लगे सोलर सिस्टम भी फटने की बातें सामने आईं। धमाकों का शक इजराइल पर जताया जा रहा है। इन विस्फोटों को लेकर पूरी दुनिया हैरान है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी तनाव और बढ़ गया है। पूरे मिडिल ईस्ट में युद्ध के खतरे की स्थिति बन चुकी है। वायरलेस उपकरणों में सीरियल विस्फोटों के बाद कई घरों, दुकानों, बाइक और दूसरे वाहनों में भी आग लग गई। एक तरह से पूरा क्षेत्र विस्फोटों की जद में आ गया। वहां अब लोग इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को लेकर डरे हुए हैं। हर कोई हैरान है कि पेजर जैसा साधारण उपकरण बम में कैसे बदल गया? इसको लेकर पुख्ता तौर पर तो अभी किसी तरह की सच्चाई सामने नहीं है लेकिन विस्फोट को लेकर तरह-तरह के कयास जरूर हैं। संभावनाओं में पेजर में लगी लीथियम बैटरी शक में है जो अत्याधिक गर्म होने पर फट सकती है। लेकिन इस थ्योरी पर भी ज्यादा भरोसा नहीं है। वहीं, दूसरी दमदार संभावना साजिश के पेजरों को बनाने के वक्त ही इनमें विस्फोटक छुपाने की है जिससे सप्लायर अन्जान हो? यकीनन साजिश बहुत बड़ी रही जिसको लेकर किसी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। बैटरियों में खराबी या गुणवत्ता की कमी के चलते मोबाइल में विस्फोट तो हो जाते हैं लेकिन एक तयशुदा वक्त पर रेडियो फ्रिक्वेंसी आधारित छोटे से उपकरण में सीरियल ब्लास्ट का ट्रिगर दबना-दबाना, हैरान कर रहा है। क्या किसी कोडिंग से ऐसा हो पाया? या वजह कुछ और है? ऐसी तमाम बातों की पर्तों को खुलने में वक्त लगेगा। आखिर ऐसी कौन सी रासायनिक श्रृंखला प्रतिक्रिया को अंजाम दिया गया जो अलग-अलग और काफी दूर-दूर तक ट्रिगर में बदल गईं? हैकर ने ट्रिगरिंग सिग्नल भेजने के लिए कौन सा तरीका अपनाया? फिलहाल केवल कयास हैं। रेडियो नेटवर्क से संचालित पेजर पर ऐसा कौन-सा सिग्नल भेजा गया जो बैटरियां गर्म हुईं और इतनी कि कथित तौर पर साथ रखे घातक विस्फोटक फटे जिन्हें लॉट विशेष में छिपाने की संभावना कही जा रही है। एक सच जरूर है कि कुछ महीने पहले थोक में खरीदे पेजर ही फटे ऐसे में उनमें खतरनाक ज्वलनशील विस्फोटक को छुपाने की थ्योरी जरूर बनती है। सच के लिए इंतजार करना होगा। लेकिन एक सवाल हर किसी के दिमाग में कौंधने लगा है कि मोबाइल या दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कितने सुरक्षित? खाते खाली होना तो कभी हैक हो जाना, कभी क्लोनिंग के जरिए पूरा डेटा चुरा लेने जैसी घटनाओं को लेकर दुनिया भर में सायबर सिक्योरिटी पर न केवल जोर है बल्कि पूरी गंभीरता है।

एक्सप्रेस आलेख

धार्मिक स्थलों का समग्र विकास किया जा रहा है। जिससे विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी सकारात्मक सन्देश मिले। महंत अवैद्यनाथ का सपना अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर भव्य और दिव्य राम मंदिर का निर्माण और बहुसंख्य हिंदू समाज की एकता थी। अपने समय में उन्होंने अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गोरक्षपीठ की शैक्षिक और सांस्कृतिक परंपरा को समृद्ध किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और लोककल्याण को सर्वोपरि माना। गोरखनाथ मंदिर की वर्तमान भव्यता उनके मार्गदर्शन में स्थापित हुई। विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक अशोक सिंघल ने कहा था कि वह श्री रामजन्म भूमि के प्राण थे।

गोरक्ष धाम समारोह का सनातन संदेश



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

तीन पीढ़ियों के संघर्ष के बाद यह काम उनके ही शिष्य गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में पूर्ण हुआ। महंत अवैद्यनाथ श्रीरामजन्म भूमि यज्ञ समिति के अध्यक्ष व रामजन्म भूमि न्यास समिति के आजीवन सदस्य थे। वह महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद से जुड़ी शैक्षणिक संस्थाओं के मासिक पत्रिका योगवाणी के संपादक भी रहे।

गोरक्ष पीठ ने सन्यास और समाजसेवा के उच्च प्रतिमान स्थापित किए है। यहां के संन्यासियों ने सदैव इस मार्ग का अनुसरण किया। अपने आचरण और व्यवहार से सनातन संस्कृति का संदेश दिया। इसकी सुदीर्घ परंपरा है। वर्तमान पीठाधीश योगी आदित्यनाथ सन्यास और समाज सेवा को इस यात्रा को प्रभावी रूप से आगे बढ़ा रहे है। इसी आधार पर उन्होंने सुशासन की स्थापना की है। गोरक्ष पीठ में एक सप्ताह का समारोह आयोजित किया गया। इसके माध्यम से सनातन संस्कृति का संदेश दिया गया। सनातन की इस यात्रा में गोरक्ष पीठ का भी योगदान रहा है। चौदह से इक्कीस सितंबर तक गोरखपुर में साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन महंत द्वय की स्मृति में किया गया। पहले दिन श्रीमद्भागवत कथा के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ था। इसके अगले दिन से समाज और राष्ट्र से जुड़े विषयों पर संगोष्ठी आयोजित होती रहीं। लोकतंत्र की जननी है भारत, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर बढ़ता भारत, सामाजिक समरसता महायोगी गोरखनाथ और नाथपंथ के विशेष सन्दर्भ, संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति भारतीय संस्कृति एवं गो-सेवा आदि विषयों पर मंथन किया गया। समारोह के आखिरी दो दिन युगपुरुष महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसके अलावा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्घाटन योगी आदित्यनाथ ने किया। नाथपंथ भारत के प्राचीन संत परंपराओं में से एक है, जिसकी जड़ें गुरु गोरक्षनाथ तक जाती है. यह परंपरा मुख्यतः योग और साधना पर केंद्रित रही है. नाथपंथ का उद्भव नौवीं और दस वीं शताब्दी में हुआ था। यह पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में फैला. इसके प्रवर्तक गुरु मत्स्येन्द्रनाथ और गुरु गोरक्षनाथ माने जाते हैं, जिन्होंने ध्यान,योग और सामाजिक समरसता को अपने उपदेशों का मूल विषय बनाया. नाथपंथ के माध्यम से सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया जाता है. गुरु शिष्य परंपरा के निर्वहन के साथ लोक कल्याण के लिए समर्पित गोरक्षपीठ में गुरुजन के प्रति श्रद्धा समर्पण का साप्ताहिक समारोह ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक सभ्य और समर्थ समाज के लिए पहली आवश्यकता शिक्षा की होती है। इसी उद्देश्य महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की गई थी। यह काम धनोपार्जन के लिए नहीं बल्कि लोक कल्याण के लिए किया गया था।

और महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के पुण्य स्मरण में संचालित हुआ। इसमें सनातन संस्कृति से जुड़े विषयों पर वृहत जानकारी दी गई। भारतीय चिंतन में कर्मयोग और संन्यास का वृहत विश्लेषण है। इन पर अमल करने वालों की अनवरत परंपरा रही है। अनगिन शासकों और राजनेताओं ने समाज के लिए निजी हित और पारिवारिक जीवन का परित्याग किया। गोरक्ष पीठाधीश योगी आदित्यनाथ इस महान विरासत को चरितार्थ कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने विधिवत संन्यास ग्रहण किया है। वह संन्यास धर्म की मर्यादाओं में रहते हुए समाज सेवा के पथ पर चल रहे हैं। यह मेरा है और यह पराया,इस तरह की सोच संकीर्ण विचारधारा वालों की होती है। उदार विचारधारा वालों के लिए तो यह सम्पूर्ण पृथ्वी ही परिवार के समान होती है। योगी आदित्यनाथ ने इसी सिद्धांत का अनुसरण किया। उनका राष्ट्र और समाज की सेवा में सम्पूर्ण समर्पण है। इसी के अनुरूप परिवार भावना का विस्तार है। भारतीय चिंतन के अनुरूप सुशासन में अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी विरोधाभासी नहीं है। देश की प्रगति में सभी का योगदान और महत्व होता है। पर्यावरण की रक्षा से देश की प्रगति हो सकती है। यह भारत ने दुनिया को करके दिखाया है। प्रकृति, पर्यावरण,पशु,पक्षी भारत के लिए केवल स्थिरता सुरक्षा के विषय नहीं हैं। यह हमारी संवेदनशीलता और आध्यात्मिकता का भी आधार हैं। संन्यास आश्रम के साथ समाज सेवा को जोड़कर चलने की भी परम्परा रही है। इस मार्ग का अनुसरण करने वालों ने निजी जीवन संन्यास को अपनाया, इसी के साथ उसमें समाज सेवा का भी समावेश किया। इस प्रकार के उदाहरणों की भी कमी नहीं है। नाथ पंथ में इसका महत्व रहा। योगी आदित्यनाथ संन्यास की इसी परम्परा पर चल रहे है। वह निजी जीवन में संन्यास आश्रम की मर्यादाओं का अमल करते है। इसके साथ ही समाज सेवा के प्रति भी समर्पित है। संन्यास और समाज सेवा का सामंजस्य उनके आचरण में परिलक्षित होता है।अपना प्रत्येक पल समाज के चिंता व सेवा में लगाने का प्रयास करते है। संन्यास व समाज की यह भावभूमि उन्हें लोगों के कष्ट पर व्यथित करती है। यही कारण है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश की संचारी रोग आपदा का लोकसभा में वर्णन करते हुए उनकी आँखें छलक जाती है। मुख्यमंत्री बने तो इस समस्या के समाधान पर ध्यान दिया। इस मामले में अभूतपूर्व सफलता मिली है। समाज के प्रति उनकी संवेदना अक्सर दिखाई देती है। संन्यास व आस्था के विषय में उनका अलग रूप परिलक्षित होता है। वैसे वह आस्था के विषयों को भी विकास से जोड़ देते है। तीर्थ स्थलों के विकास इसके प्रमाण है। वह राजनीति को ध्यान में रख कर आस्था की अभिव्यक्ति नहीं करते है। यह विषय सहज स्वाभाविक रूप से उनके जीवन में शामिल है। वह अपने संबोधन में कहते हैं रामोविग्रह वान धर्मः' अर्थात श्रीराम धर्म के साक्षात स्वरूप हैं, राम ही धर्म है। धर्म के जो साक्ष्य किसी जगह मिलते हैं, वह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम में ही मिलते हैं। इसलिए भगवान श्रीराम और धर्म परस्पर पूरक है। अयोध्या धर्म के पथ की अनुगामी है। यही श्रीराम और सनातन धर्म की विशेषता है। प्रभु श्रीराम जी का जीवन चरित्र सामाजिकता के साथ-अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष देने वाला है। योगी आदित्यनाथ वैभव व आस्था के अनुरूप पौराणिक नगरों का विकास कर रहे है।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	षष्टी 13:50 तक
नक्षत्रः	रोहिणी 22:07 तक
पक्षः	कृष्ण
वारः	सोमवार
योगः	सिद्ध, 27:09
सूर्योदयः	06:11
सूर्यास्तः	18:15
चंद्रमाः	वृषभ राशि में
राहुकालः	07:41-09:12
विक्रमी संवत्:	2082
शक सम्वतः	1946
मासः	आश्विन
शुभ मुहूर्तः	11:49-12:37

जन एक्सप्रेस

पूंछ रहे सवाल !!

साध कर निशाना ।
पूंछ रहे सवाल ।।
सच सच बतलाएं ।
करता कौन बवाल ।।
ले लिए हैं हम ।
नया अब अवतार ।।
ना कहो चालाक ।
है यह तो व्यवहार ।।
कथनी और करनी में ।
भले रहा मैं भिन्न ।।
हमको है सताया ।
अंदर से मैं खिन्न ।।
मांग रहा मैं वोट ।
जोड़ लिया है हाथ ।।
ना आगे भटकाना ।
वरना मैं अनाथ ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

एक अंग्रेज नुमा नेता जी हिंदी दिवस पर आये, करने भाषण बाजी । बोले, लेट अस सेलिब्रेट एन एन्जॉय हिंदी डे, मुझे हिंदी अच्छी नही आती मेरे पूरे परिवार को नही भाती, मेरा पूरा खानदान लंदन, केम्ब्रिज में लिखा और पढ़ा है केवल सत्ता के लिए देश से चिपका हुआ पड़ा है। माँ विदेशी बाप आधा देशी आधा विदेशी , माँ को हिन्दी नही आती उन्हें इस बात पर शर्म और हया भी नही आती फिर मंद बुद्धी नेता ने एक किया कारनामा एक बुजुर्ग कवि से मंच से ही पूछ लिया एक राज की बात बताइये मेरा थोड़ा ज्ञान बढाइये हिंदी दिवस को अंग्रेजी में क्यों नही मानाते हैं, केक काटकर डीजे के सामने क्यों नही नाचते, बुजुर्ग कवि मुस्कुराये मंद बुद्धी नेता की बातों पर थोड़ा तरसाये, भरमाये हँसे और बोले बेटा देश का यही दुर्भाग्य है ।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

शिक्षा हमें स्वतंत्रता की ओर ले जाती है, जहां हमारी सोच की कोई सीमा नहीं होती

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

डायरिया (दस्त) होने पर बच्चे को भूलकर भी न पिलाएं चीनी का पानी, बिगड़ सकती है तबीयत

पेट से जुड़ी समस्याओं के कारण लोग अक्सर परेशान रहते हैं। आपका खानपान और खराब लाइफस्टाइल का सीधा असर आपके पाचन पर पड़ता है। खराब खानपान के कारण लोगों को दस्त या डायरिया की समस्या बढ़ जाती है। खासकर बच्चों में डायरिया की समस्या बहुत ज्यादा देखने को मिलती है। ऐसे में बच्चों को बार-बार दस्त होने पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ऐसे में अक्सर लोग चीनी का पानी उन्हें पिलाने लगते हैं। लेकिन डायरिया होने पर डॉक्टर चीनी का पानी पिलाने लगते हैं, जिसके कारण उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।

डायरिया होने पर चीना का पीना क्यों नहीं पिलाना चाहिए?: डॉ. पावन मंडाविया ने बताया कि, माता-पिता की एक छोटी सी गलती के कारण 9 साल के बच्ची की मौत हो गई। दरअसल, बच्ची को डायरिया हो गया था, जिस कारण वो कुछ भी खा या पी नहीं रही थी, इसलिए बच्ची के पेरेंट्स ने बच्चे के शुगर लेवल को कंट्रोल में रखने के लिए रात भर उसे चीनी का पानी पिलाते रहे। पूरी रात चीनी का पानी पीने के बाद सुबह होते-होते, बच्ची के शरीर में शुगर लेवल 500 पार चला गया और बच्ची कोमा में चली गई। डॉ. पावन मंडाविया ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि जब बच्चे को डायरिया होता है तो शरीर में पानी की कमी हो जाती है, ऐसे में अगर आप बच्चे को चीनी का पानी देते हैं, तो उसके शरीर में शुगर की मात्रा अचानक से बहुत ज्यादा बढ़ जाती है और इसके कारण उन्हें डायबिटिक कीटोएसिडोसिस जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। इस समस्या के कारण बच्चे के दिमाग में सूजन भी आ सकती है, जिस कारण बच्चा कोमा में चला जाता है।

डायरिया होने पर क्या खाएं या पिएं

- केले का सेवन करें, जो पोटेशियम से भरपूर होते हैं और आपके शरीर से खोए हुए इलेक्ट्रोलाइट्स को भरने में मदद करते हैं।
- सादा सफेद चावल खाने के लिए दें, जो पचाने में आसान होता है और मल को मजबूत कर सकता है।
- उबले हुए आलू पेट के लिए हल्के होते हैं और शरीर को ताकत देने में मदद करते हैं।
- दलिया खाने के लिए दे सकते हैं जो पेट के लिए हल्का होता है और इसमें घुलनशील फाइबर होते हैं।
- आप ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन यानी ओआरएस का घोल पिला सकते हैं, जो शरीर से खोए हुए इलेक्ट्रोलाइट्स को भरने में मदद करता है।
- हर्बल चाय जैसे कैमोमाइलया अदरक की चाय पेट को आराम दे सकती है और मतली की समस्या से भी आराम दिला सकती है।
- नारियल पानी में नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो पोटेशियम से भरपूर होते हैं और डायरिया में आपके सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

एक्सप्रेस विशेष

देश की जरूरत है समान नागरिक संहिता और चुनाव-सुधार



गिरीश्वर मिश्र

मीडिया चुनावी घमासान में इस कदर मशगूल होता है कि और सारे मुद्दे धरे रह जाते हैं। चुनाव कहीं भी हो मीडिया का खटराग पूरे देश को जगाए रखता है। अपने -अपने पक्ष में सत्य रचने की कवायद देख-देख जनता बुरी तरह थकती जा रही है।

लोक सभा और प्रदेश की विधान सभाओं के चुनावों के अलग -अलग आयोजित होने का एक अनपेक्षित किन्तु देश के लिए निश्चित रूप से एक अहितकर परिणाम यह होता है कि स्थानीय मुद्दों और समग्र देश के लिए सोचने के बारे में अस्पष्टता रहती है। अतः राजनैतिक दलों को इस विकल्प पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए कि देश में लोकसभा और प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं।

'गण' समूह की इकाई का बोधक प्राचीन शब्द है। वह एक ऐसी इकाई जो सुपरिभाषित हो और जिसका परिगणन संभव हो। गण 'संघ' का पर्याय है और गणों का समूह भी। देवताओं में विघ्न विनाशक गणेश जी 'गणपति' के रूप में विख्यात हैं। अभी-अभी पूरे देश में उनकी वंदना का उत्सव मनाया गया। स्वयं गणपति तो सेकुलर हैं पर सेकुलर राजनीति उनको ग़ैर-सेकुलर मानती है। भारत की संसद ने एक संविधान को अंगीकार किया जो सामाजिक विषमताओं और असमानताओं को दूर करने और नागरिक जीवन के विधिसम्मत संचालन की व्यवस्था करता है। उल्लेखनीय है कि देश की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता और बहुलता उस समय भी मौजूद थी जब संविधान बन रहा था। परंतु उस दौरान सब के बीच देश की एकता मुखर थी और उसके प्रति एकल प्रतिबद्धता थी देश को स्वतंत्रता मिली और 'स्वराज' यानी अपने ऊपर अपना राज स्थापित करने का अवसर मिला। स्वराज का भाव जिम्मेदारी भी सौंपता है। हमने स्वतंत्रता का स्वाद तो चखा पर उसके साथ की जिम्मेदारी उठाने में कतराते गए। देश को देने की जगह क्या क्या पा लें इस चक्कर में भ्रष्टाचार, भेदभाव, द्वेष, संघर्ष तथा अवसरवादिता बढ़ने लगी। अब नैतिक मानकों से परे हट कर धनबल, बाहुबल और जाति बल के साथ दबंग-बल राजनीति में प्रभावी हो रहा है। बेरोजगारी और मंहगाई आम लोगों के लिए विकट समस्या है। अब लोकसभा और राज्यसभा में भी अभद्र व्यवहार बढ़ रहा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर निरंकुश अराजकता के चलते संसद न चले यह लोकतंत्र के लिए घातक है। देश और समाज की चिंताओं पर आज सत्ता की लालसा हावी हो रही है। राजनीति कमाऊ व्यवसाय का रूप लेती जा रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की स्वतंत्रता को रचनात्मक कार्यक्रमों से जोड़ने की कोशिश की थी परंतु राजनीति आडंबरों में फँसती गई। देश और राष्ट्र की चिंता पृष्ठभूमि में जाती रही और हम भूल गए कि हम देश के ऋणी हैं। हमने उसे उपभोग की वस्तु बना दिया। पृथ्वी को मातृभूमि मान कर पुत्र की तरह उसकी सेवा सुश्रूषा और रक्षा करने की बात अटपटी लगने लगी। अपना हक़ जताते हुए हम दोहन करने लगे। पर %नागरिक% होने का अर्थ सभी भारतीयों के लिए क्या हो इसे सवाल बनाया जा रहा है और सबके लिए एक नागरिक संहिता या यूसीसी को कुछ लोगों के नागरिक होने के अधिकार की स्वतंत्रता पर आघात के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि नागरिक होने के नाते सभी भारतीय कुछ मूल अधिकारों को पाने और कुछ कर्तव्यों का पालन करने के अनिवार्य दायित्व से खुद ब खुद स्वाभाविक रूप से जुड़ जाते हैं। सामान्य जीवन निर्बाध रूप से चल सके इसके लिए एक देश में एक तरह के नागरिकता बोध को व्यवहार में लाना जरूरी है। गौरतलब है कि यूसीसी सेकुलर दृष्टि से सबको एक नागरिक का दर्जा देता है। समानता और समता के उद्देश्य को पाने के लिए यह एक निर्णायक कदम होगा। चुनाव संसदीय प्रजातंत्र की हमारी बहुदलीय राजनैतिक व्यवस्था की एक बड़ी खूबी है जिसके सहारे आम जनता देश के शासन में अपनी भागीदारी महसूस करती है। सामान्यतः प्रदेश और देश के स्तर पर ये चुनाव पांच साल के अंतराल पर आयोजित होते हैं। आज़ादी मिलने के बाद दोनों साथ होते थे पर अब आज की स्थिति यह हो गई है कि इन चुनावों का केलेंडर अलग ही हुआ करता है । इन चुनावों के दौरान हो रही उठा-पटक के साथ पूरे देश का माहौल गर्माता रहा है। चुनावी खेल का महोत्सव लगभग साल भर चलता ही रहता है और इसे देख देख जनता ऊब चुकी है और नेता गण भी थक जाते हैं । हर चुनाव कोई एक क्षणिक घटना न हो कर कुछ महीनों तक खिंचने वाली लम्बी प्रक्रिया होती है। इसमें न केवल राजनैतिक दल अपनी जोर आजमाइश करते हैं बल्कि चुनाव आयोग और सरकारी प्रशासन तंत्र को लम्बी चौड़ी व्यवस्था को भी चाक-चौबंद रखना पड़ता है। चुनाव कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने पर हज़ारों करोड़ का खर्च बैठता है जिसका भार जनता ही उठाती है। सरकार भी राजनैतिक पार्टी से जुड़ी होती है इसलिए उसके काम बाधित होते हैं ख़ास तौर पर आचार संहिता का ग्रहण लगने पर सब काम ठप हो जाता है। चुनावी दंगल का लगातार होते रहना पक्ष और प्रतिपक्ष किसी के भी हित में नहीं दिखता। वस्तुतः निरंतर चल रहे चुनाव का खामियाजा देश में हर किसी को भुगतना पड़ता है। सरकारी काम का हर्जा तो होता ही है सरकारी खर्च बढ़ता है, साथ में प्रशासनिक मुश्किलें भी बढ़ती हैं। परन्तु इन सबसे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण यह है की सतत चुनाव के चलते राजनैतिक राग-द्वेष की सतत गूंज सामाजिक परिवेश को प्रदूषित करती है ।

पत्रकार महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक का हुआ आयोजन

* नई कार्यकारिणी के गठन की रूपरेखा तय
* पत्रकार महासंघ नया इतिहास रचने को तैयार

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। पत्रकार महासंघ की नई कार्यकारिणी के गठन व अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के लिए आवश्यक बैठक का आयोजन रविवार को राष्ट्रीय सहारा कार्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एनके मिश्रा ने की। बैठक का संचालन करते हुए पत्रकार गुफरान अहमद ने संगठन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।पत्रकार महासंघ की नई कार्यकारिणी के गठन के सन्दर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक खीरी रोड स्थित राष्ट्रीय सहारा कार्यालय पर आहूत की गई। बैठक में जनपद मुख्यालय के लगभग सभी समाचारपत्रों से जुड़े तमाम प्रमुख संवाददाता मौजूद रहे।बैठक में कार्यकारिणी के गठन, शपथ ग्रहण समारोह सहित तहसील व ब्लॉक प्रभारियों के चयन पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार कमल मिश्रा ने कहा कि पत्रकार महासंघ पुराना संगठन है, लेकिन इस बार चुनाव प्रक्रिया न करके सभी सदस्यों की सहमति से पदाधिकारी चुने जाएंगे। वरिष्ठ पत्रकार गंगेश उपाध्याय ने कहा कि इस संगठन मे उन्ही लोगों को जगह दी जाएगी जो किसी न किसी मीडिया संस्थान से अधिकृत रूप से जुड़े हों। वरिष्ठ पत्रकार अजय द्विवेदी ने कहा कि वर्षों पूर्व इस संगठन का गठन हुआ था जो किन्ही कारणोंवश निष्क्रिय हो गया था, लेकिन सभी के प्रयास से पत्रकार महासंघ पुनः सक्रिय हो रहा है। वरिष्ठ पत्रकार श्याम जी अग्निहोत्री ने कहा कि पत्रकारिता एक जोखिम भरा कार्य है, पत्रकारों को वर्तमान समय में संगठित होने की जरूरत है। पत्रकार महासंघ से जुड़ने के लिये किसी उम्र व जाति की सीमा नही है। उन्होने कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि इस संगठन में सभी अनुभवी एवं किसी न किसी अद्भुत प्रतिभा के धनी पत्रकार जुड़े हैं। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों की जायज मांगों को सही पटल पर गंभीरता से प्रस्तुत करना एवं अपने संगठन के द्वारा समाज को भी नई दिशा प्रदान करना भी होगा। अधिवक्ता व वरिष्ठ पत्रकार मो0 सईद खान ने कहा कि आज बहुत ही गर्व और खुशी का दिन है कि पत्रकार इस संगठन के माध्यम से अब और भी

आपस में सामंजस्य बनाने में सफल होंगे। वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार गौड़ ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यह संगठन सभी वर्गों के लिये आने वाले समय में अपनी कार्य प्रणाली से एक मील का पत्थर साबित होगा। हम सभी का सौभाग्य है कि इस संगठन में आज मौजूद सभी पत्रकार साथी पत्रकारिता जगत में एक अलग प्रतिभा के धनी हैं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ पत्रकार नन्द कुमार मिश्रा ने कई पुराने ऐतिहासिक और बेहद रोचक संस्मरण सुनाते हुए कहा कि हमारे कार्यकाल में हमेशा पत्रकार हर एक से सम्मानजनक तरीके से कार्य कराने में सफल होते थे और हर वर्ग चाहें वह प्रशासनिक हो, राजनीतिक हो, समाजसेवी हो बेहद सम्मान की दृष्टि से हम सभी पत्रकारों का सम्मान करते थे और हर जायज बात को गंभीरता से सुनने के उपरांत मानते थे।

उन्होने कहा कि हर सामाजिक वर्ग पत्रकारों को लोक सेवा का पहला स्तम्भ मानता था और वही सम्मान पत्रकारों को प्राप्त था। उन्होने कहा कि हमारी शुभकामनाएं इस संगठन के साथ हैं और हम सभी प्रयास करेंगे कि युगों-युगों तक हम सभी के कार्यों से लोग इस संगठन को पहचानें। पत्रकार राजीव मिश्रा ने कहा कि पत्रकार महासंघ को पत्रकारों के हित के लिये फिर से खड़ा हो गया है, महासंघ पत्रकारों के हित के लिये कार्य करता रहेगा। वरिष्ठ पत्रकार धर्मेश शुक्ला एवं विकास शुक्ला ने भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संगठन के उज्जवल भविष्य के लिये अपनी शुभकामनाएं दीं। बैठक में अवध किशोर जायसवाल, राजेन्द्र सिंह, अवनीश शुक्ला,अंकित श्रीवास्तव, अनुज शुक्ला, अंकुर श्रीवास्तव, उमंग गुप्ता, आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये।अंत में संयोजक ऋषभ त्यागी ने अगली रूपरेखा बताने के साथ-साथ सभी का आभार व्यक्त किया।

किसान को सांप ने डसा, मौत

* पशुओं के लिए खेत में गन्ने की पत्ती तोड़ने के दौरान हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

खेत पर काम करने गए युवक की सांप के डसने से मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना खीरी की पुलिस चौकी नकहा के गांव नौव्वापुर में शनिवार को सांप ने एक किसान को डस लिया। वह पशुओं के लिए बाढ़ के पानी में होते हुए खेत पर गन्ने की पत्ती तोड़ने गए थे। मौके पर पहुंचे परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने किसान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

शारदा नदी के उफनाने से गांव नौव्वापुर बाढ़ की चपेट में हैं। खेतों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा हुआ है। इससे ग्रामीणों को पशुओं के चारे के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गांव नौव्वापुर निवासी 40 वर्षीय छोटे

पुत्र राम अवतार शनिवार की दोपहर बाद पशुओं के लिए गन्ने की पत्ती तोड़ने खेतों की तरफ गए थे। पत्ती तोड़ते समय बाढ़ के पानी में बहकर आए जहरीले सर्प ने उन्हें डस लिया। सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने किसान को मृत घोषित कर दिया। परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

14 दिन में दूसरी बार लुटा सेल्समैन

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में एक शराब के ठेके के सेल्समैन को 14 दिन में ही दूसरी बार लूट लिया गया। लूटे गए सेल्समैन का आरोप है कि घटना की जानकारी देने पर मौके पर पहुंचे एक पुलिस कर्मी ने उसे तमाचा भी मार दिया। लूट के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मिश्रीपुर निवासी धर्मपाल राठौर मझिला थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गाजी गांव में स्थित देसी शराब के ठेके पर सेल्समैन है। धर्मपाल के मुताबिक शनिवार रात वह ठेका बंद कर बाइक से अपने गांव जा रहा था। कठमा मिश्रीपुर के बीच में अचानक झाडियों से निकले तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया। इनमें से एक के पास डंडा और दो के पास तमंचा था। आरोप है कि बदमाशों ने उससे 12 सौ रुपये लूट लिए। और झोले में रखी सब्जी सड़क पर फेंक दी। घर पहुंचकर उसने यूपी 112 पर घटना की जानकारी दी। पुलिस और पीआरवी के पहुंचने पर ग्रामीणों के साथ वह फिर घटनास्थल पर गया।

अंतरराष्ट्रीय मानव मिलन संस्था ने दिनेश जैन को किया सम्मानित

* हरियाणा के सोनीपत में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मानव मिलन सम्मेलन में तिकुनिया निवासी समाजसेवी दिनेश जैन को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

तिकुनिया निवासी व्यापारी पत्रकार व अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन परिवार के नगर अध्यक्ष दिनेश जैन को हरियाणा के सोनीपत में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन सम्मेलन के दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान संस्था के संस्थापक ने समाज सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के चलते सम्मानित किया है। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मानव मिलन सम्मेलन के दौरान भारत व नेपाल के कोने-कोने से सैकड़ो लोगों ने हिस्सा लिया। मानव मिलन परिवार से जुड़े तमाम लोगों को जो समाज सेवा से जुड़े कार्य करते हैं, उनको सम्मानित भी किया गया। भारत व नेपाल के कोने-कोने से ऐसे लोगों को विशेष रूप से आमंत्रित भी किया गया था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असम के पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी थे। संस्था के संस्थापक जैन संत डॉक्टर मणिभद्र मुनि जी महाराज सहित मानव मिलन परिवार के पदाधिकारियों ने भी दिनेश जैन को सम्मानित किया। सम्मान से गदगद दिनेश जैन ने जैन संत अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन संस्था के संस्थापक डॉ मणिभद्र मुनि जी महाराज का आभार जताया। दिनेश जैन अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष भी हैं। पत्रकारिता से जुड़कर भी वह क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को उठाते रहते हैं। मानव मिलन संस्था का मुख्य उद्देश्य मानव से मानव को जोड़ना है। शिक्षा, स्वास्थ्य में लोगों को आने वाली दिक्कतों को भी दूर करना ही मानव मिलन संस्था का मुख्य उद्देश्य है। भारत और नेपाल दोनों देशों में परस्पर संबंध बनाने व मिलकर रहने के लिए भी इस संस्था ने कई कदम उठाए हैं। संस्था के संस्थापक डॉ मणिभद्र मुनि जी महाराज भारत व नेपाल दोनों देशों में करीब एक लाख किलोमीटर पैदल यात्रा कर लाखों लोगों को संस्था में जोड़ चुके हैं। समाजसेवी दिनेश जैन ने बताया की जैन संत डॉक्टर मणिभद्र मुनि जी महाराज के मार्गदर्शन में भारत व नेपाल के लाखों लोग आज दिन रात गौ माता की सेवा कर रहे हैं। लाखों लोग मांसाहार छोड़कर शुद्ध शाकाहारी बन चुके हैं।

शिक्षा के साथ हमें खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

महमूदाबाद। शिक्षा के साथ हमें खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने से हमें अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का उचित अवसर मिलता है। शिक्षित व्यक्ति ही अच्छे समाज का निर्माण कर सकता है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थी का चहुंमुखी विकास होता है। सीता चिल्ड्रेन एकेडमी में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन, भारत माता व सरस्वती माता के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ.आशीष वर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। इससे पूर्व कॉलेज के चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर वाजपेयी, वाइस प्रिंसिपल अवनीश अवस्थी, बरखा जायसवाल ने मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथि संचालक शांती हॉस्पिटल डॉ. शैलेंद्र वर्मा का स्वागत बैज अलंकरण, माल्यार्पण, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। संचालन प्रियांशी जायसवाल व आभार प्रदर्शन डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर वाजपेयी द्वारा किया गया।

सीता ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन इंग्लिश मीडियम ब्रांच में नवरात्र स्पेशल, श्री राम अयोध्या आगमन, कंप्यूटर मॉडल, गांधी जयंती, डांडिया, भाषण प्रतियोगिता, गरबा नृत्य सहित संपन्न हुई अन्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही इशिका, कृशिल निगम, नित्या रस्तोगी, यशवी जैन, आराध्या मिश्रा, अंश पटेल, शिवेंद्र प्रताप, अमृतांश वर्मा, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कुशाग्र, नव्या मिश्रा, प्रणीत, अनुष्का, इशिता, वैष्णवी पांडेय, निष्ठा वाजपेयी, पृथ्वी पांडेय, गौरी गुप्ता, नव्या सिंह, अनिकेत बंसवार, समर और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली, आस्था राज, आशी राठौर, अनुष्का यादव, सृष्टि वर्मा, आरोही वर्मा, आराध्या पटेल, आदर्श, आयुष्मान, रवि कुमार, अनन्या, भव्या सोनी, आनंद यादव, दृष्टि, अभि सहित करीब आधा सैकड़ा से अधिक विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

कस्बा नॉनवेज फी बन जाने से व्यवसायियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

पुलिस विभाग की सख्त कार्रवाई से कस्बा नॉनवेज फी बन जाने से व्यवसायियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं चिकन मटन खाने वालों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। दूसरे कस्बा से महंगे दामों में खरीद कर खाने को मजबूर हुए हैं। जिसकी शिकायत व्यापारियों ने समाधान दिवस में आई डीएम खीरी से भी की थी। कस्बा में चिकन मटन के विक्रेता सकूर अहमद अनीश, अब्दुल हामीद, रफीक, मोहम्मद अलीम और सलीम समेत सभी 11 व्यापारियों ने संयुक्त रूप से बताया उनका यह पुश्तैनी धंधा है। सभी के पास बिक्री करने के वैद्य लाइसेंस हैं। लंबे समय से व्यवसाय करके चले आ रहे हैं। अचानक उनके सामने संकट खड़ा हो गया जिसको लेकर उन्होंने संयुक्त रूप से सभी व्यापारियों ने समाधान दिवस में आई डीएम खीरी से अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस इंस्पेक्टर के अनुसार व्यापारियों के पास मांस काटने का लाइसेंस नहीं है इसलिए रोक लगाई गई है। पुलिस ने चिकन मटन और मछली की बिक्री पर भी रोक लगा दी थी लेकिन अब मछली की बिक्री शुरू हो गई है वहीं मटन और चिकन बंद है।

एसडीएम डॉ.अवनीश कुमार ने बताया उन्हें इस प्रकरण की जानकारी नहीं है। व्यापारियों के पास मांस काटने का लाइसेंस नहीं होना बताया गया है। प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

खेलते हुए गोमती नदी में गिरा बालक डूबा, परिजनों में कोहराम

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना क्षेत्र के गांव जमुनियां शहबाज के निकट बह रही गोमती नदी के किनारे बकरी चराने गए आठ साल के बालक का खेलते समय पैर फिसल गया और वह नदी में जा गिरा। साथी बच्चों की सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों ने ग्रामीणों की मदद से उसकी नदी में काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। मौके पर पहुंची पुलिस डूबे बच्चे की तलाश करा रही है। मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के जमुनिया शहबाज निवासी तोता राम का आठ साल का पुत्र उधम गांव के हम उम्र

साथियों के साथ रविवार की दोपहर बाद बकरी चराने गोमती नदी के किनारे गया था। बताते हैं कि बच्चे नदी के किनारे खेल रहे थे। इसी बीच पैर फिसलने से उधम नदी में जा गिरा। इससे वहां हड़कंप मच गया। बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। साथी बच्चों ने उसके घर वालों को हादसे की जानकारी दी। इससे परिवार में चीख पुकार मच गई।

रोते-बिलखते परिवार के लोग तमाम ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ नदी में उधम की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी गोताखोरों को नदी में उतारकर उधम की तलाश कराई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

पुलिस किशोर की नदी में तलाश करा रही है।

रास्ते पर टूटे पड़े बिजली के तार चपेट में आकर बच्चे की मौत

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना खीरी क्षेत्र के गांव मस्जिद पुरवा में एक घर के सामने टूटा पड़ा करंट प्रवाहित तार बच्चे के लिए काल बन गया। रविवार को तार की चपेट में आकर करंट लगने से सात साल के बच्चे की मौत हा गई। इससे उसके परिवार में चीख पुकार मच गई है। परिवार वालों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को हादसे के लिए दोषी ठहराया है। हादसे के बाद लोगों में बिजली विभाग के प्रति काफी रोष है। गांव मस्जिद पुरवा में राम स्वरूप के घर के पास एक बिजली का तार टूटा पड़ा था, जिसमें करंट भी दौड़ रहा था। गांव के लोगों ने इसकी सूचना बिजली कर्मचारियों का देकर तार को ठीक कराने की मांग की थी, लेकिन कर्मचारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। उसके कुछ ही देर बाद सात वर्षीय छोटू रास्ते से निकल रहा था। वह तार की चपेट में आ गया और उसे करंट लग गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह देख गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने किसी तरह से तार काटा। परिजनों का आरोप है कि यदि सही समय पर विद्युत विभाग इस तार को ठीक कर देता तो शायद आज उनका बच्चा जीवित होता। हादसे के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति काफी रोष है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अभी परिवार के लोगों ने कोई तहरीर नहीं दी है।तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

लोकतंत्र सेनानी की बीमारी के बाद हुई मौत

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

तहसील क्षेत्र के ब्लाक महमूदाबाद के माझिंगनवा गांव निवासी 70 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी का लम्बी बीमारी के बाद लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। सूचना पाकर लोकतंत्र सेनानी के घर पहुंची पुलिस ने सलामी दी।अंतिम संस्कार में सैकड़ो लोगों ने हिस्सा लिया। माझिंगवा गांव निवासी 70 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी वीरेंद्र वर्मा पुत्र कामता वर्मा बीते दिनों से बीमार थे। परिजन इलाज के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।शनिवार को उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। अंतिम संस्कार के लिए उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचने पर सैकड़ों लोगों ने अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया। कोतवाल अनिल सिंह ने दलबल के साथ पहुंच कर लोकतंत्र सेनानी को सलामी देते हुए अंतिम संस्कार में हिस्सा लेकर विदाई दी।

यूजर आईडी को फर्जी तरीके से चलाने वाला गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

यूआईडीएआई की ओर से आधार बनाने के लिए जारी की जाने वाली यूजर आईडी को फर्जी तरीके से संचालित करते हुए लोगो की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है एक युवक फरार।दोनों युवक मोहम्मदी थाने के गांव धमौला में फर्जी तरीके से आधार बना रहे थे। और जन्मप्रमाण पत्र भी तत्काल बना रहे थे जिसे आधार कार्ड बनाने के दौरान इस में स्कैन कर रहे थे पुलिस की छापेमारी के दौरान उनका एक साथी भागने में सफल रहे हैं।मामले का पर्दाफाश करते हुए मोहम्मदी पुलिस ने लोगो की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के गांव धमौला में छापेमारी की जहां गांव में फर्जी आईडी से आधार कार्ड बनाते हुए एक लोग को गिरफ्तार किया है।एक लोग फरार युवक ने अपना रविंद्र पुत्र भोला निवासी ढकिया खुर्द पुवायां जिला शाहजहांपुर बताया हैं। वही जबकि इनके साथी नीतीश भाग जाने में सफल रहे। मौके से फर्जी तरीके से बनवाने में उपयोग होने वाले सामान को भी बरामद किया गया है। जिसको कोतवाली लाया गया पूछताछ जारी। आधारकार्ड बनाने वाले प्रति आधार कार्ड 500 रुपए और मनमाफिक धनराशि वसूलते हैं।देखना यह है कि फर्जी आधार कार्ड बनाने वालो पर पुलिस क्या कार्यवाही करती है। एसडीआई शिवम मिश्रा ने बताया मीडिया के माध्यम से हमको जानकारी मिली है जिस पर कल मौके पर जाकर इनक्वायरी की उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा नीतीश रामपुर बालमिया में कार्यरत हैं।

ग्राहक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

टाटा मोटर्स की डीलरशिप वन स्टाप ऑटोमोटिव गोला नई बाईपास निकट टीवीएस एजेंसी पर ग्राहक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो ग्राहकों का सम्मान किया गया।

वन स्टाप के एमडी जय राज ने सभी ग्राहकों को वन स्टाप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया और टाटा मोटर्स की कार्मशियल वाहन जैसे टाटा ऐस इंट्रा, वी व योद्धा व सीएनजी वाहनों के बारे में बताया कि आप कैसे कम पैसे लगाकर गाड़ी मालिक बन सकते है।

वन स्टाप के मैनेजर पंकज मिश्रा ने सम्मान समारोह में आये सभी ग्राहक बन्धुओ का स्वागत करते हुए जानकारी दी कि अब गोला में टाटा मोटर्स का भव्य शोरूम खुल गया है जहां से आप कामर्शियल वाहन खरीद सकते है साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिए बड़ा सर्विस सेंटर भी खोल दिया गया है जिससे आप अपनी गाड़ी की सर्विस भी गोला में करा सकते है। इस मौके पर वन स्टाप के सेल्स टीम के प्रशांत पांडे, आशुतोष तिवारी, तेजपाल, महिंद्रा ट्रैक्टर मैनेजर राजकिशोर त्रिवेदी, वर्कशॉप मैनेजर इरफान, एकाउंटेंट परमेश दीक्षित, सहित एहसान, व मैकेनिक मौजूद रहे।

स्वामी विद्या चैतन्य जी महाराज तीन दिवसीय दौरे पर यशस्वी मुख्यमंत्री के साथ

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। गोरखपुर में महामण्डलेश्वर स्वामी विद्या चैतन्य जी महाराज तीन दिवसीय दौरे पर पूज्य दिग्विजयनाथ जी एवं पूज्य अवैद्यनाथ जी की पावन पूर्ण तिथि श्रद्धान्जली समारोह में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के साथ दर्शन पूजन एवं मन्च साझा करने का अवसर प्राप्त हुआ। जिसमें सनातन धर्म एवं हिन्दू धर्म की रक्षा के लिये, सुरक्षा के लिये, समरसता के माध्यम से समाज को एक सूत्र में बाधनें के लिये विचार विमर्श हुआ। जनमानस के अन्दर सनातन धर्म के प्रति कैसे जागरूकता आये। ऐसे कई बिन्दुओं पर समस्त देश-विदेश से आये साधु-सन्तों एवं महन्तों ने अपने विचार व्यक्त किये। सनातन धर्म, संस्कृति, देश की सुरक्षा का संकल्प लिया।

पखवाड़ा के अन्तर्गत नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्ड वासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका परिषद गोला द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चल रहा है।उसी क्रम आज नगर के मो0 लक्ष्मी नगर कालोनी के श्यामा प्रसाद मुखर्जी में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने वार्ड वासियों को स्वच्छता रखने के साथ दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई ।इसी के साथ राम जानकी विद्या मंदिर में बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा स्वयं, अपने परिवार व आप - पास के लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि, नगर को स्वच्छ बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है, नगर में खाली पडे प्लाट व जल भराव वाले स्थानों की सफाई कराई जाएगी। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, सफाई नायक राहुल बाल्मीकि, सफाई नायक दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

अंधेर नगरी चौपट राजा : उत्तर प्रदेश में लेखपाल प्रमोशन प्रक्रिया में भारी असमानताएं

जन एक्सप्रेस EXCLUSIVE

जन एक्सप्रेस। देवरिया

अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी, टके सेर खाजा÷—यह कहावत उत्तर प्रदेश में लेखपाल प्रमोशन की प्रक्रिया पर बिल्कुल सटीक बैठती है। इस प्रमोशन प्रक्रिया में अनुभव और योग्यता के बावजूद कुछ को 30 साल की सेवा में प्रमोशन मिल रहा है, जबकि कुछ को 10 साल की सेवा में ही उच्च पद मिल जा रहा है। यह प्रक्रिया लेखपालों की मेहनत, उनके अनुभव और योग्यताओं का सही मूल्यांकन करने में असफल रही है, जिससे पूरे राजस्व विभाग में असंतोष की भावना पैदा हो रही है।

प्रमोशन में भारी अनियमितताएं

उत्तर प्रदेश में वर्तमान समय में राजस्व निरीक्षक के पद पर प्रमोशन की प्रक्रिया चल रही है। इसमें लेखपाल, संग्रह अमीन और भू अर्जन अमीन की प्रोन्नति हो रही है। प्रक्रिया के तहत जहां 10 दिसंबर 1997 तक नियुक्त लेखपालों को प्रमोशन मिल रहा है वहीं 6 जनवरी 2006 तक नियुक्त संग्रह अमीनों को भी प्रमोशन दिया जा रहा है और 17 फरवरी 2014 तक नियुक्त भू अर्जन अमीन भी प्रमोशन पा रहे हैं।

लंबे समय से सेवारत लेखपालों का टूट रहा मनोबल

परंतु इस प्रक्रिया में जो सबसे बड़ी असमानता उभर कर आई है, वह यह कि जिन लेखपालों ने 20 से 30 साल तक सेवा की है, उन्हें भी प्रमोशन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं, जिन अमीनों की सेवा अवधि अपेक्षाकृत कम है, उन्हें तेजी से प्रमोट किया जा रहा है। यह असमानता न केवल लेखपालों के मनोबल को तोड़ रही है, बल्कि विभाग के कार्य-प्रवाह में भी बाधा डाल रही है।

प्रमोशन में कोटे की समस्या

राजस्व निरीक्षक के पद पर लेखपाल संवर्ग का 76 प्रतिशत कोटा है, जबकि संग्रह अमीन का 22 प्रतिशत और भू अर्जन अमीन का 2 प्रतिशत कोटा निर्धारित है। लेखपालों की संख्या काफी अधिक होने के कारण उन्हें समय पर प्रमोशन का अवसर नहीं मिल पा रहा है। दूसरी ओर, अमीनों की संख्या कम है, और उन्हें कोटे के कारण तेजी से प्रमोशन मिल रहा है। इस कोटा प्रणाली की वजह से लेखपालों को उनका हक समय पर नहीं मिल रहा, जिससे प्रमोशन प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी हो रही है।

चपरासी से अधिकारी बनने की प्रक्रिया

लेखपालों के लिए सबसे अपमानजनक स्थिति यह है कि उनके साथ काम करने वाले चपरासी, जो कि समूह 'घ' का पद होता है, प्रमोशन पाकर पहले अमीन और फिर राजस्व निरीक्षक बन रहे हैं। इस प्रमोशन के बाद वही चपरासी अब लेखपालों के अधिकारी बन रहे हैं, जबकि लेखपालों ने वर्षों की मेहनत और अनुभव अर्जित किया है। यह स्थिति न केवल लेखपालों के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचाती है, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में भी असंतुलन पैदा करती है।

प्रशिक्षण और योग्यता का अभाव

अमीनों को प्रमोशन देकर राजस्व निरीक्षक बना दिया जाता है, लेकिन उनकी भूमि सीमांकन और भूलेख की जटिल प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता नहीं होती। राजस्व निरीक्षक का मुख्य कार्य भूमि का सीमांकन करना, फील्डबुक तैयार करना और भूमि से संबंधित विवादों को हल करना होता है, जो लेखपाल के कार्यों से सीधे संबंधित है। प्रमोशन पाए हुए अमीन इन कार्यों में सक्षम नहीं होते, और अंततः लेखपालों को ही ये जिम्मेदारियां निभानी पड़ती हैं। इससे विभागीय कार्यों की गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है, क्योंकि जिन अधिकारियों को सही जानकारी नहीं है, वे सिर्फ दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर करके काम चला रहे हैं।

पारदर्शिता की कमी

प्रमोशन की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है। न तो चयन प्रक्रिया में स्पष्ट मानदंड अपनाए जा रहे हैं, और न ही किसी तरह का फीडबैक सिस्टम स्थापित है। इससे लेखपालों के लिए यह जानना मुश्किल हो जाता है कि उनका प्रमोशन क्यों रोका गया है, जबकि अन्य को तेजी से पदोन्नति मिल रही है। इस स्थिति में, कई बार भ्रष्टाचार और पक्षपात की शिकायतें भी उभरती हैं, लेकिन इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है।

समाधान और सुझाव

इस समस्या का समाधान तभी संभव है, जब प्रमोशन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं:

1. योग्यता और अनुभव आधारित प्रमोशन- प्रमोशन प्रक्रिया में केवल सेवा अवधि ही नहीं, बल्कि कर्मचारी की योग्यता और उसके अनुभव का भी आकलन होना चाहिए।
2. पारदर्शिता सुनिश्चित करना- प्रमोशन के लिए स्पष्ट मापदंड और फीडबैक सिस्टम बनाया जाना चाहिए, जिससे सभी कर्मचारियों को पता हो कि उनके प्रमोशन में देरी क्यों हो रही है।
3. प्रशिक्षण कार्यक्रम- राजस्व निरीक्षक पद पर प्रमोट होने से पहले, सभी अमीनों और अन्य कर्मचारियों को भूलेख और सीमांकन की पूरी जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि वे अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से कर सकें।

निष्कर्ष

लेखपालों की प्रमोशन प्रक्रिया में सुधार की अत्यंत आवश्यकता है। पारदर्शिता की कमी, योग्यता का अभाव, और कोटे की वजह से हो रही गड़बड़ी से लेखपालों का मनोबल गिर रहा है।सरकार को भी इस पर उचित कदम उठाकर स्थिति को सुधारना चाहिए। इससे न केवल लेखपालों के अधिकारों की रक्षा होगी।

गोदाम में अवैध राशन भंडारण पर राईस मिल मालिक पर दर्ज हुआ मुकदमा

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

अवैध खाद्यान्न का भंडारण करने पर राईस मिल मालिक के खिलाफ केस दर्ज, जांच में जुटी विभागीय टीम।खाद्यान के अवैध भंडारण के मामले में जिलाधिकारी अनुनय झा के निर्देशों के क्रम में जिला खाद्य विपणन अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य एवं रसद विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विकास खण्ड घुघुली मे स्थित राईस मिल मेसर्स शिवम ट्रेडर्स, भैंसी, महराजगंज के मिल परिसर में छापेमारी की गई । जांच के पश्चात रसद विभाग की टीम ने जिला अधिकारी को रिपोर्ट सौंपी। जनता दर्शन के दौरान प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को तत्काल मौके पर जाकर जांच करने का निर्देश दिया। छापेमारी के दौरान मिल परिसर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रयोग होने वाली चावल की 2977 बोरियां बरामद की गई और साथ ही 1090 बोरी सरकारी क्रय में प्रयुक्त होने वाली प्लास्टिक की बोरियां भी मौके से प्राप्त हुईं।टीम द्वारा पूछताछ के दौरान मौके पर उपस्थित मिल के प्रतिनिधि उपरोक्त संग्रहण के सम्बन्ध में कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाये। उपरोक्त चावल के विश्लेषण के उपरांत पाया गया कि चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रयोगार्थ है।इस संबंध में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त कृत्य के लिये मेसर्स शिवम ट्रेडर्स, भैंसी के भागीदार शिवेन्द्र वर्मा एवं शिव प्रसन्न वर्मा के विरूद्ध ईसी एक्ट-3/7 (आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7) में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही की गई।

पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन तहसील ईकाई की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। चौरीचौरा

पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई चौरीचौरा की मासिक बैठक का आयोजन ब्लॉक मुख्यालय ब्रहमपुर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष योगेंद्र मौर्य ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव उमाशंकर शुक्ल और विशिष्ट अतिथि सुमेर नाथ पाण्डेय रहे। बैठक में संगठन के विस्तार और सदस्यों की सक्रियता पर विशेष चर्चा की गई।मुख्य अतिथि उमाशंकर शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा, ÷संगठन में अनुशासन और सदस्यों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। यदि ये दोनों कारक मौजूद हैं, तो संगठन ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है।÷ पत्रकार हित संगठन का मुख्य उद्देश्य- योगेन्द्र मौर्य तहसील अध्यक्ष योगेंद्र मौर्य ने बताया कि, ÷पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन पत्रकारों के हितों की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्यरत है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है।÷बैठक में नए सदस्य अमित कुमार दूबे का स्वागत किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश यादव, विनय दूबे, रजत शुक्ला, विनोद पासवान, महेश पासवान, दुर्गेश कुमार गुप्ता, रामसिंह गौतम, अभिषेक प्रजापति, मुकेश जायसवाल, केश्वर गौड़, वसी उल सिद्धिकी, जामीर अंसारी, रामसनेही, अमित कुमार दूबे, आशुतोष पाण्डेय, रामसेवक पासवान, धनंजय त्रिपाठी, विकास कुमार, वेद प्रकाश सिंह, पंकज पटवा, चंदन वर्मा, सतीश सिंह सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे।

लोगों की सुनीं समस्याएं, बोले सबको होगी इलाज में मदद

गोरखपुर में सीएम ने लगातार तीसरे दिन लगाया जनता दरबार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। तीन दिनों में कुल 900 लोगों की समस्याओं को सुना गया।

जनता दर्शन में सीएम योगी ने 300 लोगों से की सुनीं समस्याएं

रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन का आयोजन किया गया, जहां लगभग 300 लोग मुख्यमंत्री से मिले। सीएम योगी ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर बैठे लोगों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी को न्याय मिलेगा और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने सख्त कानूनी कार्रवाई करने की बात कही।

इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाने पहुंचे लोग

मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने पहुंचे, जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। सीएम योगी ने आयुष्मान कार्ड की जानकारी ली और कार्ड न होने पर आश्वासन दिया कि सरकार पूरी मदद करेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज से जुड़े सभी प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण किया जाए और हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य पूरा हो।

राजस्व व पुलिस मामलों में पारदर्शिता और निष्पक्षता पर जोर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों में अधिकारियों को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए और हर पीड़ित की मदद संवेदनशीलता के साथ की जाए। इसके अलावा, जनता दर्शन में आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने दुलारते हुए चॉकलेट गिफ्ट किया और उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर में डाक्टरों की लापरवाही से मरीज की मौत, पुलिस चौकी ने नहीं ली पीड़ित परिवार की तहरीर

* परिजनों ने किया हंगामा तो मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा गार्डों ने डंडों से पीटा

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

बीआरडी मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में एक मरीज की मौत के बाद हंगामा खड़ा हो गया। आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही के चलते 40 साल के कमलेश निषाद की मौत हो गई,इसके बाद गार्डों ने तीमारदारों को घेरकर उनकी पिटाई की। इससे विवाद और बढ़ गया। घटना की सूचना पर पहुंची मेडिकल कालेज चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, लेकिन पीड़ित से तहरीर नहीं ली गई।

परिजनों का विरोध और सुरक्षा गार्डों की कार्रवाई, मेडिकल की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह

परिजनों ने शव को ट्रामा सेंटर के बाहर रखकर न्याय की गुहार लगाने लगे तो तैनात सुरक्षा गार्डों ने शव को हटाने की कोशिश की, जिससे दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। इसके बाद गार्डों ने तीमारदारों को घेरकर उनकी पिटाई किया। सुरक्षा गार्डों द्वारा पीड़ित परिवार की पिटाई करना मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा खड़ा कर रहा है।

एक घंटे में तोड़ा दम

दरअसल, कमलेश पिपराइच क्षेत्र के जंगल धूषण का निवासी था। उसकी तबीयत दो दिनों से खराब थी। उनके भतीजे अनिरुद्ध ने बताया कि उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लाया गया, लेकिन करीब एक घंटे के अंदर ही कमलेश ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें इलाज के दौरान अपशब्द सुनने को मिले, जिससे विरोध बढ़ गया।

पुलिस की भूमिका पर भी उठ रहे सवाल

घटना की सूचना पर पहुंची मेडिकल चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, लेकिन पीड़ित से तहरीर नहीं ली गई। इस घटना ने अस्पताल में सुरक्षा और इलाज की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

तहरीर मिलने पर जांच कराकर की जाएगी कार्रवाई: सीओ

घटना के संबंध में पूछे जाने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ क्षेत्र योगेन्द्र सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज चौकी की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। अभी कोई तहरीर पुलिस को नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सेवा से बड़ा कोई परोपकार इस संसार में नहीं है: आलमगीर अंसारी

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

किसी इंसान को कामयाब होने के लिए सिर्फ दौलत की जरूरत नही होती है कुछ कामयाबी ऐसी होती है जो बिना दौलत के कमाई जाती है जिला कुशीनगर रहने वाले रेड हिल्स?? ग्रुप सीएमडी आलमगीर अंसारी उन चुनिंदा लोगो मे से एक है जो इन दिनों पूरे उत्तर प्रदेश अपनी कार्यशैली से लाखों दिलो पर राज कर रहे हैं। आइये जानते है वरिष्ठ रेड हिल्स?? ग्रुप समाजसेवी सीएमडी आलमगीर अंसारी का क्या कहना है कैसे वो इस मुकाम पर पहुंचे। जहाँ बड़े बड़े धनवान नही पहुंच पाते हैं। रेड हिल्स?? ग्रुप श्री अंसारी का कहना है कि दूसरों के प्रति निःस्वार्थ सेवा का भाव रखना ही जीवन में कामयाबी का मूलमंत्र है। निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा से किसी का भी हृदय परिवर्तन किया जा सकता है। हमें अपने आचरण में सदैव सेवा का भाव निहित रखना चाहिए, जिससे अन्य लोग भी प्रेरित होते हुए कामयाबी के मार्ग पर अग्रसर हो सकें।

सेवारत व्यक्ति सर्वप्रथम अपने, फिर अपने सहकर्मियों व अपने सेवायोजक के प्रति ईमानदार हो। इन स्तरों पर सेवा भाव में आई कमी मनुष्य को धीरे-धीरे पतन की ओर ले जाती है। सेवा भाव ही मनुष्य की पहचान बनाती है और उसकी मेहनत चमकाती है। सेवाभाव हमारे लिए आत्मसंतोष का वाहक ही नहीं बनता बल्कि संपर्क में आने वाले लोगों के बीच भी अच्छाई के संदेश को स्वतः उजागर करते हुए समाज को नई दिशा व दशा देने का काम करता है। जैसे गुलाब को उपदेश देने की जरूरत नहीं होती, वह तो केवल अपनी खुशबू बिखेरता है। उसकी खुशबू ही उसका संदेश है। ठीक इसी तरह खूबसूरत लोग हमेशा दयावान नहीं होते लेकिन दयावान लोग हमेशा खूबसूरत होते हैं, यह सर्वविदित है। सामाजिक, आर्थिक। सभी रूपों में सेवा भाव की अपनी अलग- अलग महत्ता है। बिना सेवा भाव के किसी भी पुनीत कार्य को अंजाम तक नहीं पहुंचाया जा सकता। सेवा भाव के जरिए समाज में व्याप्त कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने के साथ ही आम लोगों को भी उनके सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया जा सकता है। असल में सेवा भाव आपसी सद्भाव का वाहक बनता है। जब हम एक-दूसरे के प्रति सेवा भाव रखते हैं तब आपसी द्वेष की भावना स्वतः समाप्त हो जाती है और हम सभी मिलकर कामयाबी के पथ पर अग्रसर होते हैं।

अवैध पैथोलॉजी पर छापा, सेंटर बंद कर संचालक हुए फरार, उरुवा में हुई कार्रवाई

* स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पैथोलाजी सेंटर एवं निजी अस्पतालों पर चस्पा किया नोटिस

जन एक्सप्रेस। उरुवा, गोरखपुर

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उरुवा क्षेत्र के 10 पैथोलाजी सेंटर व दो निजी अस्पतालों की जांच की। कार्रवाई की सूचना मिलते ही अवैध सेंटर संचालक सेंटर बंद कर फरार हो गए। बंद मिले सभी सेंटरों पर पीएचसी उरुवा प्रभारी चिकित्साधिकारी ने नोटिस चस्पा किया। बताते चलें कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में सीएमओ कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक सहायक अजीत सिंह एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी उरुवा डाक्टर जे पी तिवारी ने नेतृत्व में छापेमारी की गई। डाक्टर जेपी तिवारी ने बताया कि उरुवा क्षेत्र के परसा तिवारी निवासी प्रदीप त्रिपाठी ने शासन को पत्र लिखकर क्षेत्र में संचालित अवैध पैथालाजी सेंटर व निजी अस्पतालों की जांच कर कार्यवाही की मांग की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए शासन ने जिलाधिकारी गोरखपुर को निर्देशित किया। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को जांच करने का निर्देश दिया था। उक्त निर्देश पर उरुवा कस्बे सहित अन्य क्षेत्रों में जांच की गई। जांच के दौरान कई पैथोलाजी सेंटर, निजी अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद मिले।

इन अवैध सेंटरों पर हुई कार्रवाई

विभागीय टीम ने माडर्न पैथोलाजी, हाईटेक पैथोलाजी,कैशिल्या पैथोलाजी, शुभम पैथोलाजी, जनता पैथोलाजी, विवेक पैथोलाजी, हेल्थ केयर पैथोलाजी, लाइफ केयर पैथोलाजी, बेबी सेफ पैथोलाजी, मां दुर्गा पैथोलाजी, डा. नसरुद्दीन व डा.आर के यादव द्वारा संचालित निजी अस्पताल पर नोटिस चस्पा कराया गया। डाक्टर जेपी तिवारी ने बताया कि अवैध सेंटर संचालकों विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

दुष्कर्म के मामले में चार भारतीय समेत दो नेपाली नागरिकों पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। सोनौली महराजगंज

पड़ोसी देश नेपाल में भैरहवा के एक होटल में महराजगंज जिले की एक सोशल मीडिया इंफ्लूएंशर युवती के साथ दुष्कर्म और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर नेपाल पुलिस ने इस मामले में चार भारतीयों व दो नेपाली नागरिक समेत छह आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों में तीन युवक महराजगंज जिले के और एक गोरखपुर व दो नेपाल के निवासी हैं। नेपाल पुलिस ने बताया कि घटना बीते गुरुवार की है। महराजगंज जिले की युवती भैरहवा के एक होटल में पहुंची थी। वहां चार भारतीय युवकों व दो नेपाली युवक मौजूद थे।

जानकारी के मुताबिक किसी बात को लेकर दोनों नेपाली नागरिकों ने युवती के साथ मारपीट की। होटल में मारपीट देख मैनेजर ने नेपाल पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। थोड़ी देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के आने पर युवती ने सभी छह आरोपियों पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। उक्त घटना 18 सितंबर 2024 को रात 12 बजे की बताई जा रही है। बरहाल पुलिस ने अभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित युवती की तहरीर पर सभी छह युवकों के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही नेपाल पुलिस

नेपाल के भैरहवा पुलिस के मुताबिक इस मामले में अफरोज (36) शालू खान (27) व अतर रजा (31) महराजगंज जिले के निवासी हैं। चौथा आरोपित बदलू खान गोरखपुर जिले का रहने वाला है। इनके अलावा नेपाल के ओमसतिया गांव पालिका चार निवासी शाहरुख तेली (32) व अकबाल खान (25) को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद शनिवार को सात दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर जांच पड़ताल की गई। इसमें से एक आरोपित परतावल क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है।

बोले नेपाल राष्ट्र के रुपंदेही एसपी रंजीत सिंह राठौर

रूपंदेही के एसपी रंजीत सिंह राठौर ने बताया कि भारतीय युवती के साथ दुष्कर्म के आरोप में आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। सात दिन का पुलिस रिमांड लेकर सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

आर्म रेसलिंग पंजा लड़ाना प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

जन एक्सप्रेस। आगरा

इंडो बॉडीबिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन की ओर से मिस्टर यूपी आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप में खंदारी स्थित बम्बई वाली बगीची पर खिलाड़ियों ने खूब पंजे लड़ायें। शुरूआत मुख्य अतिथि नीरज सोनी और संस्थापक अध्यक्ष विष्णु चौहान ने किया। आयोजक देवेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस खेल को लेकर शहर में दीवानगी है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी एक माह पहले से इसकी तैयारियां शुरू कर देते हैं। आर्म रेसलिंग (पंजा लड़ाना) प्रतियोगिता में पुरे उत्तर प्रदेश के करीब 300 खिलाडियों ने अपना दमखम दिखाया। नोक आउट मैच में चार वर्गों में 0 से 80 किग्रा भार वर्ग के खिलाडियों ने भाग लिया। मंच से आगरा मंडल के अध्यक्ष युवराज सिंह, कानपुर मंडल के अध्यक्ष स्वदेश कुमार, हाथरस जिला अध्यक्ष वीके सिंह, आगरा जरनल सेकेट्री सोनू बघेल और गौरव मैसी को चुना गया। पंजा प्रतियोगिता को देखने के लिए शहर से बड़ी संख्या में खेल प्रेमी पहुंचे। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। निर्णायक के रूप में सोनू उस्मानी और शिवम वाष्णेय रहे। इस अवसर पर मनीष मौर्य, राज बोध, नदीम खान, शशि कपूर, राजा लवानिया, रहीश कुरैशी, विशाल छत्रिय, मनोज यादव, सोहेल खान, अमरीश जैन, मनीष पल चंचल, लोकेन्द्र आदि मौजूद रहे।

ये रहे विजेता

40 से 50 किग्रा भार वर्ग में हिमांशु ने स्वर्ण, ललित ने रजत, राहुल ने कस्य पदक जीता। 50 से 60 किग्रा भार वर्ग में नवीन ने स्वर्ण, रितेश ने रजत, विवेक सिंह ने कस्य पदक जीता। 60 से 70 किग्रा भार वर्ग में अंकित ने स्वर्ण, नवीन ने रजत, दिव्यांशु ने कस्य पदक जीता। 70 से 80 किग्रा भार वर्ग में अंकित राठौर ने स्वर्ण, सचिन ने रजत, स्वदेश कुमार ने कस्य पदक जीता। चैम्पियनशिप का ताज अंकित के सर सजा।

ओएमआर परीक्षा: औटा विरोध में, तो एसएफसीए पक्ष में

ओएमआर परीक्षा को लेकर औटा कर रहा विरोध तो सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन कर रहा समर्थन

*** विवि में आयोजित होने वाली ओएमआर शीट को लेकर मचा हल्ला**

जन एक्सप्रेस। आगरा

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में ओएमआर परीक्षा को लेकर विवाद धमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ औटा ओएमआर परीक्षा का विरोध कर रहा है तो वहीं दूसरी तरफ सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन इस परीक्षा का समर्थन कर रहा है। मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन बृजेश शर्मा एडवोकेट ने कहा कि जैसा कि ज्ञात है की औटा अपनी हट धर्मिता पर उतारू है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए वह पूरी तरह छात्र कर्मचारी शिक्षक महाविद्यालय संचालक एवं विश्वविद्यालय को ताक पर रख कर अपने कुछ लोगों के हित को सिद्ध करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ओएमआर आधारित परीक्षा के विरोध में कल विश्वविद्यालय प्रांगण में धरना आयोजित कर रहा है। जो कि बिल्कुल न्याय संगत नहीं है। जैसा कि सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन ने पूर्व में कहा था कि संगठन ओएमआर आधारित परीक्षा के समर्थन में भी विश्वविद्यालय में धरना देगा। तो इस संदर्भ में सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन में कल विश्वविद्यालय पालीवाल पार्क प्रांगण में समय 12ः00 बजे पूर्वाह्न से कुलसचिव कार्यालय के पास धरने पर बैठेगा। ओएमआर आधारित परीक्षा से छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभाग करने का अभ्यास। ओएमआर आधारित परीक्षा का परिणाम पन्द्रह दिन से पहले घोषित होने की परम्परा रही है। ओएमआर आधारित परीक्षा से मूल्यांकन त्रुटिहीन रहता है। ओएमआर बेस्ड परीक्षा से परीक्षक द्वारा अंकपर्ण में अंक अंकन के समय की जाने वाली त्रुटियों से पूर्ण बचाव। ओ एम आर आधारित परीक्षा से मूल्यांकन में लगने वाले समय की बचत। सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी कृपाल सिंह आर्य ने कहा कि औटा की हट धर्मिता का जवाब एसएफसीए संगठन पूरी ताकत से देगा। बहुत कुर्बानी और प्रयास करने के उपरांत परीक्षा का सत्र पटरी पर आया है। किसी को भी इसको खराब करने नहीं दिया जाएगा।

फास्ट फॉरवर्ड

गैंगस्टर की 1.20 करोड़ की संपत्ति कुर्क, अलग-अलग थानों में 22 मुकदमे हैं दर्ज

जन एक्सप्रेस/आगरा। थाना शाहगंज में गैंगस्टर एक्ट में आरोपी अली शेर कुरैशी की संपत्ति कुर्क की गई। पुलिस ने आरोपी के घर के बाहर मुनादी करवा कर कार्रवाई की। कुख्यात पर अलग-अलग थानों में 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि लोहामंडी क्षेत्र निवासी अली शेर कुख्यात अपराधी है। इसके खिलाफ शहर के अलग-अलग थानों में लूट, अपहरण, बलवा, फिरौती, गुंडा एक्ट समेत अन्य धाराओं में 22 मुकदमे दर्ज हैं। इस पर दो बार गुंडा एक्ट और गैंगस्टर भी लग चुकी है। पुलिस कमिश्नर के न्यायालय में चल रहे केस में कुर्की के आदेश के बाद रविवार को पुलिस अभियुक्त की एक करोड़ 20 लाख रुपए की संपत्ति कुर्क की। दोपहर में बड़ी संख्या में लोहामंडी थाने का फोर्स अली शेर के सैय्यद पाड़ा स्थित आवास पर पहुंची। पुलिस ने यहां पर मुनादी कराई। इसके बाद कुर्की की कार्रवाई की गई। एसीपी लोहामंडी ने बताया कि आरोपी ने अपराध व अनैतिक जरिए से संपत्ति अर्जित की थी। न्यायालय के आदेश पर संपत्ति कुर्क करर गई है। कुर्मी की कार्रवाई के दौरान आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मकान पर कुर्की आदेश चस्पा किया। इसके अलावा मकान पर आदेश भी लिखवाया। कार्रवाई के दौरान फोर्स भी मौजूद रहा। कुख्यात की पत्नी जेबा अली ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया। उसका कहना था कि मकान उसके नाम है।

आगरा-वाराणसी वंदे भारत कल से नियमित चलेगी

जन एक्सप्रेस/आगरा। आगरा से वाराणसी के बीच शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन 23 सितंबर से रेगुलर हो जाएगी। यात्री सप्ताह में 6 दिन ट्रेन में सफर कर सकेंगे। ट्रेन के लिए अब ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू हो गई है। रेलवे बोर्ड ने आगरा-वंदे भारत एक्सप्रेस का किराया घोषित कर दिया। आगरा से वाराणसी तक का किराया चेयरकार का 1570 रुपए और एग्जीक्यूटिव क्लास का 2850 रुपए होगा। कैटरिंग चार्ज अलग है। आठ कोच की वंदे भारत 23 सितंबर की सुबह छह बजे आगरा कैंट से चलेगी। यह दोपहर एक बजे वाराणसी पहुंचेगी। दोपहर 3.20 बजे वाराणसी से चलकर रात 10.20 बजे कैंट पहुंचेगी। 18 सितंबर को पीएम मोदी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी। ट्रेन आगरा से बनारस तक गई थी। अब 23 सितंबर से ट्रेन नियमित चलेगी। शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन ट्रेन संचालित होगी। आगरा कैंट-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस से प्रयागराज से चेयरकार (सीसी) श्रेणी में आगरा जाने के लिए 1300 रुपए किराये के रूप में चुकाने होंगे। वहीं, आगरा से प्रयागराज आने पर उसी श्रेणी में किराये की धनराशि 1150 रुपए हो जाएगी। ऐसा इसलिए कि प्रयागराज से आगरा जाते वक्त रेलवे यात्रियों को डिनर उपलब्ध कराएगा, जबकि आगरा से लौटते नाश्ता ही मिलेगा।

जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों से गूंजा कैंट स्टेशन

जन एक्सप्रेस/आगरा। गुरु रूप गुरु प्यारी साध संगत का आगरा कैंट स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। गोंदिया (महाराष्ट्र) से श्री दरबार साहिब हरमंदिर साहिब अमृतसर तीर्थधामों को गए जत्थे के कैंट स्टेशन पर पहुचते ही सुलहकुल की नगरी आगरा पर गुरु नानक देवजी गुरु अंगद देव कृपा का सदका गुरु नानक नाम लेवा संगत द्वारा धार्मिक तीर्थ यात्रियों के जत्थे का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। सभी तीर्थ यात्रियों को पुष्प माला गुरु का सरोपा पहनाकर बड़े सत्कार के साथ नाम सिमरन सतनाम वाहेगुरु सतनाम वाहेगुरु के जाप के साथ रवानगी किया। मुख्य रूप से गुरुद्वारा दशमेश दरबार से संत इंद्रजीत सिंह वाधवा, सरदार बिजेंद्र सिंह बाबा, सरदार सुंदर सिंह, गुरु सेवक श्याम भोजवानी, वासुदेवमल, सुरजीत सिंह, सुखपाल सिंह, निर्मला देवी, लक्ष्मी, बलजीत कौर, ओम प्रकाश, धर्मदास, हीरालाल, नवीन आदि मौजूद रहे।

जगनेर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस/आगरा। जगनेर - ग्वाल बाबा के ऐतिहासिक मेले में विशाल भंडारे का आयोजन एक्यूप्रेशर फिजियोथेरेपी एण्ड एक्सरे सेंटर पर किया गया। दूर दराज गावों में आए भक्तो ने भंडारे के प्रसाद ग्रहण किया भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.लवलेश कुमार ने बताया की हर वर्ष इसी तरह सभी साथियों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर मदन सिंह निशंक, प्रमोद चौधरी, संदीप सिंघल, रिंकू गर्ग, रीतेश निशंक, प्रियांश, अनिल परमार, अंकित परमार, लोकेंद्र जादौन, हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

बाढ़ प्रभावित गांव टोडा में लगाया कैंप, राहत सामग्री वितरित

जन एक्सप्रेस/आगरा। रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत टोडा के बाढ़ प्रभावित गांव टोडा में कैंप लगाकर ग्रामीणों को दबाए वितरित की। जानकारी के अनुसार उटंगन नदी में आई भयंकर बाढ़ से पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र का टोडा गांव सबसे अधिक प्रभावित हुआ था। ग्रामीणों के घरों व खेतों में पानी भर गया था।खेतों में घरों से बाढ़ का पानी निकालने के बाद खेत में खड़ी बाजरे की फसल नष्ट होने के बाद सड़ने लगी है। गांव में बाढ़ का पानी घुसने के चलते चारों तरफ दुर्गंध आने लगी है। गांव में दुर्गंध आने के चलते गांव में वायरल फीवर का प्रकोप बढ़ गया है। ग्राम प्रधान टोड़ा नेमीचंद ने गांव में संक्रामक रोग फैलने की आशंका व्यक्त की। ग्राम प्रधान नेमी चंद की सूचना पर रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट से स्वास्थ्य विभाग की टीम बाढ़ प्रभावित गांव टोडा पहुंची। बाढ़ प्रभावित गांव टोडा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैंप लगाया।कैंप लगाकर गांव के करीब 80 मरीज का चिकित्सकीय परीक्षण किया। चिकित्सकीय परीक्षण उपरांत गांव में मिले जुखाम व खांसी के मरीजों को निशुल्क दवा वितरित की। वही बुखार के मरीजों के खून के नमूने लेकर जांच को भेज दिए है। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉक्टर कपिल यादव,विजय कुमार,अजीत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

चारा काटने की मशीन में करंट से युवक की मृत्यु

जन एक्सप्रेस/आगरा। थाना पिनाहट के गांव हुसैनपुरा में चारा काटने की मशीन की मोटर में आए करंट से युवक की मृत्यु हो गई है। वहीं स्वजन खरंजे पर खड़े पोल में करंट से मृत्यु की बात कह रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार शनिवार शाम करीब 7 बजे हुसैनपुरा निवासी शिवम पुत्र नाथूराम उम्र करीब 19 वर्ष अपने घर में चारा काटने की मशीन के मोटर के तार लगा रहा था। जिससे करंट लगने से शिवम बुरी तरह घायल हो गया। जिसे स्वजन सीएचसी पिनाहट लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने आगरा रेफर कर दिया। किंतु रास्ते में शिवम की मृत्यु हो गई। एसएन मेडिकल कॉलेज में उसे मृत घोषित कर दिया गया है। शिवम तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सूरज और रिंकू। बड़े भाई रिंकू ने बताया कि घर के बाहर खरंजे पर लगे विद्युत पोल में करंट आ रहा था। जिससे हाथ लगाने से मृत्यु हुई है।

सपा नेत्री बोलीं-पति मुझे फ्लैट में बंद रखता, मारता-पीटता था, दोस्तों के साथ सोने को कहता

जन एक्सप्रेस। आगरा

मैंने उस पर शादी का दबाव नहीं बनाया था। ना ही उससे कोई पैसे लिए। मेरे पति के कई महिलाओं से संबंध हैं। उनके साथ गंदे वीडियो बनाकर रखता है। मेरे भी कई वीडियो बनाकर रखे हुए हैं, जिनके दम पर मुझे ब्लैकमेल करता है।% आगरा में सपा की महिला नेता जूही प्रकाश ने यह दावा किया। उन्होंने ये बातें दैनिक भास्कर संवाददाता से बातचीत में कही हैं। उन पर अपने ही पति योगेंद्र के सिर पर कांच की बोतल मारकर घायल करने की एफआईआर दर्ज हुई है। जूही प्रकाश सपा के टिकट पर मेयर का चुनाव लड़ चुकी हैं। जूही ने कहा- मेरी मम्मी की 2013 में कैंसर की बीमारी से मौत हो गई। फिर 2018 में पिता भी कैंसर की वजह से नहीं रहे। एक भाई की भी मौत हो चुकी है। परिवार में सिर्फ एक भाई ही है। मैंने सोशियोलॉजी से टअ करने के बाद डॉ. एमपीएस इंस्टीट्यूट से टइअ किया। मैं सपा की डॉ. बीआर आंबेडकर वाहिनी की राष्ट्रीय सचिव रही। 2016 से समाजवादी पार्टी में सक्रिय हूं। 2017 में घास की मंडी वार्ड से पार्षद का चुनाव भी लड़ा था। 2023 में मेयर पद का चुनाव लड़ा, जिसमें तीसरे नंबर पर रही। 2016 में नोटबंदी के दौरान जूही चर्चा में आई। उन्हें पिता के इलाज के दौरान पैसा विद ड्रा करने के लिए बैंक की लाइन में लगना पड़ा। तब उन्होंने एक ट्वीट किया। जो वायरल हो गया। ट्वीट वायरल होने के बाद जूही के पिता का अखिलेश यादव ने इलाज कराया। उसके बाद ही जूही सपा में सक्रिय हुईं। जूही ने बताया- मैं योगेंद्र को नहीं जानती थी। मगर मेरा ट्वीट वायरल होने के बाद योगेंद्र मेरी फेसबुक आईडी पर लगातार मैसेज करने लगा। मैंने तीन-चार महीने तक मैसेज ही नहीं देखे। फिर योगेंद्र ने किसी दूसरे दोस्त के जरिए मुझ तक मैसेज पहुंचवाया। तब हमारी पहली बार फोन पर बात हुई। धीरे-धीरे बातें बढ़ती चली गईं। मैं वढरउ की तैयारी कर रही थी। इससे दोस्ती बढ़ी। मेरे पिता की तबीयत खराब थी, इसी बीच योगेंद्र दिल्ली से एक बार मुझसे मिलने भी आया। 10 जनवरी, 2019 को हम पहली बार मिले थे। जूही ने बताया- हम साल में 2 दिन सेलिब्रेशन करते हैं। एक 10 जनवरी, जिस दिन हमारी मुलाकात हुई थी। दूसरा 4 अक्टूबर, जिस दिन से हम रिलेशन में आए थे। जूही ने बताया- 2023 में सपा ने मेयर के चुनाव के लिए टिकट दिया। उस दौरान योगेंद्र मेरे घर पर ही रहता था। हर चुनाव प्रचार में मेरे साथ होता था। हम साथ ही रहते थे। सभी से मैंने कहा था कि हमारी शादी होने वाली है। इस दौरान हमारे रिलेशन भी बने। चूंकि, मुझे लग रहा था कि शादी तो होगी ही। हम कभी दिल्ली, कभी मथुरा घूमने जाते। होटल में ठहरते थे। वहां भी रिलेशन बनते रहे। उसने मेरे न्यूड वीडियो बनाए थे। फिर अचानक मार्च, 2024 को योगेंद्र ने मुझे हर सोशल प्लेटफॉर्म पर ब्लॉक कर दिया। मेरे फोन भी नहीं उठाता था। इसे लेकर हमारे कई झगड़े भी हुए। वो शादी के लिए टालने लगा।

खड़ी सीएनजी वैन से निकलने लगी आग

जन एक्सप्रेस/आगरा। सर्विस कराने आई एक वैन में आग लग गई। कार में आग लगते ही हड़कंप मच गया। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पूरी कार जल गई है। थाना रकाबगंज क्षेत्र के ईदगाह कटघर के पास एक वैन रविवार को सर्विस के लिए पहुंची। बताया जा रहा है कि खड़ी वैन में ही धुआं निकलने लगा। धुआं निकलने के साथ ही चिंगारी निकली और वैन में आग लग गई। सर्विस सेंटर पर खड़े लोग भागने लगे। हल्ला मच गया। कुछ लोगों ने मिट्टी और पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन आग बुझ नहीं पाई। फायर ब्रिगेड का सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। बताया जा रहा है कि वैन की सीएनजी किट में आग लगी थी। कोई जनहानि नहीं हुई है। कार पूरी तरह से जल गई है। वैन किसी स्कूल से अटैच थी। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई थी। सर्विस सेंटर मेन रोड पर ही है। आसपास कई दुकानें हैं। वैन में आग लगती ही हड़कंप मच गया।

स्कूल से घर लौट रही किशोरी छात्रा से किया दुष्कर्म दो युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के मालीपुर थाना क्षेत्र में स्कूल से वापस घर जा रही छात्रा को जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बाइक सवार दो युवकों ने विद्यालय से पढ़कर वापस लौट रही उसकी लड़की को जबरिया बाइक पर बैठा कर अपहरण कर लिया, और जंगल में ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।पीड़िता के परिजनों ने तहरीर में बताया कि रुधौली माफी गांव के मोहित और रुधौली अदाई गांव के अतुल राजभर ने रेप के बाद जान से मारने की धमकी दी और छोड़कर फरार हो गए। छात्रा किसी तरह घर पहुंची और पूरी बात अपनी माता और बहन से बताई। किशोरी छात्र की बहन उसे लेकर थाने पहुंची और दोनों युवकों के विरुद्ध दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने के लिए तहरीर दी।पुलिस ने छात्रा की बहन की तहरीर पर दो युवकों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म पास्को एक्ट समेत अन्य कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। लड़की को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

समय से पूरे हों जनकपुरी के विकास कार्य- डीएम

जन एक्सप्रेस। आगरा

ऐतिहासिक जनकपुरी में होने वाले विकास कार्य 28 सितंबर से पहले पूरे कर लिए जाएंगे। जिला मजिस्ट्रेट अरविंद मलप्पा बंगारी ने नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनकमहल के आसपास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। राम बारात महोत्सव की तैयारीउत्तर भारत की प्रसिद्ध राम बारात के तहत इस बार शाहगंज क्षेत्र में जनकपुरी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्रीराम और उनके तीनों भाइयों के स्वरूप 29 सितंबर को बारात लेकर जनकपुरी आएंगे। इसके लिए कोठी मीना बाजार मैदान पर जनकमहल का निर्माण किया जा रहा है। महोत्सव में प्रतिदिन 3.5 लाख से 4 लाख लोगों के आने की संभावना है। इस आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं, जिससे कि किसी भी कमी का सामना न करना पड़े। डीएम ने इस संबंध में गहन निरीक्षण किया। डीएम के निरीक्षण के दौरान जनकपुरी महोत्सव समिति के पदाधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने फूड कोर्ट के प्लान के बारे में जानकारी ली और आग से बचाव के समुचित बंदोबस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही, जनकमहल के सामने बैठने की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। विकास कार्यों की स्थितिसमिति के सदस्यों ने डीएम को बताया कि जनकपुरी क्षेत्र में 62 विकास कार्यों की सूची नगर निगम को सौंपी गई थी, जिनमें से 42 कार्य ही स्वीकृत हुए हैं।

नगर पालिका क्षेत्र में जनसहयोग से चला स्वच्छता कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम के तहत प्रदेश के नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा है विचार के साथ सरकार द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक कार्यक्रम चलाया जा रहा है जनपद में यह कार्यक्रम जनभागीदारी के साथ बड़ा रूप ले रहा है ,इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र के बरवा नसीरपुर वार्ड नंबर 2 में स्वच्छता अभियान के तहत नगर सफाई अभियान के साथ एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस दौरान नगर पालिका अकबरपुर की अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह मुख्य अतिथि और स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर हनुमान प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। कॉलोनी के लोगों ने अधिशासी अधिकारी बीना सिंह और डॉक्टर हनुमान प्रताप सिंह का स्वागत गुलाब का फूल देकर किया। इस दौरान स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाया गया ,सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली गई,वृक्षारोपण किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वच्छता को लेकर के अधिशासी अधिकारी द्वारा लोगों को शपथ ग्रहण भी कराया गया। वार्ड नंबर 2 के नागरिकों ने सफाई कर्मियों का भी पुष्प वर्षा करके स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान वार्ड नंबर 2 के नागरिकों की समस्याओं को भी अधिशाषी अधिकारी ने सुना और उसे समस्या का निराकरण करने का भी आश्वासन दिया , अधिशाषी अधिकारी ने स्वच्छता से संबंधित जानकारी लोगो देते हुए कहा की स्वच्छता हमारे अच्छे संस्कार का परिचायक है , इस दौरान सामाजिक कार्यकत्री श्रीशबाला और स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड नंबर 2 के अरविंद मिश्र, योगेंद्र मिश्र, चंडी मिश्र, अनिल सिंह, अरुण सिंह ,शिव कुमार दुबे, अजय गुप्ता ,राजेश ओझा ,अखिलेश ओझा, ओम प्रकाश मिश्र,पवन पांडे ,राधे कृष्णा अस्पताल के संचालक डॉ एमपी यादव ,अजय सिंह ,हरीश तिवारी, दिनेश सिंह ,अशोक गुप्ता धर्मेंद्र मिश्र, काजू मिश्र, बरवा नसीरपुर वार्ड की सभासद,श्रीमती चंद्रकला मिश्रा, प्रथम मिश्र,अनोखी सिंह, अथर्व ओझा , आयुष ओझा, रूत्वी सिंह, कुहू त्रिपाठी, मानस मौर्य।के अलावा सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष और बच्चे इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए ।अधिशासी अधिकारी और ब्रांड एंबेसडर ने इस कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता को देखते हुए कार्यक्रम संयोजक वार्ड नंबर 2 के सभी सम्मानित नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

थाना ताजगंज क्षेत्र गोली कांड का खुलासा करने पर पुलिस टीम का किया गया सम्मान

जन एक्सप्रेस। आगरा

थाना ताजगंज क्षेत्र में 12 सितंबर रात करीब 10ः00 बजे मुस्कान नमक नर्स पुत्री दिलीप कुमार निवासी काशीराम आवास फतेहाबाद रोड थाना ताजगंज जान से करने के उद्देश्य से गोली मारी गई थी। लेकिन मुस्कान को डॉक्टर एवं तत्परत से मुस्कान को बचा लिया गया। जिसमें पुलिस ने टीम गठित कर गोली मारने वाले आरोपी को अभिलंब मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया तथा जेल भेज दिया। जिसमें पुलिस को कार्य कुशलता देखते हुए जाटव महापंचायत आगरा ने पुलिस टीम का सम्मान किया। पुलिस टीम को सम्मानित किया गया जिसमें एसीपी सैयद अरिब अहमद ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें रविवार को थाना पर्यटन ताजगंज आगरा में संपूर्ण पुलिस टीम सिपाही से लेकर पुलिस आयुक्त महोदय तक सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बाकी पुलिस टीम का काबिले तारीफ कार्य था जिन्होंने अपनी की जान की बाजी लगाकर उसे बच्ची की हिफाजत करने में कामयाबिल हासिल की सम्मानित करने वालों में सर्व धर्मपाल सिंह, अजय राणा, डॉक्टर पीके सिंह, वीरेंद्र जोनावर, विपिन कुमार, डॉक्टर रेखा कुमारी, गौरी, तेज सिंह, ओम प्रकाश केम, महेश, रामवीर सिंह, शरद आदि लोग मौजूद रहे।

भाकियू स्वतंत्र के प्रदेश प्रभारी बने- सुनील

जन एक्सप्रेस/आगरा। भारतीय किसान यूनियन (स्वतंत्र) के राष्ट्रीय संरक्षक जगतगुरू योगेश्वराचार्य रामानुजचार्य महाराज एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण शर्मा के आदेश अनुसार प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष दीपक शर्मा बॉबी के अनुमोदन पर सुनील कुमार समाजसेवी पुत्र स्व. कुवरपाल सिंह निवासी गांव बास जोखी खंदोली एत्मादपुर आगरा को प्रदेश प्रभारी उत्तर प्रदेश मनोनीत किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे संगठन भारतीय किसान यूनियन (स्वतंत्र) को निरंतर उन्नति प्रदान करेंगे। नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी सुनील कुमार समाजसेवी ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। सुनील ने बताया कि अब में स्वतंत्र में आया हु स्वतंत्र हु ओर किसानों की हर सम्भव समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुँचाकर समस्यायों का निराकरण करूंगा।

2024 वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता जीतने के लिए गौहर बिलाल को सेंट-गोबेन जिप्रोक इंडिया का सपोर्ट

जन एक्सप्रेस। आगरा

निर्माण उद्योग के भविष्य को आकार देने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, भारत के युवाओं को कौशल प्रदान करना जिप्रोक इंडिया के मिशन में सबसे आगे है। स्किल इंडिया पहल के प्रति अपने समर्पण के हिस्से के रूप में, जिप्रोक इंडिया कश्मीर के बारामूला के एक प्रतिभाशाली युवा पेशेवर गौहर बिलाल को स?पोंसर करने के लिए रोमांचित है, जो फ्रांस के ल्योन में 2024 वर्ल?ड स्किल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्किल इंडिया पहल के हिस्से के रूप में, सेंट-गोबेन जिप्रोक इंडिया निर्माण क्षेत्र में कौशल विकास के माहौल को बदलने के लिए समर्पित है। सरकारी निकायों और उद्योग जगत के लीडरों के साथ साझेदारी करते हुए, जिप्रोक इंडिया प्रतिभाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने और उज्जवल भविष्य के लिए अवसर पैदा करने के प्रयासों में सबसे आगे रही है।

2013 में अपनी स्थापना के बाद से, जिप्रोक जिप्सम अकादमी ने ड्राईवॉल और प्लास्टरिंग क्षेत्रों में कौशल विकास को लगातार आगे बढ़ाया है। अकादमी ने 1,800 से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया है, भारत में 1,400 से अधिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 25 से अधिक प्लेसमेंट की सुविधा प्रदान की है, और 52 व्यक्तियों को उद्यमी बनने के लिए सशक्त बनाया है। कश्मीर के बारामूला के एक छोटे से शहर से, गौहर की महत्वाकांक्षा ने उन्हें अनंतनाग के सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई से जिप्रोक की अकादमी में एक परिवर्तनकारी अनुभव तक पहुँचाया। वर्ल्ड स्किल्स प्रोग्राम से उनका परिचय एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसने उनके लिए असाधारण प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन के द्वार खोले। महाराष्ट्र के वाडा में जिप्रोक अकादमी में गौहर के प्रशिक्षण में चुस?ती-फुर्ती, ताकत, फीनिशिंग, माप और तेजी से सोचने पर ध्यान केंद्रित करने वाला 9 महीने का कठोर कार्यक्रम शामिल था। रहने के लिए जगह, पोषण और स्वास्थ्य देखभाल सहित जिप्रोक द्वारा प्रदान किए गए हर प्रकार के समर्थन ने उनके कौशल और सेहत को और बेहतर किया है। अपने अनुभव पर बात करते हुए, गौहर कहते हैं, जिप्रोक ने न केवल मुझे तकनीकी कौशल से लैस किया है, बल्कि मुझे अपने सपनों को आगे बढ़ाने का आत्मविश्वास भी दिया है। मैं जम्मू और कश्मीर में अपने समुदाय के लिए आधुनिक निर्माण तकनीकों को लाने और दूसरों को अपने जुनून का पीछा करने के लिए प्रेरित करने के लिए दृढ़ संकल्प हूं।

जिलाधिकारी ने किया भरा पचपेड़ा एवं मझोला का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग एवं सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं एबी मौरी के प्रतिनिधि के साथ भरा पचपेड़ा में खमीर की फैक्ट्री एवं मझोला बिरहनी प्रस्तावित 4 लेन मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया की मार्ग के किमी. 8 में कार सेवा द्वारा निर्मित आरसीसी सेतु का निरीक्षण किया गया, एबी मौरी फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि उक्त सेतु से भारी वाहनों का आवागमन होता हैं। उक्त सेतु का निर्माण वर्ष 2023 में कारसेवा द्वारा कराया गया, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग पीलीभीत को निर्देश दिया गया कि अधिशासी अभियंता सेतु निगम से संपर्क स्थापित कर उक्त सेतु सुरक्षित है अथवा नहीं की जांच कर ली जाए। जनपद में विगत दो तीन माह से अत्यधिक बारिश हुई है एवं बाढ़ के कारण एबी मौरी फर्म को यू.पी. सीडा द्वारा उपलब्ध कराई गई भूमि का लगभग चार एकड़ भूमि बाढ़ की चपेट में आ गई है, उक्त भाग का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं लेआउट प्लान के माध्यम से इसको समझा गया। मार्ग के किमी.13.10 पीलीभीत उत्तराखंड सीमा विगत माह में वर्षा के कारण मार्ग कट गया था, उक्त भाग उत्तराखंड की सीमा में पड़ता है, वर्तमान में हल्के वाहनों का आवागमन संचालित हैं। उक्त भाग को जल्द से जल्द भारी वाहनों के संचालन हेतु उत्तराखंड प्रशासन से संपर्क स्थापित किया गया।

सीआईएसएफ जवानों की फायरिंग प्रैक्टिस के दौरान बुजुर्ग को लगी गोली, अस्पताल में कराया भर्ती

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिला जेल के निकट स्थित फायरिंग रेंज में रविवार सुबह करीब नौ बजे फायरिंग अभ्यास के दौरान चली गोली पास में ही स्थित एक घर के बाहर बैठे बुजुर्ग के जा लगी। इसमें बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया हालांकि आंगनवाड़ी में अस्पताल भर्ती कराया गया।

जिला जेल के निकट स्थित फायरिंग रेंज में रविवार सुबह करीब नौ बजे फायरिंग अभ्यास के दौरान चली गोली पास में ही स्थित एक घर के बाहर बैठे बुजुर्ग के जा लगी। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में अफसर मौके पर पहुंचे और घायल को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया

रविवार को फायरिंग रेंज में सीआईएसएफ के जवान फायरिंग अभ्यास कर रहे थे। इस दौरान एक गोली रेंज से बाहर निकलकर पास में ही स्थित सेमर खेड़ा गांव की सीमा तक पहुंच गई और यहां घर के बाहर बैठे श्रीकृष्ण के पैर में जाकर लग गई। गोली पैर में ही फंसी बताई जा रही है। सूचना के बाद सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंड अमित कुमार समेत अफसरों ने एंबुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया। सूचना के बाद सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, कोतवाल नरेश त्यागी अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने घायल का उपचार शुरू किया है। सीआईएसएफ के अफसर पूरे मामले की जांच की बात कह रहे हैं।

"सीआईएसएफ द्वारा फायरिंग की प्रैक्टिस की जा रही थी जिसमें प्रैक्टिस के दौरान एक गोली थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सेमरखेड़ा निवासी श्री कृष्ण पुत्र बालक राम जो की खेत में काम कर रहे थें। जो की गली उनके जा लगी वहीं उन्हें जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया है और शेष पूरे प्रकरण की जांच की जा रही हैं। जांच उपरांत आवश्यक विधि कार्रवाई की जाएगी।

दीपक चतुर्वेदी क्षेत्राधिकार नगर पीलीभीत।

रेस्टोरेंट मालिक के गले से चैन छीनकर भागे बदमाश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर में स्थित एक रेस्टोरेंट मालिक के गले से चैन छींनकर बुलेट सवार अज्ञात बदमाश भागने लगे। वही पीछे से दौड़ाएं रेस्टोरेंट मालिक ने बदमाशों की गाड़ी को पकड़ कर लटक गए और चाभी निकाल लिए। बदमाशों ने अपने आप को घिरता देख रेस्टोरेन्ट मालिक को धक्का देते हुए बाइक को छोड़कर मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के ऊदपुर गेल्हवा गाँव निवासी व पूर्व प्रधान नागेंद्र तिवारी बदलापुर के घनश्यामपुर रोड़ स्थित फोरलेन ओवर ब्रिज के समीप सरोखनपुर में अंशिका रेस्टोरेंट का संचालन करते हैं। घटना शनिवार की रात्रि करीब 8 बजे की है वह अपने रेस्टोरेंट पर बैठे थे तभी एक बुलेट पर सवार दो लोग आए और एक लोग गाड़ी चालू कर मार्ग पर खड़े थे और दूसरा रेस्टोरेंट मालिक से दो किलो मीठा मांगा मालिक द्वारा मीठा वजन किया जा रहा था।

सदियों तक जिंदा रहते हैं व्यक्ति के कर्म : मोती सिंह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप उर्फ मोती सिंह ने कहा कि संसार से व्यक्ति चला जाता है किंतु उसके कर्म अनंतकाल के लिए अमर हो जाते हैं। वे रविवार को गांधी स्मारक कालेज संकुल समोधपुर में कालेज के संस्थापक प्रबंधक रहे स्व0 ठाकुर प्रसाद सिंह की 21वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

स्व0 सिंह के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों को सदैव याद किया जाएगा। उनके द्वारा सिखाए गए अनुशासन का ही परिणाम है कि उनके जाने के दो दशक बाद भी कालेज उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। विशिष्ट अतिथि पद से बोलते हुए उ0प्र0 मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ पत्रकार हेमंत तिवारी ने भी स्व0 सिंह को याद किया। इस दौरान विद्यालय में बिताए गए पढ़ाई के दिनों को याद कर वो भावुक हो गए। इसके पूर्व अतिथि द्वय ने पीजी कालेज परिसर में ठाकुर प्रसाद सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया तथा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। शुभारंभ सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से हुआ।

कालेज परिसर में स्थित मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सभा को सतीश सिंह, डॉ.अंजनी सिंह आदि ने भी संबोधित किया। संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता विनय तिवारी तथा अध्यक्षता प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार पांडेय ने किया। आभार प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू तथा प्रधानाचार्य डॉ अजेय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया। इस दौरान प्रतापगढ़ बेलसरनाथ के ब्लाक प्रमुख सुशील सिंह, पं.राम सन्मुख तिवारी, राकेश कुमार, बैजनाथ सिंह, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

संजय सिंह पुनः बने यूटा के जिलाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शैक्षिक अधिवेशन/शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी सिद्धार्थ उपवन परिसर जौनपुर में मुख्य अतिथि यूटा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी शिक्षा अधिकार अधिनियम आरटीई की गलत व्याख्या करके छात्र संख्या 150 से कम वाले स्कूल के प्रधानाध्यापक के पदों को समाप्त कर रहे हैं। एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत परिषदीय विद्यालय को बंद करके गरीब बच्चों को बुनियादी शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित करने की योजना चल रही है। उन्होंने कहा कि आखिर जब बिना प्रिंसिपल के इंटर कॉलेज नहीं चल सकता बिना प्राचार्य के मेडिकल कॉलेज नहीं चल सकता तो फिर बिना प्रधानाध्यापक के प्राइमरी स्कूल कैसे चल सकता है। एक तरफ शिक्षकों को निलंबित करके पोर्टल की आड़ में मनचाहे ब्लॉक में बहाली करके शिक्षकों के स्थानांतरण का व्यवसाय पूरी प्रदेश में चल रहा है।

श्री राधा नाम लाडली अदभुत नजारा तेरे बरसाने में है.....



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

श्री राधामनमोहन सेवा ट्रस्ट (रजि.) के अध्यक्ष अभिषेक सिंह पटेल गोल्डी के श्रीराधाकृपाआश्रय निकुंज स्थित निज निवास पर श्री जी बधाई उत्सव आयोजित किया गया।

सर्व प्रथम श्रीजी का भव्य अभिषेक पंच गव्य से राजीव अग्रवाल भोला और शौर्य अग्रवाल ने अभिषेक सिंह पटेल गोल्डी और भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह सपरिवार सहित संबंधीजन से कराकर बृज की पद्धति के अनुसार प्रारंभ किया।

श्री राधा माधव संकिर्तन मंडल के सभी रसिक जनों ने पद गायन सेवा दी श्री राधा नाम लाडली अदभुत नजारा तेरे बरसाने में हैं। ऐसी शोभा है प्यारी जू के महलन की मैं तो भानु बाबा के द्वार जाऊंगी बधाई लेके आयूंगी, गली गली आनंद मई है राधा रानी प्रकट भई है इन भावों की धुन में सभी श्रद्धालु भाव विभोर हो झूमने लगे। सभी को वृंदावन, बरसाना की अनुभूति हुई अभिषेक उपरांत भव्य श्रृंगार दर्शन और आरती की गई उसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

श्री राधामनमोहन सेवा ट्रस्ट के द्वारा भारत को मजबूत राष्ट्र एवं सनातन सभ्यता को मजबूत करने वाले स्तम्भों को सम्मानित किया।

जिसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिलाप्रचारक दुष्यंत,नगर प्रचारक सोहनवीर, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार, सयुंक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, बेनहर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक परमिंदर सिंह सहमी,समाजसेवी एडवोकेट शिवम कश्यप सहित नगर की विभिन्न गणमान्य विभूतियों को सम्मानित प्रमोद पंत, सुधीर गोस्वामी,पंकज रस्तोगी सर्राफ के माध्यम से किया गया। इस भक्तिपूर्ण उत्सव में झंकार सिंह, कमल सिंह, प्रमोद पंत, कमल यादव,महेश अग्रवाल, अश्वनी अग्रवाल उमेश अग्रवाल, मनोज पटेल, पंकज रस्तोगी, नीरज रस्तोगी, अजय पाण्डेय, अवधेश दीपू, दीपक गोयल, शशांक, शिवम अग्रवाल, शगुन बहल, पंडित अभय शर्मा, अक्षत चित्रांश, रोहित राजपूत, भावना सिंह, कुमकुम पंत, ऋचा पटेल, ब्रजवाला, ज्योति, बेबी सिंह, सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय की प्रतिभा का सकारात्मक दिशा में प्रयोग की जरूरत : राज्यपाल

- नैक मूल्यांकन से प्रदेश के विश्वविद्यालय की गुणवत्ता में हुआ सुधार
- शिक्षा का उद्देश्य समाज के साथ राष्ट्र निर्माण होना चाहिए : योगेंद्र उपाध्याय
- सफलता के लिए लक्ष्य और चुनौती दोनों बड़ी हो : रजनी तिवारी
- राज्यपाल के हाथों स्वर्णपदक पाते ही विद्यार्थियों के खिले चेहरे

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में विश्वविद्यालय का 28वां दीक्षांत समारोह मनाया गया। इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति, श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले स्नातक एवं स्नातकोत्तर मेधावियों को 96 स्वर्ण पदक प्रदान किए। स्वर्ण पदक पाते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिलखिला उठे।

इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालय में प्रतिभा की कमी नहीं बस इन्हें प्रेरणा देकर सकारात्मक दिशा में इनकी ऊर्जा का उपयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी संसाधन होने के बाद भी नैक मूल्यांकन से विश्वविद्यालय घबराते थे लेकिन राजभवन ने इसे जरूरी किया और सहयोग और ट्रेनिंग देकर उनके संसाधनों को सिस्टमैटिक रूप से बनाकर ए डबल प्लस की श्रेणी में पहुंचाया। प्रदेश के सात और एक कृषि विश्वविद्यालय ए डबल प्लस की श्रेणी में हैं। कहने का तात्पर्य है कि मानव में संकल्प शक्ति का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि नैक मूल्यांकन के कई फायदे हैं ए डबल प्लस पाने वाले विश्वविद्यालयों को 100 करोड़ रूपये अन्य विश्वविद्यालय को 20 करोड़ की धनराशि दी गई है। उन्होंने कहा कि नैक प्रेक्टिस से विश्वविद्यालय के ढांचे में बेहतर परिवर्तन आया है। अब राजभवन का जोर एनआईआरएफ पर है। इस मूल्यांकन और रेटिंग से विश्वविद्यालय में विदेशी छात्र और मेधावी छात्र आएंगे और यहा के विद्यार्थियों का विदेश जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य आपके सामर्थ्य से बढ़ेगा हर चुनौती एक नए अवसर लेकर आती है गुजरात का कच्छ इसका उदाहरण है सरकार के सतत प्रयास से आज गुजरात की स्थिति बदल गई है वहां विदेशी कंपनियां निवेश कर रही है। उनका मानना है कि आज का युग तकनीक का युग है। इसका उपयोग जन कल्याण के हित में होना चाहिए विनाश के लिए नहीं दुनिया में जो कुछ अच्छी और नई चीज हो रही है उससे हमें जुड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने वन नेशनल वन इलेक्शन का जिक्र करते हुए कहा कि इससे देश की आर्थिक बचत होगी। केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब हमारी तैयारी अंतरिक्ष पर है। अंतरिक्ष के पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय में शामिल करना चाहिए। एमओयू साइन पर उन्होंने कहा की दोनों के बीच गतिविधियां भी अच्छी हो तभी इसका मतलब है। उन्होंने पूर्वांचल विश्वविद्यालय के खेलकूद की तारीफ करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं इससे और भी अच्छा करने के लिए और अधिक से अधिक गोल्ड मेडल लाने के लिए और भी अच्छे कोच की जरूरत है। उन्होंने आंगनबाड़ी को संसाधनयुक्त करने की योजना पर जोर दिया। कहा कि इससे वहां पढ़ने वाले गरीब छात्रों की संख्या बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी से लेकर विश्वविद्यालय तक एक सेतु बनाकर काम करें ताकि शिक्षा का विकास सकारात्मक दिशा में हो सके।

गतिमान पत्रिका का हुआ लोकार्पण

विश्वविद्यालय के 28 वें दीक्षांत समारोह में गतिमान वार्षिक पत्रिका का विमोचन राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया। इस पत्रिका में विश्वविद्यालय के वर्षभर की गतिविधियां स्वर्ण पदक धारकों की सूची, अतिथियों का परिचय समेत विश्वविद्यालय की विविध गतिविधियों को बड़े आकर्षण ढंग से प्रकाशित किया गया है। विमोचन अवसर पर कुलपति, दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि, प्रधान संपादक प्रो. मनोज मिश्र, संपादक डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, सम्पादन मण्डल में डॉ. सुनील कुमार, डॉ. श्याम कन्हैया और डॉ लक्ष्मी मौर्य रहें।

बच्चों को राज्यपाल के हाथों मिला उपहार

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 28 वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कक्षा 5 से 8 में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल बैग, फल, जमेटरी बाक्स, महापुरुषों पर प्रकाशित पुस्तकें आदि प्रदान किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए कुकड़ीपुर. देवकली, सुल्तानपुर एवं जासोपुर गांव में आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले चार बच्चों को भी दीक्षांत समारोह राज्यपाल के हाथों पुरस्कार मिला। इसी के साथ राजभवन से 100 पुस्तकें बच्चों के लिए भेंट की गई।

संस्कार श्रीवास्तव को मिला अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक

विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के एम.ए. जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थी को अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक दिया जाता है। वर्ष 2024 में एम.ए. जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक पाने पर संस्कार श्रीवास्तव को यह पदक मिला। पदक के दौरान उनके दादी भी उपस्थित रहीं। उनके दादी का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वह आज तक विश्वविद्यालय नहीं देखी थी। हमारी कोशिश भी यही है कि ऐसे लोगों को यहां बुलाया जाय।

95 मेधावियों को मिला 96 स्वर्ण पदक

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 28 वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 95 मेधावियों को प्रथम प्रयास में अपने विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर 96 स्वर्ण पदक प्रदान किया। स्नातक स्तर पर 18 छात्राएं और 07 छात्र एवं परास्नातक स्तर पर 36 छात्र और 35 छात्राओं को स्वर्ण पदक मिला।

508 शोधार्थियों को मिली पीएच.डी. की उपाधि

दीक्षांत समारोह में 508 शोधार्थियों को मिली पीएच.डी. की उपाधि मिली। इसमें 345 कला संकाय में, विज्ञान संकाय में 25, कृषि संकाय में 13, शिक्षा संकाय में 77, विधि संकाय में 05, इंजीनियरिंग संकाय में 10, वाणिज्य संकाय में 18, प्रबन्ध संकाय में 10, अनुप्रयुक्त समाज विज्ञान एवं मानविकी संकाय में 03 और औषधि संकाय में 02 शोधार्थियों को उपाधि मिली।

गोद लिए गांव में हुई प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव में आयोजित की गई प्रतियोगिता के विजेताओं एवं आंगनबाड़ी की आपसी प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

300 आंगनबाड़ी केन्द्रों को मिला किट

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश के क्रम में 300 आंगनबाड़ी केन्द्रों को किट मिला. दीक्षांत समारोह में मंच पर 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को राज्यपाल के हाथों किट मिला. पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों, गाजीपुर प्रशासन द्वारा 100 एवं जौनपुर जिला प्रशासन द्वारा 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों को उपलब्ध कराए गए किट को सौंपा गया। जौनपुर के जिलाधिकारी दिनेश चंद्र और सीडीओ साईं तेजा सेलम गाजीपुर के सीडीओ संतोष कुमार वैश्य को स्वच्छता और सुरक्षा से संबंधित किट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर इसकी व्यवस्था किया जाए।

सहकारी गन्ना विकास समितियों के चुनाव को मजबूती से लड़ेगी समाजवादी पार्टी : जगदेव सिंह जग्गा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने सहकारी गन्ना विकास समितियों के चुनावों में सभी पदों पर (डेली गेट डायरेक्टर व चेयरमैन पद)पर पार्टी की सक्रिय भागीदारी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी पदों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी और जनपद के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को 23 सितंबर से शुरू होने वाली नामांकन प्रक्रिया में सजग भूमिका निभाने की अपील की सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओ से एकजुट होने का आह्वान किया है इसके साथ ही, उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष चुनाव कराने की अपील की और चेतावनी दी कि किसी भी गड़बड़ी या पक्षपात को पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी इसके लिये सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ी जाएगी उन्होंने कार्यकर्ताओं से ये भी आग्रह किया है की मुस्तैदी से अपनी अपनी जिम्मेदारी को निभाए जिससे हर हाल मे अधिक से अधिक समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के हाथों को एव समाजवादी पार्टी को मजबूत किया जा सके शीघ्र ही इसके लिये चुनाव संचालन समिति गठित कर अवगत करा दिया जाएगा सभी कार्यकर्ता नेता व पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के डेली गेट्स डायरेक्टर जीतने का काम करें ताकि समाजवादी पार्टी का अध्यक्ष सभी समितियां पर बन सके।

फसलों की स्थिति का निर्धारण करने के लिये हो रहा सर्वे

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर में एग्री स्टैक योजनान्तर्गत कराए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे (ई-खसरा पड़लाल) की गति बढ़ गई है। एक सप्ताह में जनपद मे 294295 गाटा सर्वे किया गया, शासन के निर्देश के क्रम में 20 अगस्त से खरीफ फसलों का सर्वे प्रारम्भ हुआ जिसे 5 अक्टूबर तक निर्धारित 2622 गाँवो में कुल 1733553 सर्वे का लक्ष्य पूर्ण करने है। ई-खसरा पड़ताल में लगे कार्मिकों को प्रेरित करने के फलस्वरुप विगत एक सप्ताह में प्रतिदिन जनपद के सर्वेयरों द्वारा प्रदेश के टॉप- 20 सर्वेयरों में स्थान प्राप्त किया जा रहा है। 21 सितम्बर 2024 को रोशन अली तृतीय तथा अतुल तिवारी ने प्रदेश में चतुर्थ स्थान प्राप्त किए, इसी प्रकार दिनांक 20 सितम्बर 2024 को हर्ष तिवारी प्रदेश में प्रथम, पुनीत पाल ने तृतीय एवं सौरभ पटेल ने राज्य मे पांचवा स्थान प्राप्त किया।19 सितम्बर 2024 को रति यादव ने द्वितीय स्थान, 18 सितम्बर को अशोक यादव ने नौवा स्थान, 16 सितम्बर को पुनीत पाल द्वारा सातवाँ स्थान,14 सितम्बर को सौरभ सिंह ने 15 वा स्थान प्राप्त किया था।

सभी को जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है, जिससे अन्य सर्वेयरों को प्रेरणा मिली तथा सभी सर्वेयर द्वारा पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी व लगन से कार्य करते हुए कार्य मे गति दी जा रहा है। एक सप्ताह पूर्व प्रदेश में जनपद की 40वी रैंक थी, वही अब दिनांक 21 सितम्बर 2024 को 22वी रैंक हो गयी है, इसी तरह कार्य करते रहे तो जल्द ही जनपद की रैंक टॉप 10 में आने की पूरी संभावना है। दिनांक 21 सितम्बर 2024 को प्रदेश में सबसे अधिक 46718 सर्वे जनपद जौनपुर में किया गया, इसी क्रम में 20 सितम्बर को 37638 सर्वे, 19 सितम्बर को 51651 सर्वे, 18 सितम्बर को 39905 सर्वे किया गया, 16 सितम्बर को 42864 सर्वे हुआ, रैंक 30वी, 15 सितम्बर को 33409 सर्वे, रैंक 31 वी तथा 14 सितम्बर को 34556 सर्वे के साथ 40वी रैंक थी। किसानों को बताया गया कि जलवायु परिवर्तन के कारण फसलों में होने वाले नुकसान से बचाने और किसानों तक सरकारी अनुदान, योजनाओं का लाभ पहुचाने के लिए सरकार डिजिटल क्रोप सर्वे (ई-खसरा पड़ताल) करा रही है। उद्देश्य यह है कि संबंधित डाटा की वास्तविकता का निर्धारण कर एक एकल सत्यापित स्रोत के रूप में ऐसे ईकोसिस्टम व डाटा बेस को विकसित किया जाएगा, जिससे जरूरत पड़ने पर रियल टाईम में स्थितियों का आंकलन किया जा सके।

ऋण स्वीकृत करने के नाम पर ग्रामीण के एक लाख रुपए हड़पे

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। शासन के कड़े प्रतिबंधों के बावजूद बैंक शाखओं में दलाल ग्रामीणों का ऋण स्वीकृत कराने के नाम पर मोटी रकम डकारने का खेल खेल रहे हैं। यह धंधा यहां रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक दलाल ने लोन स्वीकृत करने के नाम पर ग्रामीण से एक लाख की धनराशि हड़प् ली। क्षेत्र के ग्राम रामपुर अमृत निवासी शिवम त्रिवेदी ने कोतवाली में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि नगर की यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा से ऋण लेने के लिए 9 लाख 90 हजार का आवेदन किया था। विगत 23 जून 2024 को 6 लाख 70 हजार रुपए का ऋण स्वीकृत किया गया। बैंक के एक दलाल ने ऋण संबंधी सभी कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए और अगले दिन बैंक आकर भुगतान लेने की बात कही। आरोप लगाया कि स्टांप शुल्क के नाम पर एक लाख रुपए की धनराशि काट ली। रुपए मांगने पर नहीं दिए। उक्त व्यक्ति अपराधी व दबंग किस्म का है। बैंक शाखा के पास संचालित वीसी केंद्र पर बैठकर वह लोगों को हड़काता रहता है। पुलिस ने तहरीर को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल का कहना है। कि मामले की जांच की जा रह है। ग्रामीण ने इस मामले की शिकायत चीफ विजिलेंस ऑफिसर यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया मुंबई से भी की है।

नवाब सिंह और नीलू पर लगेगा गैंगस्टर, जब्त होगी संपत्ति

"नवाब सिंह यादव और सह आरोपी नीलू यादव का आपराधिक इतिहास निकालकर गैंगचार्ट तैयार कर लिया गया है। इसे अनुमोदन के लिए डीएम के पास भेजा गया है। अनुमोदन मिलते ही गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

किशोरी दुष्कर्म कांड के मुख्य आरोपी नवाब सिंह यादव और उसके छोटे भाई नीलू यादव पर पहले से दर्ज मुकदमों के आधार पर जल्द ही गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी का अनुमोदन मिलते ही संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई भी शुरू होगा। एसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास निकाल कर गैंगचार्ट तैयार किया गया है। उसे अनुमोदन के लिए डीएम के पास भेजा गया है।

दुष्कर्म के मुख्य आरोपी नवाब सिंह यादव, सह आरोपी नीलू यादव और पीड़िता की बुआ के खिलाफ पुलिस ने 450 पन्नों का आरोप पत्र तैयार कर न्यायालय में दाखिल कर दिया है। शासकीय अधिवक्ता के मुताबिक विवेचक सदर कोतवाल कपिल दुबे द्वारा कोर्ट में प्रस्तुत किए गए आरोप पत्र का प्रसंज्ञान लेते हुए पॉक्सो कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 30 सितंबर निर्धारित कर दी है।

इसके बाद मुकदमे का ट्रायल शुरू हो जाएगा। वहीं, एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि आरोपी नवाब सिंह यादव और नीलू यादव पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं। दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाला गया तो कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। इन्हीं मुकदमों के आधार पर गैंगचार्ट तैयार कर उसे अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल के पास भेज दिया गया है। डीएम से अनुमोदन प्राप्त होते ही गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

जब्त की जाएगी संपत्ति

एसपी ने बताया कि दुष्कर्म कांड के आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई होगी। इसके बाद संपत्ति जब्तीकरण की तैयारी भी की जा रही है। दोनों की संपत्ति की जांच में मिली गड़बड़ियों को आधार बनाकर उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी। इसके लिए पुलिस ने तैयारी कर ली है। गैंगस्टर के साथ ही यह कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

नवाब पर 16 व नीलू पर 13 मुकदमे

पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव पर 16 संगीन मुकदमे दर्ज हैं तो नीलू यादव पर 13 मुकदमे हैं। इन्हीं मुकदमों को आधार बनाकर गैंगचार्ट तैयार किया गया है। एसपी ने बताया कि पीड़िता की बुआ पर भी एक मुकदमा दर्ज है, इसलिए उस पर गैंगस्टर की कार्रवाई नहीं बनती है। इस मामले में षड़यंत्र में शामिल होने के तहत उसे सह आरोपी बनाया गया है। कोर्ट में सशक्त पैरवी की जाएगी।

जेल से बाहर नहीं आ सका नीलू

नीलू यादव जमानत मिलने के बाद भी जेल से बाहर नहीं आ सका है। साक्ष्यों से छेड़छाड़ के आरोपी को पॉक्सो कोर्ट ने जमानत दे दी थी, लेकिन जानलेवा हमले के एक अन्माय मले में वांछित होने के कारण वह जेल से बाहर नहीं आ सका।

महंगी हो गई धनिया, दूध से महंगा टमाटर

सब्जियों के दाम प्रति किलो

	पहले	अब
आलू	25	30
प्याज	35	70
टमाटर	30	60
धनिया पत्ती	200	400
मिर्च	60	150
अरवी	40	70
करेला	30	60
तोरई	20	40
कद्दू	20	40
कंदुरू	40	60

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

तालग्राम। बारिश और बाढ़ का दंश सब्जियों को झेलना पड़ा। स्थिति यह हो गई कि हरी सब्जी लोगों की थाली से दूर हो गई है। चॉकलेट से महंगी धनियां हो गई तो दूध से भी अधिक दाम में टमाटर बिक रहा है। हरी मिर्च और धनिया के दाम सबसे अधिक बढ़े हैं। प्याज के दाम भी दोगुने हो गए। बारिश का असर सब्जियों की कीमतों पर पड़ा है।

गांव के बाजारों में 15 दिन के अंतराल में सब्जियों के दाम काफी बढ़ गए हैं।

टमाटर, नींबू, प्याज, मिर्च, धनिया अधिक महंगा हो गया है। सब्जियां महंगी होने के कारण आम जनता की जेब ढीली हो रही है। रसोई का बजट भी गड़बड़ा गया है। 25 से 30 रुपये किलो बिकने वाला टमाटर अब फुटकर में 70 से 80 रुपये प्रति किलो मिल रहा है। अरबी और तोरई भी महंगी हुई है।

सब्जी विक्रेता राकेश कुमार ने बताया कि सब्जियों के कीमतों में अभी और उछाल आ सकता है। महंगाई के चलते ग्राहक कम मात्रा में ही खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में दुकानदारों ने बताया कि लगातार बारिश हो रही है, जिस कारण कुंदरू, परवल, लौकी, तोरई, टमाटर, करेला, धनिया से लेकर अन्य फसलों को नुकसान हुआ है। कई जगह खेत पानी में डूब गए हैं। मंडी में सब्जी की आवक कम होने के साथ ही दाम में बढ़ोतरी हुई है।

पहले बनेगा 200 बेड का अस्पताल, फिर मेडिकल कॉलेज

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर। कागजी गड़बड़ी के चलते मेडिकल कॉलेज का मामला लटक गया है। अब शासन ने मेडिकल कॉलेज के स्थान पर पहले 200 बेड का अस्पताल खोले जाने का फैसला लिया है। इसके चलते मेडिकल कॉलेज के लिए चिह्नित की गई भूमि को चिकित्सा स्वास्थ्य के लिए स्थानांतरित कर दी गई है। इसके बाद मेडिकल कॉलेज बनेगा। लोनिवि बांदा ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। कुरारा क्षेत्र के रिठौरा डांडा में पीपीपी मॉडल से बनने वाले मेडिकल कॉलेज में फिलहाल विराम लग गया है। जिम्मेदारों का कहना है कि शासनादेश के मुताबिक उन्हीं जनपदों में मेडिकल कॉलेज खुलने रास्ता साफ हुआ है जहां 200 शैय्या के अस्पताल संचालित हैं। लेकिन जिले में अभी तक यह सुविधा लोगों को मुहैया नहीं हो सकी है। पूर्व में स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल कॉलेज के लिए 100 बेड के कागजात शासन स्तर को भेजे थे। साथ ही भूमि का चिन्हांकन कर उसको मेडिकल कॉलेज के नाम स्थानांतरित भी करा लिया। अब शासन ने पहले 200 बेड का अस्पताल बनाने का फैसला लिया है। इसके बाद ही मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिल सकेगी। जिसके लिए लोनिवि बांदा ने 200 बेड के अस्पताल का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है।

फंदे से लटकता मिला बस चालक का शव

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

इंदरगढ़ (तिर्वा)। गांव से करीब एक किलोमीटर दूर बाग में एक पेड़ पर बस चालक का शव लटकता मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के नई बस्ती गांव निवासी राकेश (55) प्राइवेट स्कूल की बस चलाते थे। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की रात राकेश बिना बताए घर से निकल गए थे। काफी देर तक जब वह वापस नहीं आए तो परिजनों ने उनकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

शनिवार की सुबह गांव से करीब एक किलोमीटर दूर बाग में रस्सी से राकेश का शव फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई और सभी मौके पर पहुंच गए। राकेश के परिवार में पत्नी के अलावा चार बेटी और तीन बेटे हैं। थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बिल्हौर थाना क्षेत्र के अलियापुर के गल्ला व्यापारी का चौथा दिन भी नहीं लगा सुराग

- पुलिस की टीमें आसपास इलाके में कर रही खोजबीन
- परिजन को सता रही अनहोनी की आशंका, कई आढ़तियों से भी ली जा रही जानकारी

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के कमसान पंचायत के माखनपुरवा गांव निवासी गल्ला व्यापारी राजवीर यादव गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। लापता हो जाने के चौथे दिन भी वह घर नहीं लौटे। पुलिस-परिजन लगातार उनकी खोजबीन में सक्रिय हैं। थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि लापता गल्ला व्यापारी राजवीर यादव का पता लगाने के लिए दो पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं, जो गंगा नदी के आसपास स्थित इलाकों में उनकी तालाश की जा रही है। गंगा तट के आसपास भी कई लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है। मोबाइल सर्विलांस, सीडीआर और अन्य लोकेशन की जानकारी के लिए भी काम किया जा रहा है, जल्द ही गायब आढ़ती को खोज निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि गंगा नदी का जलस्तर भी काफी बढ़ा हुआ है, इसके लिए सभी कोतवाली क्षेत्र के नदी किनारे गांवों के ग्रामीणों सहित शिवराजपुर, चौबेपुर, बिठूर पुलिस को भी मामले की सूचना दे दी गई है। परिजनों ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम रश्मि लंबा से भी गंगा तटवर्ती इलाके में खोजबीन कराने में सहयोग की मांग की थी जल्द ढुंढ़वाई में सहयोग कराया जाएगा।

एटीएम से छेड़छाड़ कर एक लाख चोरी

- सीसीटीवी में कैद हुए चोर, अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

हमीरपुर जिले के कस्बा सुमेरपुर में एटीएम से छेड़छाड़ कर रुपये चोरी करने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। हालांकि, अमर उजाला वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सीओ राजेश कमल ने बताया कि कस्बा सुमेरपुर मे लगे हिटैची एटीएम से चोरों के द्वारा एटीएम मशीन से छेडछाड़ कर करीब एक लाख के आसपास चोरी कर ली गई।

चोर मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना को अंजाम देते हुए दिखाई दे रहे है।

थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा जानकारी की गई, तो ज्ञात हुआ कि 19 सितंबर को समय करीब चार बजे एटीएम मशीन मे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पैसे निकासी वाले स्थान पर कोई लकड़ी जैसी वस्तु फंसा दी गई।

इस कारण ग्राहकों का पैसा एटीएम से बाहर नहीं आ रहा था और वह दोबारा लकड़ी जैसी वस्तु जो लगाया था।

उसे हटाकर व एटीएम मशीन में छेड़छाड़ कर पूरा पैसा एक साथ निकाल ले गया।

सीसीटीवी कैमरे व अन्य माध्यमों से अज्ञात चोर की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

वादी से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पुलिस द्वारा प्रकरण में अज्ञात चोरों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

मेडुआ उमाशंकर कोल्ड स्टोर के पास चार वाहन आपस में भिड़े एक की मौत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील के अरौल थाना अंतर्गत मिडुआ गांव के सामने उमाशंकर कोल्ड स्टोर के नजदीक दो ट्रक एक डीसीएम आपस में भिड़ जाने से आग लग गई जिसमें पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फायर विकेट और हाइड्रा की सहयोग से गाड़ियों को अलग किया और उसमें फंसे एक ड्राइवर को बाहर निकाला इसकी मौत हो चुकी थी और लगा जाम भी खुलवाया लगभग डेढ़ घंटे बाद जाता है बहाल हो सका। ट्रक नंबर क्क30ञ्ज 6802 तथा ट्रक नंबरह्रु 01ष्ठ 60 19 तथा ट्रक डंफर क्क 78 ष्टञ्ज सिटी 0858 तथा डीसीएम नंबर छ्रु 1 त्रश्व145 2 एक्सीडेंट हो जाने के कारण डीसीएम नंबर छ्रु 1त्रश्व 1452 जिसमें आग लगने से उसमें रखा प्लास्टिक के दाने व डीसीएम पूरी तरीके से जल गए हैं तथा ट्रक नंबर क्क 30ञ्ज 6820 के ड्राइवर दाऊद पुत्र दोसे निवासी मेलरा थाना पिहानी जिला हरदोई जो ट्रक में फंसा था उसे निकलवा कर सीएचसी बिल्हौर एंबुलेंस के माध्यम से भिजवा दिया गया है अरौल थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल ने बताया मौके पर यातायात सुचारु रूप से चल रहा है उक्त वाहन को क्रेन के माध्यम से थाना अरौल परिसर पर खड़ा कराया गया है। मृतक के परिजनों को सूचित कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शव को भिजवा दिया गया है प्रार्थना पत्र आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

रोडवेज कार्यालय में घुसकर दबंगों ने परिचालक को पीटा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

राठ। टिकट के बकाया रुपये मांगने पर यात्री का परिचालक से विवाद हो गया। इस पर यात्री ने अपने साथियों के साथ परिचालक की पिटाई कर दी। इससे हाथ में गंभीर चोट आई।

राठ डिपो में संविदा पर तैनात परिचालक युसूफ खान ने बताया कि शनिवार को कानपुर से राठ आ रहे थे। एक यात्री के रुपये बकाया होने पर उसे बस से उतरकर रुपये लेने की बात कही तो वह नाराज हो गया और बैग लेकर भागने लगा। जिसे लोगों ने दौड़कर पकड़ लिया।

आरोपी युवक ने अपने साथियों को बुलाकर मारपीट शुरू कर दी। बचने के लिए वह एसएसआई ऑफिस में घुस गए। जहां आरोपियों ने अंदर घुसकर मारपीट की। आरोप लगाया कि एसएसआई कक्ष का कंप्यूटर गिरा दिया, ट्यूबलाइट तोड़ दी। दबंगों ने परिचालक की टिकट मशीन छीन कर तोड़ दी। मारपीट होते देख भीड़ ने चार आरोपियों को मौके से दबोचकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

गैस रिसाव के बाद सिलेंडर में लगी आग

- प्रधान पत्नी सहित पांच झुलसे, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

हमीरपुर जिले में रविवार सुबह मुस्करा थाना क्षेत्र के भैसाय गांव में घरेलू गैस सिलेंडर रिसाव के कारण आग भड़क गई। इससे खाना बना रही ग्राम प्रधान की पत्नी समेत पांच लोग आग से बुरी तरह झुलस गए। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

मुस्करा थाना क्षेत्र के भैंसाय गांव निवासी दयाशंकर राजपूत प्रधान है। रविवार सुबह उनकी पत्नी रेखा घर पर खाना बनाने जा रही थी। बताया जाता है कि घरेलू गैस सिलेंडर से रिसाव हो रहा था जैसे ही रेखा (40) पत्नी दयाशंकर ने गैस चूल्हा जलाया तभी आग भड़क गई।

आग से रेखा बुरी तरह झुलस गई, जिसे बचाने के प्रयास में सत्येंद्र राजपूत (28), रेखा (26) पत्नी सत्येंद्र राजपूत और उनका पुत्र राजा (5), अमित राजपूत (25) भी आग से झुलस गए।

हादसे के बाद परिजनों और मोहल्ले वासियों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में झूलसे लोगों को सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया।

खतरे के निशान से 15 सेमी. ऊपर गंगा, बाढ़ के पानी में डूबकर युवक की मौत

- 113.150 मीटर पर स्थिर हुआ गंगा का जलस्तर
- 15 सेंटीमीटर खतरे के बिंदु से ऊपर अभी भी गंगा का जलस्तर
- 113 मीटर है खतरे का निशान
- गंजमुरादाबाद के 21 गांव भी पानी में डूबे
- परियर में तीन सौ परिवारों को दी गई राशन किट
- कटरी क्षेत्रों में अवागमन के लिए 80 नावें लगीं

"गंगा का जलस्तर स्थिर है। इससे अगले कुछ दिनों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कम होने की उम्मीद है। प्रशासन पूरी तरह से पीड़ितों की निगरानी में है। राहत किट का वितरण लगातार कराया जा रहा है। पीड़ितों के लिए बाढ़ राहत केंद्रों में भी पूरी व्यवस्था की गई है।

गौरांग राठी, जिलाधिकारी।

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

गंगा का जलस्तर शनिवार को तीन सेंटीमीटर बढ़कर 113.150 मीटर पर पहुंच गया। परियर क्षेत्र में पीड़ितों ने सड़क किनारे व राहत केंद्र में डेरा डाला है। बारासगवर के गांव मलुहाखेड़ा में युवक की बाढ़ के पानी में डूबकर मौत हो गई। कटरी क्षेत्र में हालात और बिगड़े हैं।

मलुहाखेड़ा निवासी धर्मवीर पुत्र दिनेश कुमार शनिवार सुबह लगभग 11 बजे खेत पर अपने बाबा बुद्धि लाल को नाश्ता देने जा रहा था। मलुहाखेडा करमी मार्ग पर बह रहे बाढ़ के पीने के बीच से निकलते समय उसका पैर फिसल गया और वह बाढ़ के पानी में गिर गया। सूचना पर पहुंचे लोगों ने धर्मवीर को निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पिता दिनेश कुमार दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं।

गढ़ेवा-डोमनपुरवा संपर्क मार्ग पर बनी पुलिया धंसी

तहसील क्षेत्र में गंगा का जलस्तर बढ़ने तथा कटान से हाहाकार मचा हुआ है। तहसील क्षेत्र के गांव दूलीखेड़ा, लालखेड़ा के दर्जनों मजरे टापू बन गए हैं। वहीं, जयराजमऊ के मजरे पसनियाखेड़ा, सीतारामखेड़ा तथा गंगानगर संतनगर तहसील मुख्यालय से कट गए हैं। जलस्तर बढ़ने से गढ़ेवा गांव के अंदर स्थित प्रसिद्ध रंगेश्वर मंदिर के सामने से गंगा की धारा बहने लगी है। इससे लोगों की समस्याएं बढ़ गई हैं। गांव के अंदर पानी घुस गया है। गढ़ेवा डोमन पुरवा संपर्क मार्ग पर बनी पुलिया धंस गई है। बाढ़ का पानी पाही, विभउरा, चंदनपुर के खेतों में भरने लगा है। एसडीएम रणवीर सिंह ने बताया कि जलस्तर बढ़ने से खेतों में खड़ी फसलों में पानी भर रहा है। लेखपाल व कानूनगो को निरंतर बाढ़ पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। दूलीखेड़ा में पांडु नदी पर बनाए गए पुल के ऊपर लगभग दो फीट पानी बहने लगा है।

परियर संवाद सहयोगी के मुताबिक, सदर तहसील क्षेत्र के गांव बेनीपुरवा, महानंदपुरवा, देवीपुरवा, ललतु पुरवा, कोलवा, टपरा, माना बंगला, बाबू बंगला, पनपथा, दनकुखेड़ा आदि गांव बाढ़ में पूरी तरह डूबे हुए हैं। यहां के लोगों ने परियर-बिठूर, बहरौला रोड व जानकीकुंड में पन्नी तानकर डेरा डाला है। मानाबंगला निवासी सुनीता ने बताया कि उनकी बकरी बाढ़ के पानी से निकलने के दौरान बीमार हो गई थी। इसकी सूचना पशु डाक्टर को दी लेकिन उन्होंने इलाज नहीं किया। इससे उसकी मौत हो गई। वहीं, पनपथा गांव में भी बीमारी के चलते दो बकरियां मर गईं।

शनिवार को तहसीलदार अविनाश चौधरी व लेखपाल दीपचंद्र, प्रदीप कमल आदि ने 300 परिवारों को राहत सामग्री दी। राशन बांटने के दौरान पनपथा के लोगों ने किसी को दो बार तो किसी को एक बार भी राशन न मिलने पर हंगामा हुआ। तहसीलदार ने समझाकर लोगों को शांत कराया।

गंजमुरादाबाद के 21 गांव भी पानी में डूबे

गंगा की तलहटी में बसे गहरपुरवा, बगिया, भटपुरवा, गढ़ेवा, भगवंतपुरवा, भुड्डा, सहिबापुर, गुल्हरिया, मितानपुरवा, रतईपुरवा, बदलीपुरवा, भिखारीपुर, पतसिया, रसूलपुर मझिगवां, कुंशी, मुन्नीपुरवा, मेला रामकुंवर, आलमऊसराय, दारापुर, दरियापुर, खैरहन गांव के चारों ओर पानी भर गया है। इन गांवों के खेतों में बोई गई मक्का, धान के अलावा तरोई, करेला की फसलें डूब गई हैं। इसके साथ ही ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम नम्रता सिंह ने बताया कि जिन गांवों में आवागमन ठप हो गया है वहां सहायता पहुंचाई जा रही है। नावों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। खासकर कटरी इलाके पर पैनी नजर रखी जा रही है। उधर, सांसद साक्षी महाराज ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी।

नावों से आवागमन कर रहे हैं लोग

क्षेत्र के इस्माइलपुर नौगवां, बरधाई, पंडितखेड़ा ,खानपुर बिचौली व सरहा आदि गांव भी बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। लोग नावों से आवागमन कर रहे हैं। सफीपुर में लोगों ने गहोली गांव पहुंच सड़क किनारे तंबू तान बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। अल्लीपुर, रामपुर, उडंकपुरवा आदि गांवों के लोग सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने की तैयारी में जुट गए हैं। गहोली-सनहा मार्ग पर भी पानी चार फिट ऊपर बहने लगा है।

स्टंट कर रहे युवकों की बाइक स्कूली वैन से भिड़ी, तीन जख्मी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव । अचलगंज। स्टंट कर रहे युवकों की बाइक स्कूली वैन से भिड़ गई। चालक व आगे की सीट पर बैठे दो बच्चे जख्मी हो गए। थानाक्षेत्र के आटा बंथर में संचालित सरस्वती विद्या मंदिर से बच्चे लेकर जा रही वैन के सामने शनिवार दोपहर अचानक बाइक आ गई। बाइक को आटा बंथर गांव निवासी अयान चला रहा था, जबकि वहीं का रहने वाला मुन्ना पीछे बैठा था। आसपास के लोगों के मुताबिक, युवक सड़क पर स्टंट करते हुए बाइक लहरा कर चला रहा था। अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक स्कूली वैन से जा भिड़ी। हादसे में वैन चालक मोनू व कक्षा छह का छात्र कुशाग्र व 12वीं की छात्रा कावेरी को चोटें आईं। युवक बाइक छोड़ कर भाग खड़े हुए। सूचना पर पहुंचे बच्चों के परिजनों व स्कूल प्रबंधन ने बच्चों व चालक का निजी अस्पताल में उपचार कराया। बाद परिजन बच्चों को कानपुर लेकर चले गए। सूचना पर पहुंची बदरका चौकी पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया।

अचानक सीएचसी पहुंचे सांसद, नहीं मिले डॉक्टर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

गंजमुरादाबाद। सांसद साक्षी महाराज ने शनिवार सुबह 8ः15 बजे आठ बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्हें केवल चिकित्सक डॉ. महेंद्र पटेल और फार्मासिस्ट सतीश मौर्या ही मौजूद मिले। उन्हें चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मंजेश सिंह के पिता के हरदोई के एक अस्पताल में भर्ती होने के कारण मौजूद न होने की जानकारी दी गई।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंदगी देख सांसद नाराज हुए और सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और दलालों पर अंकुश लगाने की चेतावनी दी। यहां प्रसव के लिए भर्ती महिला मरीजों से दवा इलाज की जानकारी ली। भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह ने एक प्रार्थना पत्र देकर चिकित्सालय में अव्यवस्था की शिकायत की।

चिकित्सक मरीजों और तीमारदारों से ठीक व्यवहार नहीं करते हैं। दलालों के माध्यम से गंभीर मरीजों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर उनका दोहन किया जाता है। रात में कोई चिकित्सक नहीं रुकता। भाजपा नेता रामनरेश कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष कैलाश शुक्ला, अर्जुन लाल दिवाकर, मधू तिवारी, रामसजीवन यादव और विजय निषाद आदि मौजूद रहे।

हरियाणा के चुनावी रण में योगी की दहाड़, कांग्रेस-बसपा, इनेलो व आप पर खूब बरसे यूपी के सीएम

कांग्रेस का ढांचा वैसे ही जर्जर हो चुका है, जैसे अयोध्या में बाबरी ढांचा: सीएम योगी

योगी आदित्यनाथ ने नरवाना से कृष्ण कुमार बेदी, राई से कृष्णा गहलावत व असंध विधानसभा क्षेत्र से योगेंद्र राणा के पक्ष में कमल खिलाने की अपील की

- कसा तंज, बच्चा पैदा बाद में होता था, पहले उन पर एयरपोर्ट व स्टेडियम का नाम रख देती थी कांग्रेस: योगी
- बांग्लादेश में हिंदू मारे-काटे जा रहे, लेकिन वोटबैंक के कारण कांग्रेस-इनेलो के मुख से नहीं निकल रहे शब्द: मुख्यमंत्री
- सीएम बोले- 2017 के पहले यूपी में होता था दंगा, अब दंगाई भी जानते हैं कि सात पुश्तों की कमाई जब्त कर गरीबों में कर दी जाएगी वितरित
- राहुल गांधी देश के बाहर भारत को अपमानित करने का कोई अवसर नहीं चूकते, सिखों को भी दी गाली: योगी
- कांग्रेस अंतिम सांस गिन रही है ऑक्सीजन दोगे तो सुरक्षा में सेंध लगाएगी: सीएम योगी
- असंध से जेजेपी उम्मीदवार ने सीएम योगी के समक्ष ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जींद/सोनीपत/करनाल

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हरियाणा के चुनावी दौरे पर पहुंचे। उन्होंने नरवाना, राई और असंध विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा की। योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों के बलबूते हरियाणा में तीसरी बार कमल खिलाने का आह्वान किया। कांग्रेस-इनेलो, बसपा व आम आदमी पार्टी उनके निशाने पर रही। कांग्रेस पर तंज कसते हुए सीएम योगी ने असंध में कहा कि कांग्रेस का ढांचा वैसे ही जर्जर हो चुका है, जैसे अयोध्या में बाबरी ढांचा। इसे ऑक्सीजन दोगे तो यह सुरक्षा में सेंध लगाएगी। सीएम कांग्रेस, इनेलो, आप और बसपा पर हमलावर रहे।

कांग्रेस व इनेलो ने किया भारत की आस्था का अपमान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली जनसभा नरवाना से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कृष्ण कुमार बेदी के पक्ष में हुई। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में पांच सौ वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और रामलला विराजमान हो चुके हैं। 1947 में आजादी के बाद पं. जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री बने थे। वे भी राम मंदिर बना सकते थे। उस समय विवाद भी इतना नहीं था। आजादी के तत्काल बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं हो पाया तो इसके जिम्मेदार सेक्युलरिज्म का लबादा जोड़ने वाले दल हैं। प्रभु राम के नाम से कांग्रेस व इनेलो को परेशानी होती थी। इनका प्रयास भारत की आस्था व महापुरुष का अपमान करना था। भाजपा ने विवाद समाप्त कराए और राम मंदिर का निर्माण कराया।

परिवारवाद में मस्त है कांग्रेस व इनेलो

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया। कांग्रेस व इनेलो परिवारवाद में मस्त हैं। यह कभी प्रभु श्रीराम-श्रीकृष्ण तो कभी आंबेडकर का अपमान करते हैं। सत्ता मिलने पर अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार, सुरक्षा में सेंध व दंगा कराते हैं। यही कारण है कि सबसे लंबे समय तक शासन करने के बावजूद कांग्रेस महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर नहीं, बल्कि अपने पूर्वजों के नाम पर विकास योजनाओं का नामकरण करती थी। बच्चा पैदा बाद में होता था, पहले उनके नाम पर एयरपोर्ट व स्टेडियम का नाम रख दिया जाता था। इनेलो का हरियाणा के बाहर कोई अस्तित्व नहीं है। इन्हें वोट देना बेकार है।

मंदिरों से भी पैसे लेते थे कांग्रेस व इनेलो वाले

सीएम ने कहा कि कांग्रेस व इनेलो को सत्ता मिली थी तो लूट धड़ल्ले से होती थी। यह लोग हिंदू मंदिरों से पैसा ले लेते थे। कोरोना में कांग्रेस व इनेलो के नेता गायब थे, लेकिन भाजपा का कार्यकर्ता %सेवा ही संगठन% के नारे संग सरकार के साथ मिलकर जनता की सेवा के लिए तत्पर था। सीएम योगी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बना, मां शबरी के नाम पर रसोई घर बने तो बाबा साहेब आंबेडकर के पंच तीर्थों का निर्माण किया गया।

कांग्रेस-इनेलो को वोट बैंक की चिंता, हिंदुओं की नहीं

सीएम योगी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हिंदू मारे-काटे जा रहे हैं। हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। इनके मुख से एक भी शब्द नहीं निकल रहा है। बांग्लादेश में जिन हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है, उनमें 90 फीसदी से अधिक दलित हैं। कांग्रेस को वोट बैंक की चिंता है, हिंदुओं की नहीं। चुनाव में कांग्रेस, इनेलो व निर्दलीय जाति के नाम पर आएंगे, लेकिन यह बिना पेंदी के लोटे हैं।

योगी की अपील-नायब सिंह सैनी की सरकार हो

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गहलावत के समर्थन में जनआशीर्वाद रैली की। सीएम ने रैली से पहले राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की अश्वारोही प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी की। बोले कि महाराणा प्रताप ने सबसे बड़ी विदेशी हुकुमतों को चुनौती दी थी। उनकी लड़ाई सत्ता की नहीं, बल्कि स्वाभिमान, स्वदेश व स्वधर्म की थी। सीएम ने महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व की चर्चा की। बोले कि मेवाड़ व चित्तौड़गढ़ के स्वाभिमान की रक्षा करते हुए उन्होंने स्वधर्म के लिए कार्य किया था। उन्होंने समाज को जोड़ा था। जहां भामाशाह-महाराणा प्रताप जैसे महावीर होंगे, उस देश का कोई बालबांका नहीं कर सकता है। यह चुनाव भी एक भारत, श्रेष्ठ भारत के पीएम मोदी के विजन को आगे बढ़ाने की लड़ाई है। आपने डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में बदले हरियाणा की तस्वीर को देखा होगा।

कांग्रेस ने नक्सलवाद-उग्रवाद को पनपाया

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस-इनेलो, आम आदमी पार्टी के एजेंडे में देश, आम नागरिक, गांव, नौजवान-किसान, महिलाएं नहीं हैं। इनका एजेंडा बांटो और राज करो का संकीर्ण एजेंडा है। कांग्रेस ने कश्मीर में धारा-370 लगाई थी। जनसंघ ने सबसे पहले इसके खिलाफ आवाज उठाई थी। पीएम मोदी ने धारा-370 हटाकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार किया। कांग्रेस का डीएनए है, जो आतंकवाद व नक्सलवाद को पनपाया है, लेकिन भाजपा उसका सफाया कर रही है। कांग्रेस को मुस्लिम वोट चाहिए, इसलिए धारा-370 नहीं हटाई। कांग्रेस क्षेत्र व भाषा के आधार पर देश का बांटने वाली पार्टी है।

इनेलो परिवारवाद और 'आप' जेल-बेल के चक्कर में पड़ी है

सीएम योगी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश के खिलाफ शत्रुता रखने वाली है, इनेलो परिवारवाद से जुड़ी है। आम आदमी पार्टी जेल और बेल के चक्कर में पड़ी है। वादाखिलाफी इनकी पहचान बन चुकी है तो दूसरी तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने सुरक्षा व समृद्धि का बेहतर कार्य करके दिखाया। कांग्रेस व इनेलो का भाई-भतीजावाद, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, वसूली किसी से छिपी नहीं है, लेकिन हरियाणा अब परिवारवाद-भ्रष्टाचार का नहीं, बल्कि मनोहर लाल खट्टर व नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास का केंद्र बिंदु बनकर उभरा है। देश में तीन खेल विश्वविद्यालय बन रहा है। एक हरियाणा और दूसरा यूपी में बन रही है।

कांग्रेस के समय चीन-पाकिस्तान हमारी सीमा में घुसते थे

सीएम ने कहा कि कुछ दिन पहले यहां का नौजवान सीमा पर शहीद हो गया था। देश की सुरक्षा के लिए हरियाणा का जवान जान की बाजी लगाता है। कांग्रेस के समय चीन-भारत हमारी सीमा में घुसते थे। आज उन्हें वे घुसेंगे तो पिटेंगे। भारत के बहादुर जवान पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए उनके आतंकी कैंप को नष्ट करते हैं। हरियाणा में अब जाति की नहीं, विकास, रोजगार, सुरक्षा, आवास, राशन, एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज की बात होती है। सीएम ने अपील की कि विकास की बहार हो, नायब सिंह सैनी की सरकार हो।

विदेशों में सिखों को गाली देते हैं राहुल गांधी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने तीसरी जनसभा में असंध विधानसभा क्षेत्र से योगेंद्र राणा को जिताने की अपील की। जेजेपी उम्मीदवार ने यहां सीएम योगी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सीएम योगी ने कहा कि हरियाणा के लिंगानुपात को देखकर पता चलता है कि कांग्रेस शासन में यहां बेटी-बहनों के साथ अत्याचार होता था। 2014 से पहले सबसे खराब स्थिति हरियाणा की थी, लेकिन आज 1000 पुरुषों पर 900 महिलाएं हैं। करनाल में हरियाणा की पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी खुल चुकी है। हरियाणा में खेल विश्वविद्यालय भी है।

स्वतंत्रता दिवस पर उल्फा-आई की असम को दहलाने की थी नापाक साजिश, अब तीन महिलाओं समेत 15 दबोचे गए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहटी

असम में प्रतिबंधित संगठन उल्फा-आई ने 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राज्य में 24 स्थानों पर बम लगाने का दावा किया था। बम की खबर मिलने के बाद राज्य में हड़कंप मच गया था। असम पुलिस ने अब इस मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन महिलाओं समेत कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। असम पुलिस के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी प्रणबज्योति गोस्वामी ने बताया कि बल ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की तकनीकी सहायता से राज्य के विभिन्न हिस्सों में अभियान को अंजाम दिया। उन्होंने आगे कहा कि इस संयुक्त छापेमारी से बड़ी कामयाबी हाथ लगी और शनिवार रात को तीन महिलाओं समेत 15 लोगों पर शिकंजा कसा गया।

यहां से किए गए गिरफ्तार

गोस्वामी ने कहा कि डिब्रूगढ़ और लखीमपुर जिलों से तीन-तीन, जोरहाट और गुवाहाटी से दो-दो और तिनसुकिया, सादिया, नगांव, नलबाड़ी और तामुलपुर से एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के बाद साजिश के बारे में और मिलेगी जानकारी

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान आईईडी जैसी सामग्री लगाए जाने की जांच में इसे एक बड़ी सफलता करार देते हुए असम पुलिस ने कहा कि एनआईए के साथ समन्वय में लंबे समय तक खुफिया जानकारी जुटाने के बाद छापे मारे गए। पुलिस ने आगे कहा कि पकड़े गए व्यक्तियों से प्रारंभिक पूछताछ के बाद अपराध सिद्ध करने वाले तथ्य सामने आए हैं। लंबी पूछताछ के बाद साजिश के बारे में और अधिक जानकारी मिलने की उम्मीद है।

विफलता के कारण नहीं फटे थे विस्फोटक

यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा-इंडिपेंडेंट) की ओर से मीडिया घरानों को एक ईमेल भेजा गया था। इसमें आतंकी संगठन ने कहा था कि विस्फोट 15 अगस्त को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच होने थे, लेकिन बम तकनीकी विफलता के कारण नहीं फटे। इसने 19 विस्फोटों की सही जगह की पहचान करने वाली एक सूची दी थी। साथ ही कहा था कि पांच और विस्फोटकों के स्थानों का पता नहीं लगाया जा सका है। अधिकारी ने बमों को निष्क्रिय करने में जनता का सहयोग मांगा था। गुवाहाटी में दो आईईडी जैसे उपकरण बरामद किए गए थे। वहीं, असम में बम जैसे कुल 10 पदार्थ जब्त किए गए थे।

पांच लाख रुपये का किया था एलान

इससे पहले, शिवसागर जिले से चार लोगों को इस मामले में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वहीं, पुलिस ने मामले में शामिल लोगों की पहचान करने वाली विश्वसनीय जानकारी के लिए पांच लाख रुपये तक के नकद इनाम की घोषणा की थी। पुलिस ने लखीमपुर में पूछताछ के लिए एक नाबालिग को गिरफ्तार किया।

चिंताजनक: वायु प्रदूषण-गर्मी से बढ़े ब्रेन स्ट्रोक के मामले, दुनिया में ऐसे लोगों की संख्या 1.19 करोड़ पहुंची



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पहली बार वायु प्रदूषण को ब्रेन स्ट्रोक का जिम्मेदार पाया गया है। लैंसेट में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, दुनियाभर में स्ट्रोक या आघात लगने से और उससे संबंधित मौतों की घटनाएं काफी बढ़ रही हैं। इसके लिए वायु प्रदूषण, अधिक तापमान, उच्च रक्तचाप और शारीरिक निष्क्रियता जैसे चयापचय संबंधी खतरे जिम्मेदार हैं। स्ट्रोक के कारण स्वास्थ्य का खराब होना और समय से पहले मृत्यु में भयंकर गर्मी की भूमिका 1990 के बाद से 72 फीसदी बढ़ गई है और भविष्य में इसके और अधिक बढ़ने के आसार हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज, इंजरीज एंड रिस्क फैक्टर्स स्टडी (जीबीडी) टीम के शोधकर्ताओं के अनुसार, पहली बार पाया गया कि पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) यानी वायु प्रदूषण मस्तिष्क रक्तस्राव के लिए धूम्रपान जितना ही घातक है। जीबीडी के अध्ययन में विभिन्न जगहों और समय के साथ स्वास्थ्य को होने वाली हानि को मापने का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक प्रयास किया गया।

34 वर्षों के दौरान मौतों में दर्ज की गई 44 फीसदी की वृद्धि

दुनियाभर में पहली बार स्ट्रोक वाले लोगों की संख्या 2021 में बढ़कर 1.19 करोड़ हो गई, जो 1990 से 70 फीसदी अधिक है, जबकि स्ट्रोक से संबंधित मौतें बढ़कर 73 लाख हो गईं। यह संख्या 1990 से 44 फीसदी अधिक है। इस प्रकार इस्केमिक हृदय रोग या हृदय को खून की कम आपूर्ति और कोविड-19 के बाद न्यूरोलॉजिकल समस्या मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण बन गई है। स्ट्रोक से प्रभावित तीन चौथाई से अधिक लोग कम और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं।

अच्छे खानपान से सुधार सकते हैं स्वास्थ्य

शोधकर्ताओं ने खराब आहार व धूम्रपान से जुड़े खतरों से दुनियाभर में स्ट्रोक के मामलों को कम करने में हुई प्रगति को भी स्वीकार किया। उन्होंने पाया कि प्रसंस्कृत मांस कम खाने की वजह से खराब स्वास्थ्य वाले लोगों की संख्या में 40 प्रतिशत की कमी आई। इसी तरह ज्यादा हरी सब्जी सेवन करने वाले 30 प्रतिशत लोगों की सेहत सुधरी।

संसद को अंधेरे कमरों में तब्दील किया जा रहा

स्थायी समिति के गठन में देरी पर टीएमसी नेता का केंद्र पर तंज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता डेरेक ओब्रायन ने आरोप लगाया कि 18वीं लोकसभा के गठन के 100 दिन पूरे होने के बाद भी संसदीय स्थायी समितियों का गठन नहीं हो पाया। उन्होंने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि संसद को अब अंधेरे कमरे के रूप में तब्दील किया जा रहा है। बता दें कि इससे पहले 11 सितंबर को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि संसदीय स्थायी समितियों और सलाकार समितियों का गठन जल्द किया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए टीएमसी नेता डेरेक ओब्रायन ने बताया कि 15 वीं लोकसभा में 10 में से सात विधेयक संसद की विभाग संबंधित स्थायी समितियों को भेजे गए थे। पिछली लोकसभा में 10 में से केवल दो ही विधेयकों की जांच हुई थी। उन्होंने आगे कहा, संसद को एक अंधेरे कमरे में तब्दील किया जा रहा है। थिंक-टैंक पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च द्वारा जारी डाटा के अनुसार, 17वीं लोकसभा में 16 फीसदी विधेयक स्थायी समितियों को भेजे गए थे। विधेयकों पर लगभग 50 फीसदी रिपोर्ट 115 दिनों के भीतर जारी किए गए थे। विधेयकों पर रिपोर्ट बनाने के लिए स्थायी समितियों ने औसतन नौ बैठकें कीं। डाटा संरक्षण विधेयक के अलावा जैविक विविधता (संशोधन) विधेयक 2021 पर कम से कम 15 बैठकों में चर्चा हुई। आपराधिक कानूनों में सुधार के लिए तीन विधेयकों की 12 बैठकों में एक साथ जांच की गई। 16वीं लोकसभा में 28 फीसदी विधेयक स्थायी समितियों के पास भेजे गए, जबकि 15वीं लोकसभा में 71 फीसदी विधेयक पैनल के भेजे गए थे। अधिकांश स्थायी समिति लोकसभा के अंतर्गत आते हैं, जबकि कुछ समितियों को राज्यसभा की तरफ से सेवा दी जाती है।

पांच साल में तिरुमाला में हुए अपवित्र काम: सीएम नायडू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अमरावती



आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध मंदिर तिरुपति बालाजी के लड्डुओं के घी में पशु वसा के कथित इस्तेमाल को लेकर खड़ा हुए विवाद के बीच सीएम चंद्रबाबू नायडू ने पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि तिरुमाला मंदिर में बीते पांच साल में कई अपवित्र काम हुए। इसका भक्तों ने विरोध भी किया। उन्होंने कहा कि देश भर में हजारों हिंदू भक्त तिरुमाला को सबसे दिव्य और पवित्र मानते हैं। भगवान बालाजी प्रिय देवताओं में से एक हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां सभी प्रार्थनाएं सुनी जाएंगी। एक बार जब मैं वहां प्रसाद चढ़ाने गया तो मुझ पर हमला हुआ। यह चमत्कार था कि भगवान ने मुझे बचा लिया, नहीं तो मैं बच नहीं पाता। उन्होंने कहा कि अब तिरुमाला में दिए जाने वाले लड्डू प्रसाद और भोजन शुद्ध सामग्री से बनाए जाते हैं। इसका बहुत ही खास स्वाद है। पहले जब मैं सीएम था, मैंने रामदेव बाबा को बुलाया था और हमने मंदिर के चारों ओर कई आयुर्वेदिक पौधे लगाए थे। आंध्र में जून में सत्ता परिवर्तन हुआ था। जिसके बाद चंद्रबाबू नायडू की पार्टी सत्ता में वापस आई है। मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद चंद्रबाबू नायडू ने मंदिर के लड्डुओं में मिलावट की आशंका जाहिर की थी। जिसके बाद मंदिर प्रशासन ने सप्लाई किए गए घी के सैंपल लेकर जांच के लिए गुजरात स्थित डेयरी विकास बोर्ड की लैब सेंटर ऑफ एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइव स्टॉक एंड फूड भेजे थे। जिसके बाद लैब की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे हुए। एनडीडीबी लैब की रिपोर्ट से पता चला कि शुद्ध घी में शुद्ध दूध में वसा की मात्रा 95.68 से लेकर 104.32 तक होना चाहिए था। लेकिन सैंपल्स में मिल्क फैट की वेल्यू 20 ही पाई गई थी। जिससे इस मिलावटी घी के बारे में खुलासा हुआ। जिसके बाद बड़ा विवाद उठ खड़ा हुआ। लैब की रिपोर्ट के मुताबिक इन सैंपल में सोयाबीन, सूरजमुखी, जैतून का तेल, गेंहू, मक्का, कॉटन सीड, मछली का तेल, नारियल, पाम ऑयल, बीफ टैलो, लार्ड जैसे तत्व पाए गए हैं।

नेहरू के निजी खत प्रधानमंत्री संग्रहालय को सौंपें सोनिया गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसायटी के सदस्य रिजवान कादरी ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के निजी खत संग्रहालय को सौंपने की मांग की है.. ताकि शोधार्थियों को इतिहास का गहन अध्ययन करने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि इन पत्रों को डिजिटलाइज करने के बाद लौटा दिया जाएगा। 9 सितंबर को लिखे इस पत्र में 56 वर्षीय इतिहास के प्रोफेसर कादरी ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू और उनके पिता पंडित मोतीलाल नेहरू ने अपने योगदान के महत्वपूर्ण अभिलेख छोड़े हैं, जो सौभाग्य से पीएमएमएल में संरक्षित हैं। मुझे बताया गया कि सोनिया गांधी के कार्यालय ने नेहरू के 51 बक्से वापस ले लिए थे। इनमें प्रथम प्रधानमंत्री के निजी खत रखे जाते थे। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि ऐसा इन अमूल्य धरोहरों की सुरक्षा के लिए सद्भावनापूर्वक किया गया होगा।

गाजा में स्कूल पर इस्राइली हवाई हमले में सात की मौत, कहा, हमास ने बना रखा था ठिकाना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गाजा सिटी

इस्राइल के हवाई हमले में गाजा सिटी में एक स्कूल में सात लोगों की मौत हो गई। ये लोग जान बचाने के लिए स्कूल में शरण लेकर रह रहे थे। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, इस्राइली सेना ने कहा कि उसने स्कूल परिसर से अभियान चला रहे आतंकवादियों को निशाना बनाया है। अधिकारियों ने बताया कि यह हमला रविवार को सुबह 11 बजे के करीब कफर कासेम स्कूल पर हुआ। मारे गए लोगों में हमास के सार्वजनिक कार्य और आवास मंत्रालय के निदेशक माजेद सालिह भी शामिल हैं। इस्राइल रक्षा बल (आईडीए) का कहना है कि इस हमले का लक्ष्य हमास के आतंकवादी थे और उन्होंने नागरिकों को कम नुकसान पहुंचे, इसके लिए हवाई निगरानी और अन्य उपाय किए। हमास ने हमेशा की तरह इस्राइल के दावों को खारिज किया कि वह अस्पतालों और अन्य सरकारी भवनों का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए कर रहा था। वहीं, हमास की सशस्त्र शाखा ने कहा कि उसके लड़ाकों ने इस्राइली बलों पर कई हमले किए हैं। इस बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी दी कि जरूरी स्पेयर पार्ट्स और ईंधन में कमी के कारण सभी अस्पतालों की सेवाएं दस दिनों के भीतर बंद हो सकती हैं। गाजा पट्टी के मध्य शहर दीर अल-बलाह में विस्थापित एक महिला अया ने कहा, भारी बारिश के कारण अस्थायी शिविरों में भी बाढ़ आ गई है। अगर बारिश पूरे दिन होती है, तो पता नहीं आगे क्या होगा? हमारे तंबू पहले से ही पुराने हैं। हम नए तंबू नहीं चाहते। हम बस युद्ध खत्म करना चाहते हैं। दीर अल-बलाह में करीब दस लाख लोग शरण लिए हुए हैं। यूएनआरडब्ल्यूए की संचार निदेशक जुलिएट तौमा ने कहा कि सर्दियां आने वाली हैं और लोगों को मदद के लिए अधिक आश्रय और सामग्री की जरूरत है। इस्राइल और हमास के बीच पिछले साल सात अक्तूबर के बाद से युद्ध जारी है। सात अक्तूबर को हमास ने इस्राइल पर हमला किया था। जिसमें करीब 1200 लोग मारे गए थे। इसके बाद इस्राइल के हमलों में अब तक 41,300 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

पंजाब सरकार में बड़े फेर बदल की तैयारी, चार मंत्रियों की छुट्टी तय, पांच नए चेहरे होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़। पंजाब सरकार में बड़े फेरबदल की तैयारी है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक पंजाब कैबिनेट में सोमवार को बदलाव होगा। माना जा रहा है कि भगवंत मान अपने चार मंत्रियों की छुट्टी करेंगे और पांच नए चेहरों को कैबिनेट में शामिल करेंगे। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक पांचों नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण भी सोमवार को ही हो जाएगा। सरकार ने इसके लिए गवर्नर हाउस से अनुमति मांगी है। फिलहाल इस बारे में आम आदमी पार्टी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है और न ही नए मंत्रियों के बारे में कोई जानकारी सामने आई है लेकिन ये फेरबदल काफी समय तय माना जा रहा था। क्योंकि बरनाला के विधायक गुरमीत सिंह मीर हेयर बीते लोकसभा चुनाव में जीतने के बाद सांसद बन चुके हैं। उनके इस्तीफे के बाद कई विभाग खाली पड़े थे। ऐसे में नए चेहरों को शामिल करना अनिवार्य हो गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)